दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
झांसी ■ मंगलवार 15 अप्रैल 2025 ■ वर्ष -18 ■ अंक-275 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹04

**सुविचार**

खुद को एक सोने के सिक्के जैसा बनाइये, जो कि अगर नाली में भी गिर जाए तो भी उसकी कीमत कम नहीं होती है...!!

## ब्रीफ न्यूज

### सलमान को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** बॉलीवुड भाईजान सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार मुंबई के वर्ली परिवहन विभाग के व्हाट्सएप नंबर पर धमकी भरा संदेश भेजा गया है। इसमें सलमान घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी गई है। साथ ही उनकी कार को बम से उड़ाने की भी धमकी दी है। घटना के बाद वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। संदेश कहां और कैसे भेजा गया? इसकी जांच भी शुरू कर दी गई है।

### मेहुल गिरफ्तार, भारत ने किया प्रत्यर्पण का अनुरोध

**नई दिल्ली।** पीएनबी घोटाले मामले में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। बेल्जियम की संघीय लोक सेवा ने सोमवार को पुष्टि करते हुए कहा कि भगोड़े भारतीय व्यवसायी मेहुल चोकसी को 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में उसे हिरासत में रखा गया है। वह स्विट्जरलैंड भागने की कोशिश कर रहा था। मेहुल की पत्नी प्रीति बेल्जियम की नागरिक है। बेल्जियम का कहना है कि भारत ने उसके प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध किया है। मेहुल ने बेल्जियम में निवास कार्ड पाने के लिए जाली दस्तावेज जमा किए। उसने यह भी छिपाया कि वह भारत और एंटीगुआ का नागरिक है।

### सऊदी अरब ने दिया झटका प्राइवेट हज कोटा घटाया

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब ने पिछले दो हफ्ते के अंदर तीसरा बड़ा झटका दिया है। पहले भारत समेत 14 देशों पर अस्थाई रूप से वीजा पर बैन लगा दिया था। उसके बाद पिछले हफ्ते उन विदेशियों को 29 अप्रैल तक देश छोड़ने का फरमान सुनाया था, जो उमराह करने वैध वीजा लेकर सऊदी अरब पहुंचे थे। अमूमन लोग अवैध तरीके से लंबी अवधि तक वहां ठहर जाते थे ताकि हज करके लौटें। अब मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सऊदी अरब सरकार ने एक और सख्त कदम उठाते हुए भारत के प्राइवेट हज कोटे में 80 फीसदी तक की कटौती कर दी है।

### साउथ के सुपरस्टार ने किया वक्फ बिल का विरोध

**नई दिल्ली।** संसद में वक्फ संशोधन बिल 2025 को मंजूरी मिलने के बाद 8 अप्रैल से ये कानून देशभर में लागू हो गया है। इसको लेकर कई जगहों पर विरोध भी हो रहा है। इसी बीच अभिनेता से नेता बने, टीवीके पार्टी के अध्यक्ष और साउथ के सुपरस्टार थलापति विजय इस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। विजय ने वक्फ एक्ट को मुस्लिम विरोधी बताया था। उन्होंने कहा कि इस बिल ने एक बार फिर संविधान की गरिमा और सेक्युलर भारतीय लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी ने यमुनानगर में कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास, महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट का किया उद्घाटन**

# जल्द चप्पल पहनने वाले लोग भी हवाई जहाज में बैठ सकेंगे

- अब किसानों को नहर के पानी पर टैक्स नहीं देना पड़ेगा
- हरियाणा सरकार ने अंग्रेजों के जमाने का कानून किया खत्म

**एजेंसी ■ हिसार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को हरियाणा दौरे पर पहुंचे थे। पीएम मोदी ने हिसार जिले में पहुंचकर महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट का उद्घाटन किया और हिसार से अयोध्या के लिए रवाना होने वाली पहली फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई। साथ ही पीएम ने एयरपोर्ट के टर्मिनल का शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम ने वादा करते हुए कहा कि बहुत जल्द चप्पल पहनने वाले लोग भी हवाई जहाज में बैठ सकेंगे। हिसार में जनसभा को संबोधित करने के बाद पीएम मोदी यमुनानगर पहुंचे, जहां पर उन्होंने 800 मेगावाट के थर्मल प्लांट की यूनिट और कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास किया। इसके अलावा मंच से ही रिमोट का बटन दबाकर वर्चुअल तरीके से रेवाड़ी बाईपास का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकांड अंग्रेजों की क्रूरता के लिए जाना जाता है। पीएम ने कहा कि शंकरन नायर की तरीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अकेले ही पूरे ब्रिटिश साम्राज्य को हिलाकर रख दिया। पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा की गाड़ी विकास के पथ पर दौड़ रही है। वहीं, कांग्रेस शासित राज्यों में जनता के साथ धोखा हो रहा है। पीएम ने कहा कि हरियाणा के पड़ोसी राज्य हिमाचल लोग कितने ज्यादा परेशान हैं, इसके अलावा कर्नाटक में जनता महंगाई से जूझ रही है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार तेलंगाना में जनता से किए गए अपने सारे वादे भूल गई है।



### पीएम ने बाबा साहेब अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

पीएम मोदी ने यमुनानगर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं उस भूमि को नमन करता हूं जहां देवी सरस्वती का प्रादुर्भाव हुआ, जहां देवी मंत्र का वास है, जहां पंचमुखी हनुमान जी की पूजा होती है, जहां कपाल मोचन साहिब का आशीर्वाद प्राप्त होता है और जहां संस्कृति, आस्था और समर्पण का संगम प्रवाहित होता है। पीएम मोदी ने सभी देशवासियों को बाबासाहेब अंबेडकर की 135वीं जयंती शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब का विजन और उनकी प्रेरणा हमें विकसित भारत की यात्रा पर मार्गदर्शन करती रहेगी।

### पीएम मोदी ने रामपाल को पहनाए जूते

रामपाल कश्यप हरियाणा के ही कैथल जिले के निवासी हैं। उन्होंने 14 साल पहले कसम खाई थी कि जब तक नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री नहीं बन जाते, और जब तक व खुद पीएम मोदी से नहीं मिल लेते, तब तक जूते नहीं पहनेंगे। सोमवार प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे मुलाकात की और उन्हें अपने हाथों से जूते पहनाए।

पीएम मोदी ने खुद ट्वीट कर इसके बारे में जानकारी दी है। उन्होंने लिखा-मैं रामपाल जी जैसे लोगों के प्रति नतमस्तक हूं और उनके स्नेह को भी स्वीकार करता हूं, लेकिन मैं ऐसे सभी लोगों से अनुरोध करना



चाहता हूं जो ऐसी शपथ लेते हैं - मैं आपके प्यार की कद्र करता हूं...कृपया किसी ऐसे काम पर ध्यान दें जो सामाजिक कार्य और राष्ट्र निर्माण से जुड़ा हो।

**उद्योग संगठन फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में सीएम योगी बोले**

# कानून का शासन, आपको वचन दिया है तो पालन भी करेंगे

**कहा-सरकार लेगी निवेश की गारंटी**

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उद्योग संगठन फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश के सबसे बड़े राज्य और उपभोक्ता व श्रम बाजार में उद्यमियों का स्वागत है। निवेश के लिए सबसे पसंदीदा राज्य में तब्दील यूपी में देशभर के उद्योगपतियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि आज पूरे राज्य में कानून का शासन (रूल ऑफ लॉ) स्थापित है। यूपी ऐसा राज्य है जहां सरकार ने उनकी पूंजी और निवेश की गारंटी ली है। उन्होंने कहा कि केवल घोषणाएं नहीं करते बल्कि जो वचन दिया है, उसका पालन भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में अराजकता, गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार के कारण लोग अपनी पहचान छिपाने को मजबूर थे। आज प्रदेश में गंदगी, अव्यवस्था, अराजकता और दंगा नहीं दिखता। यूपी में सबसे ज्यादा माइक का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें उतारकर धर्मस्थलों से अनावश्यक शोर खत्म किया गया। कहा कि धर्म और पर्व के नाम पर सड़कें जाम होती थीं। प्रतिस्पर्धा की होड़ में एक पक्ष कहता था कि धर्मस्थल के अंदर जगह है लेकिन सड़क पर ही नमाज अदा करेंगे। जवाब में दूसरा पक्ष कहता था कि हनुमान चालीसा सड़क पर करेंगे। उन्हें भी अनुमति नहीं दी। हमने कहा कि सड़क चलने के लिए है। सड़क पर जाम लगेगा तो हर्जाना भरना पड़ेगा।




### सात दिन में हो रहा गन्ना किसानों का भुगतान

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास पर जोर देते हुए कहा कि पहले राज्य की पहचान खराब सड़कों और अंधेरे से थी लेकिन आज उत्तर प्रदेश के पास देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे नेटवर्क, मेट्रो रेल, रेल नेटवर्क और जलमार्ग है। राज्य में चार लाख किलोमीटर का नेशनल हाईवे नेटवर्क, 16 कार्यशील हवाई अड्डे (चार अंतरराष्ट्रीय और 12 घरेलू) हैं और एशिया का सबसे बड़ा जेवर हवाई अड्डा निर्माणाधीन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 122 चीनी मिलों में से 105 मिलें अधिकतम सात दिन में गन्ना किसानों का भुगतान कर रही हैं। वर्ष 2017 में जब सैमसंग और टीसीएस जैसी कंपनियां उत्तर प्रदेश छोड़ने को तैयार थीं, तब सरकार ने उन्हें विश्वास दिलाया . आज तो 15 लाख करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतर चुका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले की बकाया प्रोत्साहन राशि भी उन्होंने उद्यमियों को दी है। उनकी पूंजी की सुरक्षा का जो वचन दिया है, उसका पालन हम जरूर करेंगे। उद्यमियों के अनावश्यक उत्पीड़न को समाप्त करने का उदाहरण साझा करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में मुंबई में एक उद्यमी ने उनसे सुरक्षा की गारंटी मांगी थी। उस उद्यमी ने बाद में 4 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया और 2023 में उत्तर प्रदेश को निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बताया।

आज पर्वों पर सड़कें खाली रहती हैं। यही है कानून का शासन, जिसे यूपी में लागू किया है। उन्होंने महाकुंभ के उदाहरण से समझाया कि 2017 से पहले कुंभ में गंदगी और अव्यवस्था थी, लेकिन इस बार स्वच्छता और सुव्यवस्था ने सबका ध्यान खींचा। पुलिस भर्तियों में पारदर्शिता लाई गई और 60 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को नौकरी दी गई। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता के समय उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत के बराबर थी, लेकिन धीरे-धीरे यह घटकर एक तिहाई रह गई। पिछले आठ वर्षों में राज्य सकल घरेलू उत्पाद और प्रति व्यक्ति आय दोगुना हो चुकी है। यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। फिक्की अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने महाकुंभ और अयोध्या के कायाकल्प को प्रदेश में आए ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक बताया। फिक्की के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनंत गोयनका ने प्रदेश में हुए परिवर्तन की सराहना की और कहा कि वर्ष 2017 से उत्तर प्रदेश निवेश के लिए देश का सबसे आकर्षक राज्य बन गया है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और फिक्की की डायरेक्टर जनरल ज्योति विज सहित देशभर के उद्यमी उपस्थित थे।

**मुर्शिदाबाद हिंसा**

# अब तक सैकड़ों उपद्रवी गिरफ्तार, घर लौटे कई परिवार

### हालात तनावपूर्ण, खुलने लगी दुकानें व प्रतिष्ठान

**एजेंसी ■ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ हिंसा जारी है। इसके बाद अब हालात को कंट्रोल करने की कोशिश की जा रही है। बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तारियों की कुल संख्या 200 को पार कर गई है, राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस सिलसिले में सोमवार को यह जानकारी दी। भांगर, मिनाखा, संदेशखली और ढाका से आईएसएफ कार्यकर्ता और स्थानीय लोग विरोध प्रदर्शन के लिए रामलीला मैदान जा रहे थे। रोके जाने पर प्रदर्शनकारियों ने पुलिस को घेर लिया। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

राज्य पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक जावेद शमीम ने इस बात की पुष्टि की है कि इस मामले में गिरफ्तारियां 200 से अधिक हो गई हैं। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में अशांत इलाकों में स्थिति अब सामान्य है। उन्होंने कहा कि अशांत इलाकों में लगातार मार्च किए जा रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है। दुकानें और प्रतिष्ठान खुलने लगे हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों के कुछ निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा स्थिति के बारे में अफवाह फैलाने की कोशिश की जा रही है और अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए फिलहाल कुछ इलाकों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विस्थापितों की उनके घरों तक वापसी सुनिश्चित करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अब तक 19 परिवार अपने घर लौट आए हैं।



### दक्षिण 24 परगना में हिंसा?

इस बीच, सोमवार दोपहर पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के अल्पसंख्यक बहुल भांगर विधानसभा क्षेत्र में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। पुलिस और भांगर के ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट के समर्थकों के बीच झड़प हो गई, जब उन्हें कोलकाता में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ अपने विरोध प्रदर्शन स्थल पर जाने से रोक दिया गया।

# 25 हजार की गई नौकरी, बंगाल शिक्षक हुए दिल्ली रवाना

**सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा था यह भर्ती दागी**

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल के 25 हजार से ज्यादा शिक्षक एवं अन्य स्टाफ की नौकरी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से चली गई है। इसे लेकर तीखा विरोध हो रहा है और सीएम ममता बनर्जी का भी कहना है कि वह इस फैसले को स्वीकार नहीं करेंगी। उन्होंने कहा था कि वह उच्चतम न्यायालय के फैसले का सम्मान करती हैं, लेकिन किसी टीचर की नौकरी नहीं जाने देंगी। इस बीच बेरोजगार हुए शिक्षकों का एक वर्ग दिल्ली रवाना हुआ है।





टीचरों का कहना है कि हम दिल्ली तक आवाज पहुंचाना चाहते हैं। शिक्षकों की योजना 16 अप्रैल को राष्ट्रीय राजधानी के जंतर मंतर पर धरना देने की है। डिजर्विंग टीचर्स राइट्स फोरम के प्रवक्ता महबूब मंडल ने कहा कि शीर्ष अदालत के तीन अप्रैल के आदेश के बाद नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों में शामिल 70 लोग दो बसों में सवार होकर कोलकाता के एस्प्लेनेड क्षेत्र से रवाना हुए। उच्चतम न्यायालय ने 26,000 शिक्षकों और गैर-शिक्षकों की भर्ती को रद्द कर दिया था। मंडल ने कहा, हमारा विरोध उन योग्य शिक्षकों को निकालने के खिलाफ है जिन्होंने 2016 में एसएससी की भर्ती परीक्षा योग्यता के आधार पर पास की थी। इसके बावजूद हमें उन लोगों के साथ अनुचित रूप से जोड़ दिया गया, जो भ्रष्टाचार में शामिल हैं।

# हर दिन 10 घंटे हो रही है पूछताछ जांच में कर रहा सहयोग

**राणा ने अब तक भोजन के लिए कोई विशेष मांग नहीं की**

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारी रोजाना आठ से दस घंटे पूछताछ कर रहे हैं ताकि इस हमले के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके। राणा को पिछले सप्ताह अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लगाया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एनआईए के अधिकारी राणा की मेडिकल जांच सुनिश्चित कर रहे हैं और उसे उसके वकील से मिलने की भी इजाजत दी जा रही है। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार सुबह उसे अमेरिका से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद जांच एजेंसी को 18 दिनों की हिरासत में सौंप दिया था। सूत्रों ने बताया कि एनआईए जांचकर्ताओं द्वारा राणा से प्रतिदिन लगभग आठ से दस घंटे तक पूछताछ की जा रही है, ताकि 2008 में लश्कर-ए-तैयबा द्वारा किए गए कायराना हमलों के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके। इस हमले में 166 लोग मारे गए थे और 238 से अधिक लोग घायल हुए थे। एक सूत्र ने बताया, पूछताछ के दौरान राणा सहयोग कर रहा है। राणा ने अब तक केवल तीन चीजें मांगी हैं-एक कलम, कागज की शीट या नोटपैड और कुरआन। जो एनआईए की ओर से उसे मुहैया करा दिए हैं। राणा ने अब तक भोजन से संबंधित कोई विशेष मांग नहीं की है और उसे बनाए गए मानक प्रोटोकॉल के अनुसार वही खाना दिया जा रहा है। राणा को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में एजेंसी के मुख्यालय के अंदर एक उच्च-सुरक्षा सेल में रखा गया है और चौबीसों घंटे सुरक्षाकर्मी उसकी सुरक्षा में तैनात रहते हैं।




**खबरदार** — सरकार ने जारी की नई गाइडलाइन, सभी राज्यों में ऑनलाइन सिस्टम होंगे शुरू

# अब ट्रैफिक नियम तोड़ने पर फोटो से नहीं, वीडियो से बनेगा चालान

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

अब ट्रैफिक नियम तोड़ने पर चालान सिर्फ फोटो से नहीं, बल्कि वीडियो सबूत से होगा। केंद्र सरकार ने एक नया स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी किया है, जिसके तहत ट्रैफिक नियमों की निगरानी ऑटोमैटिक कैमरों से की जाएगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह एसओपी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में पेश किया है, जिसका मकसद सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और ट्रैफिक सिस्टम को ज्यादा सख्त और पारदर्शी बनाना है। एसओपी में वीडियो साक्ष्य रिकॉर्ड करने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है, यहां तक कि 200 किमी प्रति घंटा तक की रफ्तार पर भी। यह पहल सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के जवाब में की गई है जिसमें 23 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के कार्यान्वयन पर रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है। एसओपी के अनुसार, ऑटोमेटेड कैमरा प्रवर्तन प्रणाली ट्रैफिक उल्लंघनों की निगरानी के लिए प्राथमिक तरीका होगा। यह प्रणाली ड्राइवरों और प्रवर्तन एजेंसियों दोनों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन की गई है। इस नई व्यवस्था के तहत हेलमेट या सीट बेल्ट न पहनना, मोबाइल फोन पर बात करना, रॉन्ग साइड गाड़ी चलाना, और ड्राइव करते हुए खाना या पीना जैसी हरकतों को अब कैमरे में रिकॉर्ड किया जाएगा। यह कैमरे इतनी हाई-टेक होंगे कि 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक भी साफ-साफ वीडियो रिकॉर्ड कर सकेंगे।



### नहीं चलेगी चालान से बचने की चाल

अक्सर देखा गया है कि लोग चालान से बचने के लिए अपना फोन नंबर या पता बदल देते हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए मंत्रालय ने तीन महीने की मोहलत दी है, जिसमें सभी गाड़ी मालिक और ड्राइवर अपने रजिस्टर्ड नंबर और एड्रेस अपडेट कर सकेंगे। तीन महीने के बाद जो भी ट्रांसपोर्ट या ड्राइविंग से जुड़ी सर्विस लेगा, उसे अपना सही-सही डिटेल देना अनिवार्य होगा। गलत जानकारी देने पर कार्रवाई की जाएगी। पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एसओपी में यह भी कहा गया है कि सभी राज्यों में ऑनलाइन सिस्टम शुरू किए जाएंगे, जहां गाड़ी मालिक या ड्राइवर अपने चालान के खिलाफ अपील कर सकेंगे। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि गलती से भेजे गए चालानों को लोग सही तरीके से चुनौती दे सकें और कार्रवाई निष्पक्ष तरीके से हो।

# भारत और चीन के बीच दोबारा शुरू होगी सीधी फ्लाइट?

### दोनों ने व्यापार व आर्थिक मतभेदों को सुलझाने जताई थी सहमति

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

क्या भारत और चीन के बीच सीधी फ्लाइट फिर से शुरू होने वाली है? इसे लेकर दोनों देशों के अधिकारियों के बीच बातचीत हुई, लेकिन अभी तक कोई तारीख तय नहीं की गई है। नई दिल्ली की ओर से सोमवार को कहा गया कि 5 साल पहले सीमा पर हुई झड़प के बाद संबंधों में सुधार जारी है। दोनों पड़ोसी देशों ने व्यापार और आर्थिक मतभेदों को सुलझाने पर बीते जनवरी में सहमति जताई थी। इससे उनके बीच विमानन क्षेत्रों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। बीजिंग को लेकर कहते हैं कि कोरोना महामारी से उबरने में अन्य देशों से पीछे रह गया है। नागरिक उड्डयन सचिव वुमलुनमांग वुअलनाम ने नई दिल्ली में भारतीय वाणिज्य मंडल की ओर से आयोजित सम्मेलन में बयान दिया। उन्होंने कहा कि हमारे मंत्रालय और चीनी समकक्ष के बीच एक दौर की बैठक हुई है। उन्होंने कहा कि अभी कुछ मुद्दों को सुलझाना बाकी है, लेकिन इसकी विस्तार से जानकारी नहीं दी जा सकती।

## ब्रीफ न्यूज

### आईटी कॉन्क्लेव के पहले हैदराबाद में रोड शो करेंगे सीएम डॉ. यादव

**भोपाल।** इंदौर में 27 अप्रैल को होने वाले एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 के नाम से आई टी कॉन्क्लेव होने जा रहा है जिस तरह फरवरी माह में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले मध्य प्रदेश के कई संभागों में रीजनल इन्वेस्टर्स समिट और देश के दूसरे राज्यों में रोड शो किये थे। अब उसी तरह आईटी कॉन्क्लेव के पहले मुख्यमंत्री सहित सचिव और सम्बन्धित विभागों के अधिकारी रोड शो के लिए हैदराबाद जा रहे है। मोतियों के शहर के नाम से मशहूर हैदराबाद तेलंगाना प्रदेश की राजधानी होने के अलावा आईटी सेक्टर, मेडिकल डिवाइस, फार्मा फूड प्रोसेसिंग का गढ़ है। एमपी सरकार के आला अधिकारी आई टी कॉन्क्लेव के पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव के हैदराबाद के रोड-शो की तैयारियों में जुटे है। मुख्यमंत्री वहां उद्योगपतियों से मुलाकात कर वन टू वन चर्चा कर प्रदेश में निवेश करने के लिए आमंत्रित करेंगे।

### ओबीसी आरक्षण को लेकर दिल्ली में हाई लेवल बैठक

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बहुचर्चित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण मामले को लेकर दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में हाई लेवल बैठक हुई है। दिल्ली बैठक में मध्यप्रदेश के एडवोकेट जनरल समेत महाधिवक्ता कार्यालय से कई लोग शामिल हुए। बैठक में ओबीसी के अनहोल्ड पदों पर भर्ती प्रक्रिया के प्रयास को लेकर चर्चा हुई। ओबीसी महासंघ से सुप्रीम कोर्ट के वकील वरुण सिंह और प्रदेश से राघवेंद्र शामिल हुए। बैठक में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के खिलाफ अभिमत को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में आरक्षण की इस लड़ाई में कई ओबीसी युवकों द्वारा आत्महत्या का भी मुद्दा उठा। सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट वरुण सिंह ने कहा इस न्यायिक लड़ाई में कई जिंदगी तबाह हुई है। बैठक में कहा गया ओबीसी के 27 प्रतिशत कानून को चैलेंज नहीं किया गया है, सिर्फ भर्ती सर्कुलर चैलेंज होने से कानून बाध्य नहीं होता।

### नीट, जेईई, एसएससी, रेलवे की तैयारी अब होगी आसान

**भोपाल।** शासकीय मौलाना आजाद सेंट्रल लाइब्रेरी में मध्यप्रदेश सरकार ने उपलब्ध बजट के तहत 130 नई किताबों का कलेक्शन शामिल किया है। ये किताबें विशेष रूप से नीट, जेईई, एसएससी, रेलवे, व्यापम और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए तैयार की गई हैं। सरकार का उद्देश्य है कि संसाधनों की कमी के कारण कोई भी युवा शिक्षा से वंचित न रहे। इन नई किताबों की कीमत आमतौर पर अधिक होती है, जिससे कई छात्र इन्हें खरीद नहीं पाते, लेकिन अब यह किताबें लाइब्रेरी में मुफ्त उपलब्ध होंगी। इस साल 20 से अधिक छात्र लाइब्रेरी में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। लाइब्रेरी में एसएससी, रेलवे, बैंक, मध्यप्रदेश पुलिस, पटवारी और अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र भी लगातार सफलता हासिल कर रहे हैं।

---

### संविधान प्रस्तावना का पाठ कर भाजपा ने बाबा साहब को किया याद

# डॉ. अंबेडकर ने संविधान के जरिए देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया: वीडी

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सोमवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बोर्ड ऑफिस चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और नगर निगम द्वारा स्थापित सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया एवं संविधान को नमन कर अजा मोर्चा द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज बाबा साहब अंबेडकर की जयंती हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. अंबेडकर एक विजनरी नेता थे और उन्होंने अपने बड़े मन से देश की एकता-अखंडता के लिए काम करते हुए संविधान के माध्यम से देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया।



शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी ने देश में 55 वर्षों तक शासन किया। कांग्रेस ने अपने नेताओं को तो सम्मान दिया, लेकिन बाबा साहब अंबेडकर को सम्मान देने के स्थान पर उनका अपमान किया और चुनाव हराने का काम किया। पहली बार अटलजी के नेतृत्व में बनी एनडीए की सरकार ने यह कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। शर्मा ने कहा कि देश की आजादी के बाद जब पं. जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में पहली सरकार बनी, तो पं. नेहरू ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगाने का प्रावधान हमारे संविधान में कर दिया। इसमें ये प्रावधान था कि जम्मू-कश्मीर का संविधान अलग होगा, वहां का प्रधानमंत्री अलग होगा और वहां का झंडा भी अलग होगा। इसके साथ ही इसमें यह भी प्रावधान भी था कि अगर किसी सफाईकर्मी का बच्चा योग्य भी है, तब भी वह कुछ और नहीं बन सकेगा, उसे अपना परंपरागत व्यवसाय ही करना होगा। इस भेदभाव का डॉ. अंबेडकर ने पुरजोर विरोध किया। देश की आजादी के बाद 75 वर्षों तक किसी ने इस भेदभाव की चिंता नहीं की। प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाकर दलित भाई-बहनों के साथ हो रहे भेदभाव को खत्म किया और उन्हें अधिकार प्रदान किए।

कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही बड़ी संख्या में आम नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए एकत्र हुए। बसपा, भाजपा और कांग्रेस सहित कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया।

---

# विक्रमोत्सव भारत के उत्कर्ष और नव जागरण का अभियान: मुख्यमंत्री

### पीएम मोदी, जेपी नड्डा और दिल्ली सीएम ने भी तारीफ

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विक्रमोत्सव भारत के उत्कर्ष और नव जागरण का ऐसा अभियान है, जो अब नहीं रुकेगा। विक्रमोत्सव ने भारत की सांस्कृतिक चेतना, ऐतिहासिक गौरव और राष्ट्रीय पुनर्जागरण के अभियान ने एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ जनमानस में स्थान बनाया है। विक्रम सम्वत् मात्र एक पंचांग या नववर्ष नहीं, बल्कि यह भारतीय आत्मा, अस्मिता और गौरव का प्रतीक है। सम्राट विक्रमादित्य के शासनकाल को रामराज्य के बाद सुशासन, धर्म, न्याय और संस्कृति का स्वर्ण युग माना जाता है। उनके नौ रत्नों- कालिदास, वराहमिहिर, धन्वंतरि, अमरसिंह आदि ने साहित्य, ज्योतिष, आयुर्वेद और सुरक्षा नीति में अद्वितीय योगदान दिया। उनके समय में भारत की सीमाएं ईरान, तुर्किस्तान, सुमेर, मिस्र तक थीं।

विक्रमोत्सव एशिया का सबसे बड़ा धार्मिक उत्सव और अब विश्व का सबसे दीर्घकालीन एवं बहुआयामी उत्सव बन गया है। इसके प्रथम चरण में 250 से अधिक सांस्कृतिक, वैज्ञानिक, धार्मिक और साहित्यिक गतिविधियां आयोजित की गईं। सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित भव्य महानाट्य की प्रस्तुतियां उज्जैन, इंदौर, भोपाल, हैदराबाद, प्रयागराज, अयोध्या सहित अनेक नगरों में हो चुकी है। इसकी 50वीं ऐतिहासिक प्रस्तुति 12-14 अप्रैल को दिल्ली के लाल किले में हुई। पीएम मोदी, जेपी नड्डा और दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल को सराहा और प्रशंसा की।



### दुग्ध उत्पादन से किसानों की समृद्धि के खुलेंगे नए द्वार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच हुए अनुबंध की अवधि 5 वर्ष होगी, जिसका आपसी सहमति से विस्तार किया जा सकेगा। इसके तहत मुख्य रूप से प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे, दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जायेगी और दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाई जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के संकल्प पत्र-2023 में प्रदेश में दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं डेयरी किसानों को दूध की सही कीमत दिलाने में मदद करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर खोले जाने और श्वेत क्रांति मिशन के अंतर्गत 2500 करोड़ के निवेश से प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट एवं चिलिंग सेंटर की संख्या में वृद्धि करना का उल्लेख है। इन संकल्पों को पूरा करने में यह अनुबंध महत्वपूर्ण साबित होगा। यह राज्य के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत सहकारी प्रणाली और सांची ब्राण्ड को मजबूत करेगा।

पीएम मोदी द्वारा उद्घाटित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारत की प्राचीन कालगणना पर आधारित आधुनिकतम नवाचार है। इसका डिजिटल ऐप भी तैयार है, जिसे शीघ्र ही सार्वजनिक किया जाएगा।

#### शोध और प्रमाणों का संकलन

विक्रमादित्य पर गहन शोध, अभिलेखीय प्रमाण, मुद्राएं, स्थापत्य और शिलालेख उज्जैन की महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा पिछले 15 सालों से संकलित और प्रस्तुत किए जा रहे हैं। सम्राट विक्रमादित्य के कार्यों की ऐतिहासिकता को चीनी यात्री ह्वेनसांग, मध्य-एशिया के इतिहासकार अलबरूनी सहित कई अन्य विदेशी इतिहासकारों ने भी मान्यता दी है। विक्रमोत्सव केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, यह भारत की आत्मा को जागृत करने का एक अनवरत अभियान बन चुका है। इसमें शिवरात्रि मेलों, सूर्योपासना, साहित्य, इतिहास, न्याय, खगोल, संगीत, नाट्य और भोजन संस्कृति तक का समावेश है।

#### सीएम डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की दी सौगात

मध्य प्रदेश सरकार ने अंबेडकर जयंती से पशुपालकों को सशक्त बनाने और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की सौगात दी है। देश में दूध, दुग्ध उत्पादों की बढ़ती मांग, उनकी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री उद्यमिता विकास कार्यक्रम की स्थापना होनी है। एक इकाई में सारे गौवंश या सारे भैंसवंश होंगे। एक इकाई की सारी गाय-भैंस एक ही प्रजाति की होंगी। योजना सभी वर्गों के पशुपालकों के लिए होगी। इसमें पशुपालक की उम्र 21 साल से ऊपर होना जरूरी है। उन्हें अनुभव के लिए सरकारी या सरकार नामित संस्था से डेयरी फार्मिंग का प्रशिक्षण भी लेना होगा। इस प्रशिक्षण के लिए सरकार अलग से निर्देश जारी करेगी। इस योजना के हितग्राहियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। हितग्राही के पास हर इकाई के लिए कम के कम 3.50 एकड़ कृषि भूमि होनी जरूरी है। इस भूमि में परिवार की सामूहिक जमीन का भी उपयोग किया जा सकता है। लेकिन, इसके लिए अन्य सदस्यों की सहमति आवश्यक होगी।

---

# हर बूंद सहेजने से ही दूर होगा भविष्य का जल संकट: सीएम

### अभियान में जल स्त्रोतों की सफाई, गहरीकरण और जीर्णोद्धार



**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल की हर बूंद में जीवन का सार है। इसे सहेजने से ही जल संकट दूर होगा। इसी ध्येय से जनभागीदारी के साथ तीन माह का जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान के शुरुआती दौर में ही मंत्री, सांसद, नगरीय एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिक भी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभा रहे है। अभियान में जहां एक और पुराने जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, गहरीकरण और जीर्णोद्धार किया जा रहा है, वही वर्षा के जल को सहेजने के लिये नई जल संरचनाओं का निर्माण भी किया जा रहा है। अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। शहडोल जिले के गांव कुमारी में वर्षा जल को सहेजने के लिए गांव के तालाब की सफाई के साथ उसका गहरीकरण भी किया गया। इसी प्रकार गांव खाम्हीडोल में भी तालाब का जीर्णोद्धार किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के छिंदवाड़ा जिले के गांव मऊ के नाले में के साफ-सफाई की गई। इसमें से गाद निकाल कर पानी को स्वच्छ किया गया।

देवास जिले में जिला प्रशासन एवं स्थानीय गांवों के जनसहयोग से सोनकच्छ विकासखंड की ग्राम पंचायत अगेरा के तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है। उमरिया में जल संरक्षण के लिए ग्राम पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसमें नदियों, तालाबों, कुओं की साफ सफाई की जा रही है। इसी श्रृंखला में गांव सगरा के पाली तालाब में साफ सफाई की गई। जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता के लिए समेकित प्रयास आवश्यक है। उअभियान में नागरिकों की सोच बदलती दिखने लगा है। नई पीढ़ी भी जन भागीदारी कदम से कदम मिलाकर शामिल हो रही है।

---

# मुख्यमंत्री यादव ने प्रोफेसर्स और छात्रों को संविधान में आस्था रखने की दिलाई शपथ

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज भारतीय संविधान सभा के फाइनल प्रारूप समिति के अध्यक्ष बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती है, जिन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को आजादी एक दिन में नहीं मिली। इसके लिए हमें वर्षों संघर्ष करना पड़ा। पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी से लेकर कई क्रांतिकारियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर वर्षों की गुलामी की बेड़ियों से देश को आजाद कराया।



भारत का संघर्ष काल एक हजार वर्ष से भी अधिक पुराना है। मुख्यमंत्री सोमवार को इंदौर में डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती एवं भारतीय संविधान सभा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर इंदौर के रवीन्द्र नाट्यगृह में आम नागरिक शपथ विधि समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान की लोकतांत्रिक परम्पराएं, राष्ट्र की एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने की शपथ दिलाई।

---

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने बनवाई अपनी किसान आईडी, किसानों से की अपील

# किसान डिजिटल रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और तकनीक-सक्षम में बनें: शिवराज

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के अंतर्गत अपनी किसान आईडी बनवाई। इस मौके पर उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़ें और अपनी आईडी जल्द से जल्द बनवाएं, ताकि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर और पारदर्शी तरीके से मिल सके। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन का उद्देश्य किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और तकनीक-सक्षम बनाना है। उन्होंने बताया कि इस मिशन के अंतर्गत प्रत्येक किसान को एक डिजिटल पहचान प्रदान की जाएगी, जिसमें खेती से जुड़ी हर जानकारी-जैसे कि जमीन का कौन-सा रकबा है, उसके परिवार में कौन-कौन सदस्य हैं, उसने कौन-सी फसल बोई है, उसकी खेत की मिट्टी का स्वास्थ्य कैसा है, मिट्टी में कौन-कौन से तत्व हैं, सॉइल हेल्थ कार्ड की जानकारी उसके पास खेती के अलावा पशु धन या और कोई संपत्ति है तो उसकी जानकारी भी होगी। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में अब बार-बार दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं होगी। जैसे फसल बीमा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, और कृषि ऋण जैसी योजनाओं का लाभ अब सीधा और त्वरित मिलेगा। किसान केवल अपनी आईडी दिखाकर संबंधित सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।



#### मप्र में 78 लाख किसानों की बनी आईडी

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अब तक देशभर में 5.5 करोड़ से अधिक किसानों की फार्मर आईडी बन चुकी है, जिनमें से 78 लाख आईडी केवल मध्य प्रदेश के किसानों की हैं। चौहान ने यह भी स्पष्ट किया कि फार्मर आईडी में दर्ज जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी और किसान की सहमति के बिना साझा नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कई बार जमीनों के रिकॉर्ड में गड़बड़ी हो जाती है, लेकिन अब डिजिटल आईडी से यह सब नामुमकिन होगा।

---

## सियासत

### नीमच और गुना मामले को लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने की मांग

# सीएम गुना के एसपी और कलेक्टर को तत्काल हटाएं

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मध्य प्रदेश के गुना में हुए पथराव और नीमच में जैन संतों के साथ मारपीट के मामले में मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार को घेरा है। जीतू पटवारी ने गुना की घटना के मामले में एसपी और कलेक्टर को जिम्मेदार बताते हुए मुख्यमंत्री से मांग की है कि दोनों ही अफसरों को वहां से हटाया जाए। जबकि उन्होंने नीमच जिले के सिंगोली की घटना के मामले में भी जिम्मेदार पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। पीसीसी चीफ पटवारी ने नीमच जिले के सिंगोली क्षेत्र में जैन संतों पर हुए हमले को लेकर किया। पटवारी ने कहा कि सिंगोली क्षेत्र में जैन संतों पर प्राणघातक हमले की चिंताजनक सूचना मिली है। अहिंसावादी भगवान महावीर के अनुयायियों के साथ हुई यह अमानवीयता स्तब्ध करने वाली है। ऐसी जानकारी मिली है कि असामाजिक तत्वों ने नशेड़ियों के साथ मिलकर इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को अंजाम देने का दुस्साहस किया है। स्पष्ट है कानून-व्यवस्था यहां भी ध्वस्त है।




प्रदेश सरकार नशे को जिस निरंकुशता के साथ सरकारी संरक्षण और बढ़ावा दे रही है, उसकी आंच आज धर्म-ध्वजा उठाने वाले पूजनीय संतों तक आ पहुंची है। बीजेपी की एमपी सरकार को तत्काल पूरे प्रदेश में संतों की सुरक्षा को नए सिरे से निर्धारित करना चाहिए। सिंगोली घटना की त्वरित जांच व कठोर कार्रवाई भी तुरंत होनी चाहिए। जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि गुना से मिल रही तनाव की सूचनाएं मध्यप्रदेश की शांतिप्रिय छवि को नुकसान पहुंचाने वाली हैं। मैं सभी समुदायों से शांति, सद्भाव और समन्वय की अपील करता हूं। गुना में बेलगाम हुई अराजक कानून-व्यवस्था के लिए जिला पुलिस और प्रशासन जिम्मेदार है। राज्य सरकार को गुना के एसपी और कलेक्टर को तत्काल बदल देना चाहिए।

---

# किसी का भी बेटा हो, अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी: वीडी शर्मा

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

देवास के प्रसिद्ध माता टेकरी मंदिर में शुक्रवार देर रात एक कथित घटना सामने आई, जिसमें इंदौर के भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष शुक्ला पर अपने साथियों के साथ मंदिर में जबरन प्रवेश और पुजारी से बदसलूकी की। इस घटना को लेकर कांग्रेस भी सरकार को घेर रही है। सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि चाहे कोई भी हो, किसी पद पर हो या किसी का बेटा हो, अगर उसने अनुशासनहीनता की है तो कार्रवाई तय है। प्रशासन मामले की जांच कर रहा है और जो भी दोषी होगा, उसे छोड़ा नहीं जाएगा। वहीं, नीमच जिले में विश्राम कर रहे जैन मुनियों पर हुए कथित हमले को लेकर भी वीडी शर्मा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में संतों और मुनियों के प्रति गहरी श्रद्धा और सम्मान है। जैन मुनि तप और त्याग के प्रतीक होते हैं। उनके साथ किसी भी प्रकार की दुर्भावनापूर्ण हरकत करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। भाजपा सरकार ऐसे अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। ऐसे लोगों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा।



## ब्रीफ न्यूज

### डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**गुरसराय झाँसी।** नगर में विभिन्न जगह डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण के बाद एक शोभा यात्रा निकाली गई ।इसके बाद आयोजित एक सभा में वक्ताओं ने बाबा साहब के बताए मार्गो पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत ,पालिकाअध्यक्ष जयपाल सिंह चौहान, सतीश चौरसिया, रामनारायण पस्तोर, प्रसिद्ध नारायण यादव लचौरया, राधेलाल,संतोष कुमार सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक का कुएं में शव मिलने से मचा हड़कंप

**टहरौली।** कस्बा के कुएं में युवक का शव पडा मिलने से लोगों में हड़कंप मच गया, घटना की खबर फैलते ही आसपास रह रहे लोगों का हुजूम इकठ्ठा हो गया सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज बृजेश यादव ने पुलिस व ग्रामीणों की मदद से शव कुएं से बाहर निकलवाया और मृतक के बहनोई दीनदयाल की फौती सूचना के आधार पर पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम टहरौली किला निवासी मृतक रामप्रकाश आर्य 35 वर्ष मजदूरी के लिए पत्नी एवं बच्चों के साथ अधिकतर घर से बाहर रहता था, तीन महीने से वह घर पर अकेला रह रहा था पत्नी तथा बच्चे दिल्ली में थे जिसकी वजह से उसकी मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। सोमवार को सुबह 10 बजे के करीब मुहल्ले के मारबाई कुएं के पारझे पर मृतक की तौलिया एवं अन्य सामान रखा देखकर आशंकित हुई मृतक की बहन लाडली व मुहल्ले के लोगों द्वारा तलाश करने पर रामप्रकाश को कुएं के अंदर मृत अवस्था में पडे देखकर भौंचक्का रह गये।

### भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया

**झांसी।** अंजनी माता मन्दिर, शिव परिवार कालौनी, पंचवटी में भगवान चित्रगुप्त जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर आयोजक रानी-लखन लाल सक्सेना, अंजनी कुमार सक्सेना, चित्रांश सक्सेना, आनन्द सक्सेना द्वारा 20 अप्रैल तक 7 दिवसीय कथाव्यास श्रीकृष्ण चंद्र शास्त्री चरखारी के सानिध्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भी आयोजन किया जा रहा है।

# धूमधाम से मनाई गई संविधान रचयिता डॉक्टर अंबेडकर जयंती गूंजे जय भीम के नारे



**सत्ता सुधार ■ गरौठा/झांसी**

सविधान रचयिता दलित पिछड़ों के मसीहा सामाजिक न्याय व समानता के पैरोकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती एक श्रद्धांजलि समारोह नहीं बल्कि एक पर्व बनकर उभरी। कार्यक्रम की शुरुआत कस्बा के मोहल्ला गांधीनगर से की गयी जिसमें लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको नमन किया। इस मौके पर पूर्व विधायक बृजेंद्र कुमार व्यास उर्फ डमडम महाराज ने कहा की डॉक्टर भीमराव अंबेडकर केवल सविधान निर्माता ही नहीं थे बल्कि सामाजिक चेतना के अग्रदूत भी थे उनका जीवन सामाजिक समानता बंधुत्व और न्याय की ज्वाला को प्रचलित करने वाला था उनकी ही देन है कि देश अखंड भारत के तौर पर जाना जाता है उन्होंने लोगों से बाबा साहब के आदर्शों पर चलने की अपील की। वही पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भगवत भास्कर ने कहा भारत के संविधान को रचने में बाबा साहब का बड़ा योगदान रहा है वह एक सच्चे समाज सुधारक थे उनके बताए मार्ग पर चलकर बेहतर और समतामूलक समाज की स्थापना की जा सकती है। कार्यक्रम के पश्चात कस्बा में डीजे एवं बैंड बाजों के साथ एक विशाल जुलूस निकाला गया जो कस्बा के विभिन्न मार्गों एवं मोहल्लों से होकर गुजरा जिसमें बच्चे एवं युवा जय भीम के नारे लगाते हुए निकले। इस मौके पर सोनू विश्वकर्मा आजाद प्रीतम गौतम आजाद रंजीत गौतम हकीम पठान कमलेश राधेलाल मिस्त्री पार्षद हारुण खान मंगल सिंह अयोध्या प्रसाद श्रीवास अनूप भास्कर विमल ओमप्रकाश भगत जी सुरेश अहिरवार मेवा यादव सूरज चौधरी गोलू अहिरवार कल्लू मोतीकटरा अखिलेश अहिरवार ओम प्रकाश महेश देवेंद्र श्रीवास सहित बड़ी संख्या में कस्बा एवं क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही कस्बा इंचार्ज राकेश कुमार दीक्षित हमराही पुलिस स्टाफ के साथ मौजूद रहे।

# माँ पीतांबरा गौशाला में आयोजित बैठक में हिंदू धर्म की एकता एवं धर्मांतरण रोके जाने पर दिया जोर



**सत्ता सुधार ■ गुरसराय/झाँसी**

विश्व हिंदू परिषद झांसी ग्रामीण की जिला स्तरीय बैठक बजरंग नगर नई बस्ती स्थित माँ पीतांबरा गौशाला में आयोजित की गई ,जिसमें हिंदू धर्म की एकता एवं धर्मांतरण रोके जाने पर जोर दिया गया।अतिथियों द्वारा गौ माता का पूजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर प्रांत के धर्म प्रसार प्रमुख रामगोपाल द्विवेदी ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के बाद करोड़ों हिंदुओं ने अन्य धर्म स्वीकार किया ।जिस पर विश्व हिंदू परिषद एवं भाजपा की सरकार ने धर्मांतरण को रोका तथा वापस अपने धर्म में ले आये। विश्व हिंदू परिषद के सह प्रांत प्रमुख चन्द्रीक दीक्षित ने कहा कि हिंदू आपस में बटे हुए हैं। उनके अंदर आत्म बल जाग्रत करें।यह हिंदू समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रसिद्ध नारायण सिंह यादव ने कहा कि आज ईसाइयों के विद्यालय जोर-शोर से खुल रहे हैं जिसमें हम अपने बच्चों को शिक्षा दिला रहे हैं ,जिससे वह धर्म से एवं संस्कृति से भटक रहे हैं ।

कार्यक्रम का संचालन विहिप के जिला गौ रक्षा प्रमुख राघवेंद्र पटेल ने किया। अंत में मां पीतांबरा गौशाला के संचालक अखिलेश तिवारी सुट्टा ने अतिथियों का स्वागत कर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर धर्म रक्षक सुदामा प्रसाद निषाद ,धर्म रक्षक हरिनारायण द्विवेदी,रामनारायण पस्तोर अशोक कुमार मिश्रा ,रामेश्वर दयाल अग्रवाल, मानसिंह परिहार ,अवधेश सिंह फौजी, अशोक कुमार पटेरिया ,शिवकुमार गुप्ता ,नितिन मोदी ,संदीप श्रीवास्तव ,सरजू शरण पाठक ,सार्थक नायक ,हरिश्चंद्र नायक ,महेंद्र सिंह महते,रामबरन सिंह ,अवनीश देवलिया ,नितेश अग्रवाल ,अभिषेक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# डॉ अंबेडकर किसी धर्म जाति के नहीं दलित पिछड़े एवं शोषित वर्ग के लिए थे: कंसाना

## कुछ दिनों पूर्व एक बैठक कर शोभायात्रा एवं जुलूस निकालने की भूमिका तय हुई



**सत्ता सुधार ■ समथर/झांसी**

महान समाज सुधारक मानवता वादी संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 बी जयंती पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में बड़े हर्ष उल्लास एवं धूमधाम से मनाई गई। नगर में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती पर पहली बार शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बैंड बाजा सहित घोड़ा पर महापुरूषों के स्वरूप में झांकी सजाई गई थी। सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर जूलूस में शामिल बहुजनों ने एकता का संदेश दिया। जूलूस के दौरान दलित पिछड़े एवं शोषित वर्ग के लोगों में उत्साह दिखाई दिया। शोभायात्रा का नगर वासियों द्वारा जगह जगह जोरदार स्वागत किया गया। बता दें कि नगर में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती पर यह शोभायात्रा पहली बार निकाली गई। इससे पहले कभी भी अन्य राजनीतिक दलों सहित समाजसेवियों ने प्रयास नहीं किया। इस बार आजाद समाज पार्टी कांशीराम के प्रयास से नवयुवकों द्वारा जयंती के महज कुछ दिनों पूर्व एक बैठक कर शोभायात्रा एवं जुलूस निकालने की भूमिका तय हुई। जिसमें एक कमेटी गठित कर जिम्मेदारी दी गई। जिसमें संरक्षक भूतपूर्व पालिकाध्यक्ष महेश कुमार, पार्षद अरविंद श्रीवास वरिष्ठ पत्रकार, पार्षद प्रतिनिधि कासिम खां, पार्षद प्रतिनिधि संतराम दौहरे सहित कमेटी अध्यक्ष सौरभ दोहरे, उपाध्यक्ष कौशिक कय्युम खां, भानु प्रताप सिंह सहित मुन्ना मेवाती एवं दो दर्जन से अधिक युवाओं ने शोभायात्रा निकालनें की ठान ली। और तय रणनीति से जूलूस निकाला गया।

वहीं भारतीय जनता पार्टी द्वारा डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती पर तिलक लगा कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष देवेंद्र सिंह कंसाना, अध्यक्षता राजेंद्र कुमार पाल,विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष लालता प्रसाद पांचाल, जिला संयोजक सुशासन मनोज कुमार गुप्ता, प्रकाश चन्द्र झां, राजेश श्रीवास्तव, विजय साहनी, पूर्व पार्षद पवन कुमार बुलकिया, रहे। संचालन मनोज कुमार तिवारी ने किया। पार्षद रणबीर सिंह गुर्जर, पार्षद अरविंद श्रीवास, पार्षद विक्रम सिंह कंसाना,पार्षद प्रतिनिधि समीर नीखरा, पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना मेवाती, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार रायकवार, अन्य भाजपाई मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष देवेंद्र सिंह कंसाना ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने किसी धर्म जाति एवं वर्ग विशेष के लिए कार्य नहीं किया वल्कि उन्होंने दबे कुचलें दलितों पिछड़ों एवं शोषित वर्ग के लिए कार्य किया है।जो राजनीतिक दल उनके नाम को धर्म जाति से जोड़ कर नाम का फायदा उठाकर राजनीति करना चाहते हैं। तो वह उनकी भूल है।अब बहुत जल्द कोई उनकी बातों में आने वाला नहीं है।जो कांग्रेस उनके हितैषी होने का दम भरती है। तो मैं उन्हें बता दू कि सबसे ज्यादा कष्ट और कमजोर करने का प्रयास किया तो वह परिवार वादी कांग्रेस पार्टी ने किया।

# भारतीय संविधान दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संविधानों में से एकः पटेल

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती

**सत्ता सुधार ■ झांसी**

कस्बा एवं क्षेत्र में संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती को धूमधाम से मनाया गया इस दौरान भाजपा, बसपा सहित अन्य दलों के कार्यकर्ताओं ने गोष्ठी एवं शोभायात्रा का आयोजन कर बाबा साहेब द्वारा देश के लिए किये गये कार्यो को याद किया। कस्बा के बजरिया बाजार में भाजपा द्वारा आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गुरसरांय टीकाराम पटेल ने कार्यकर्ताओं के साथ डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया, अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष पंचम पटेल ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि टीकाराम पटेल ने कहा की बाबा साहब पूरे देश का नेता बताते हुए कहा कि आंबेडकर ने समाज में सभी वर्गों के लोगों के अधिकारों को सुरक्षित रखने की बात करते हुए गांव में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक शासन की योजनाएं पहुंचाने की बात कही थी, भाजपा नेता रिंकू दीक्षित ने बाबा साहेब को देश को देश में रह रहे सभी सम्प्रदायों के शोषितों, वंचितों का जीवन स्तर उठाने के लिए काम करने वाला महापुरुष बताते हुए उन्हें जाति धर्म में न बांटने की अपील की। दिनेश परिहार ने कहा कि भारतीय संविधान का निर्माण करते समय जो सपना बाबा साहब ने देखा था वह वर्तमान समय की मोदी सरकार पूरा कर रही है। इस मौके पर पंचम सिंह पटेल, रविन्द्र सोनी, राकेश जैन, आशीष उपाध्याय, आशाराम कुशवाहा आदि ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन सुखलाल कुशवाहा तथा आभार प्रधान टहरौली किला अमित जैन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सचिव रघुनंदन चौधरी, रमेश अहिरवार, राजाराम उपाध्याय, इरफान खांन, लाखन सिंह कुशवाहा, रज्जब अली, आशाराम कुशवाहा, हुकुम राजपूत, प्रभाकर कुशवाहा, इंद्रपाल अहिरवार संकेत पटेल, राकेश जैन सहित बडी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

# भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयन्ती पर संगोष्ठी सम्पन्न

**सत्ता सुधार ■ झांसी**

अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के झॉसी स्थित शिविर कार्यालय में आज भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयन्ती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रवक्ताओं ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर जी बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी विधि वेत्ता कुशल राजनेता व समाज सुधारक थे। वे देश के पहले कानून व न्याय मंत्री बने वे 29 अगस्त 1994 में बनी संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष बनाये गये। इसलिये उनको संविधान का जनक व संविधान निर्माता कहा जाता है। प्रधानमंत्री जी ने जहाँ डॉ0 अम्बेडकर के 5 स्थानों को तीर्थ स्थल बना दिया। डॉ0 अम्बेडकर जी की लोकप्रियता का अन्दाजा इस बात से लगाया जा सकता है, कि आज अम्बेडकर जयन्ती भारत के साथ-साथ 150 देशों में मनायी जा रही है। डॉ. अम्बेडकर जी के विचार न्याय समता सामाजिक समरसता आदि में बड़ा योगदान प्रदान कर रहे हैं। बाबा साहब के द्वारा बनाये गये संविधान में प्रदत्त अधिकारों व कर्तव्यों से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी देश के नव निर्माण में अपना योगदान प्रदान कर रहा है। समारोह का सफल संचालन संस्थान के का0 अध्यक्ष श्री हरगोविन्द कुशवाहा ने किया। गोष्ठी में समाजसेवी डॉ0 पप्पू राम सहाय एवं वरिष्ठ पत्रकार रामसेवक अडजरिया, ई.जी. जगदीश लाल, रामचरन यादव, दीपक त्रिपाठी, महेश पटैरया, दिलीप खरे, मिथलेश कुमार कुशवाहा संस्थान के सचिव उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक स्थल के पास बेची जा रही है अवैध कच्ची शराब

**झॉसी।** ग्राम मगरपुर थाना सकरार के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी झांसी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गाँव के सार्वजनिक शौचालय नया बाजार तालाब के पास मगरपुर में आवकारी विभाग की शिथिल कार्य प्रणाली के चलते अवैध शराब की विकी को रोके जाने एवं विरोधियो के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही न किये जाने के संबंध मे प्रार्थना पत्र देते हुये ग्रामीणों ने बताया ग्राम मगरपुर थाना सकरार जिला झॉसी के मगरपुर गाँव के सार्वजनिक शौचालय पर नया बाजार तालाब के पास ही गाँव का ही मनोज नाम के व्यक्ति द्वारा आवकारी विभाग व प्रशासन की लापरवाही से खुले आम कच्ची शराब उक्त व्यक्ति द्वारा बेची जा रही है जिससे गाँव एवं मुहल्ले की महिलाऐ को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

# आरएमएसजी पब्लिक स्कूल में संस्था के संस्थापक उर्मिला शरण गुप्त की पुण्यतिथि पर





**चिरगांव/झाँसी।** बच्चों को प्रबंधक सौरभ गुप्त के द्वारा प्राइज डिसटीब्यूशन किया गया जिसमें बच्चों ने जिस जिस क्षेत्र में अव्वल दज पर आकर जिले में टॉप किया है वह पढ़ाई खेलकूद व अन्य क्षेत्रों में अच्छे अंक प्राप्त करके विद्यालय व अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है उन बच्चों को प्रबंधक सौरभ गुप्ता के द्वारा ट्रॉफी मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया स्कूल समिति के द्वारा यशोधरा हाउस के बच्चों को फर्स्ट प्राइज एवं जिसने कोमर्स में जिले में टॉप किया है दीक्षा झा मैं फर्स्ट प्राइज हासिल किया वही खिलाबारी ग्राम प्रधान की पुत्री आकांक्षा यादव एवं पुत्र ने लगभग 7 से 8 बार विद्यालय से पुरस्कार हासिल कर अपने गांव व विद्यालय का नाम रोशन किया है। 13 अप्रैल 2025 को समर कार्निवल मनाया गया जिसमें लगभाग 2500 कूपन बच्चों ने खरीदे और हिस्सा लिया लगभग 2500 बच्चों ने अपनी अपनी कूपन खरीद कर लकी ड्रा निकाला जिसमें से पांच बच्चे विनर हुए उनमें से पहले विजेता को फ्रिज दूसरे विजेता को वॉशिंग मशीन तीसरे विजेता को कूलर और चौथे विजेता को एलसीडी टीवी इसके अलावा और भी कई सारे इनाम रहे जिसमें बच्चों ने इनाम पकड़ बच्चों के चेहरे पर खुशी खिल उठी क्योंकि यह चिरगांव क्षेत्र में ऐसा पहला कार्यक्रम राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त पब्लिक विद्यालय के द्वारा मनाया गया और इसमें आम पब्लिक ने भी हिस्सा लेकर अपनी किस्मत आजमाई।

### महर्षि वाल्मीकि समाज सेवा संस्थान द्वारा बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई



**बबीना/झाँसी ।** वाल्मीकि धर्मशाला बबीना में महर्षि वाल्मीकि समाज सेवा संस्थान द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी की 134वीं जयंती बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित करना रहा।मुख्य अतिथि अमर सिंह बाबू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, वहीं विशिष्ट अतिथियों में रामस्वरूप , दिनेश सुकवाँ , एवं अनिल उर्फ पप्पू चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इन सभी को संस्था की सदस्यता भी प्रदान की गई, जिसका संचालन प्रदीप नेताजी ने किया। कार्यक्रम में मीरा टांक (अध्यक्ष), अमर सिंह बाबू , रामस्वरूप ,दयाराम, शंकर फौजी, प्रदीप मेट साहब, , अनिल चौधरी, राजू मुखिया ,दिनेश रंजीत सेठ जी, रवि मारे , सीताराम , अमित, शिवा भारती, हुकुम , रेनू एडवोकेट, रिकी , डाली, संदीप सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। छावनी परिषद उपाध्यक्ष रवि भारती ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और समाज के उत्थान हेतु अपने विचार साझा किए।

# बाबा साहब की जयंती पर उनके बताये मार्ग पर चलने का लिया संकल्प



**कटेरा/झाँसी।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती कटेरा क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गयी क़स्बा के सुरईपुरा में जिला पंचायत सदस्य आशा कमल गौतम के नेतृत्व में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन कर जयंती मनाई गयी इस मौके पर कमल गौतम ने कहा की बाबा साहब सम्पूर्ण मानवता के मसीहा थे उन्होंने अपना पूरा जीवन दबे कुचले गरीबों के उत्थान में लगा दिया इस मौके पर गंगाराम अहिरवार पूर्व पार्षद, रामकुमार गौतम, एडवोकेट राजेश अहिरवार, सुखलाल ठेकेदार,रविन्द्र अहिरवार, सुरेश अहिरवार, अनिल लांगया,राहुल अहिरवार, भूपेंद्र अहिरवार, अज्जू नापित, सिद्धार्थ गौतम, परशुराम श्रीवास चौकीदार, धर्मेंद्र आर्य आदि शामिल रहे इसी क्रम में क़स्बा के मोहल्ला कोल्हुपुरा में हरप्रसाद भगतजी के नेतृत्व में अम्बेडकर जयंती मनाई गयी जिसमें ओमप्रकाश नेताजी, बालकिशन पार्षद, पहलवान अहिरवार पूर्व पार्षद, हरिओम बाबाजी, धर्मेंद्र अहिरवार, कमलेश मिस्त्री, राजनारायण नेताजी, राजू ओवरी, प्रदीप अहिरवार, सोनपाल अहिरवार, छोटेलाल अहिरवार, राहुल अहिरवार, दयाराम, कामता अहिरवार पूर्व पार्षद सहित तमाम लोग शामिल रहे

### भैंस की सड़क दुर्घटना में मौत, पीड़ित ने प्रशासन से की मदद की गुहार

**बबीना/झांसी।** ग्राम मनकुआं, थाना बबीना निवासी जयहिंद पुत्र मातादीन यादव की भैंस का 09 अप्रैल 2025 की शाम लगभग 6 बजे के आसपास ग्राम घिसौली के पास हाईवे पार करते समय अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पीड़ित जयहिंद ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है और मांग की है कि अज्ञात वाहन की पहचान कर उचित कार्यवाही की जाए और पशु के नुकसान का मुआवजा दिया जाए। स्थानीय ग्रामीणों ने भी घटना पर दुख जताते हुए प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

**आयोजन** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश प्रबंधकारिणी समिति चुनाव में झांसी टीम की भागीदारी

# काशी में किया मतदान और किए दिव्य दर्शन

**सत्ता सुधार ■ झांसी/वाराणसी**

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश प्रबंधकारिणी समिति के सामान्य निर्वाचन 2025 का आयोजन वाराणसी की पावन धरती पर भव्य रूप में संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में प्रदेशभर से पत्रकार प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। झांसी जिले से एसोसिएशन की जिला इकाई ने पूरी सक्रियता से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिलाध्यक्ष अभिनंदन जैन के नेतृत्व में झांसी टीम ने मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। उनके साथ महिला सभा जिलाध्यक्ष राजेश्वरी रचना, जिला महामंत्री प्रदीप सिंह गौर, जिला उपाध्यक्ष बिहारीलाल साहू, बबीना नगर अध्यक्ष शैलेश सोनू शिवहरे, नगर उपाध्यक्ष शेख मुख्तार भोलू कुरैशी सहित अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए। यह पहला अवसर था जब झांसी टीम ने राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित संगठन में मतदान किया। महेंद्र नाथ सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष पद पर जीत हासिल कर अपने नेतृत्व की छाप छोड़ी, जबकि पूर्व अध्यक्ष सौरभ कुमार को शिकस्त का सामना करना पड़ा। उपाध्यक्ष पद पर कैप्टन वीरेंद्र सिंह, रामनरेश चौहान और ओमप्रकाश द्विवेदी विजयी घोषित हुए। महामंत्री पद के लिए डॉ. संजय कुमार द्विवेदी, के.जी. गुप्ता और नरेश पाल सिंह के बीच मुकाबला हुआ। अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जिनमें प्रदेश सचिव नागेश्वर सिंह, ऑडिटर हौसिला प्रसाद त्रिपाठी, संगठन मंत्री अजय भाटिया समेत पांच सदस्य निर्विरोध कार्यकारिणी समिति में शामिल किए गए। कार्यक्रम में प्रदेश के 60 जिलों से आए जिलाध्यक्षों और वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी ने इस आयोजन को और भी गरिमा प्रदान की।




# यह देश मनुस्मृति से नहीं बल्कि संविधान से चलेगाः सिंह



**झांसी।** समाजवादी पार्टी युवजन सभा जिला अध्यक्ष विश्व प्रताप सिंह यादव ने हाथों में बेड़ियां पहन कर कार्यकर्ताओं के साथ संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर कचहरी चौराहे पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विरोध प्रदर्शन किया इस दौरान उन्होंने कहा कि वे बेड़ियां पहनकर यह संदेश देना चाहते हैं कि आज देश का आम नागरिक, खासकर कमजोर और वंचित वर्ग, एक बार फिर गुलामी जैसी स्थिति में धकेला जा रहा है। जब तक संविधान को पूरी तरह सुरक्षित नहीं कर लिया जाता, तब तक समाजवादी पार्टी सड़कों पर संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि आज देश में संविधान पर लगातार हमले हो रहे हैं। लोकतंत्र की आत्मा को कुचला जा रहा है। हमारे पास अब एक ही विकल्प बचा है, बाबा साहब के संविधान को बचाना। यही हमारी सबसे बड़ी ढाल है। यह देश मनुस्मृति से नहीं बल्कि संविधान से चलेगा। इस अवसर पर दीपक अहिरबार. सचिन यादव. सोनम यादव एडवोकेट. हर्ष यादव. विराट चिरगाव. शैलेंद्र बसेला. हिमांशू यादव. अमित यादव. आदित्य यादव. स्वदेश यादव. संजू सेना. रणवीर पहलवान. रितेश बाल्मीकि. प्रशांत पिपरा आदि मौजूद रहें।

### बाबा साहब के सिद्धान्तों को आत्मसात करके अपने दायित्वों का निर्वहन करें : सीडीओ

# एकता व समरता के संकल्प के साथ देश के विकास में भागीदार बने : प्रभारी जिलाधिकारी

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर जनपद में विभिन्न स्थानों पर जुलूस, शोभायात्राएं व विचार गोष्ठियों का आयोजन हुआ, जिसके क्रम में कलैक्ट्रेट सभागार में प्रभारी जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव व विकास भवन सभागार में सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके साथ ही जेल चौराहा स्थित अम्बेडकर पार्क में अम्बेडकर महासभा के तत्वाधान में वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बाबा साहब के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गए। साथ ही वक्ताओं ने बाबा साहब के व्यक्तित्व व कृतित्व पर अपने-अपने विचार प्रकट किये। जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में जुलूस व शोभायात्राएं निकाली गई व बाबा साहब की प्रतिमाओं पर राजनैतिक दलों, प्रशासनिक अधिकारियों व आमजनों ने माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा की। शासन के निर्देशों के क्रम में 14 अप्रैल से 28 अप्रैल तक बाबा साहब की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन




किया जाएगा, जो आज से प्रारंभ होकर 28 अप्रैल तक अनवरत चलते रहेंगे, इसके लिए ब्लॉकवार एवं तहसील वार अधिकारियों को नामित किया गया है। प्रभारी जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि महान विभूतियां संघर्ष से ही जन्म लेती हैं, चाहें व हमारे ईष्ठ हों या कोई व्यक्ति। भगवान श्री राम को भी 14 वर्ष का वनबास काटना पड़ा था और श्रीकृष्ण का जन्म कारागार में हुआ था, इसी प्रकार बाबा साहब का जीवन भी संघर्षों से गुजरा है। प्रतिकूल परिस्थिति में भी उन्होंने 32 डिग्रियां हासिल की और पूरे विश्व का अध्ययन कर विश्व का सबसे बड़े संविधान- भारतीय संविधान की रचना की। उन्होंने बताया कि कोलम्बिया यूनिवर्सिटी में बाबा साहब की मूर्ति स्थापित है, जहां लिखा गया है कि आज तक बाबा साहब जैसे छात्र यूनिवर्सिटी में नहीं आये। बाबा साहब मात्र दलित समाज के नहीं, बल्कि पूरे भारतवासियों के लिए एक आइडल हैं, उनके सिद्धान्तों को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना है। उन्होंने सभी से कहा कि एकता व समरता के सिद्धान्त के साथ देश के विकास में भागीदार बनें। एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आजादी मिले हुए 78 वर्ष हो चुके हैं, आज तक कोई भी सामाजिक भेजभाव, साम्प्रदायिक भेदभाव देखने को नहीं मिलता, इसका कारण हमारे संविधान की शक्ति है, जो बाबा साहब की देन है। सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय ने सबसे छोटे कर्मचारियों से बाबा साहब के चित्र का अनावरण कराया, तत्पश्चात उन्होंने स्वयं बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किये। अग्निशमन अधिकारी ने कहा कि एक लम्बे समय सके जो लोग पिछड़े थे, जो शोषित और वंचित थे, उन्हें समानता की जरुरत थी, बाबा साहब ने भी ऐसा ही जीवन व्यतीत किया है, जिसके कारण उन्होंने व्यवस्था को बदलने का संकल्प लिया और संघर्ष करते हुए भारतीय संविधान की नीव रखी। डिप्टी कलैक्टर मनीष कुमार ने कहा कि इस बात को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता कि बाबा साहब ने किस तरह व्यवस्थाओं को बदलने की लिए संघर्ष किया। डिप्टी कलैक्टर मो.नासिर ने कहा कि बाबा साहब ने हमारे संविधान की रचना की, जिसमें समरसता का सूत्र दिया। प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने संघर्षों के साथ जीवन जीते हुए कई कुरीतियों का अंत किया, भारत महापुरुषों की भूमि है, जिनके विचार सदा अजर-अमर हैं। ओएसडी अनिल दीक्षित ने कहा कि बाबासाहब का नारा था शिक्षित बनो, संगठित रहो, सशक्त बनो, उनके महान सोच और देश के प्रति उनके बलिदानों का फलस्वरुप पूरे विश्व में बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर जी की सर्वाधित प्रतिमाएं स्थापित हैं। यह हम सभी भारतीयों के लिए गर्व की बात है। प्रशा.अधिकारी वीरेन्द्र जैन ने कहा कि जो संघर्ष करता है व सदा के लिए अमर हो जाता है, ऐसे ही थे हमारे बाबा साहब। शहर में अम्बेडकर पार्क में भीमराव अम्बेडकर महासभा के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर राजनैतिक दलों, अधिकारियों व प्रबुद्धजनों ने बाबासाहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और अपने-अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम में अम्बेडकर महासभा के संयोजक दीपक कुमार गौतम के द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन कराया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत/सेवानिवतृत्त प्रबुद्धजनों ने बच्चों को मार्गदर्शन किया और उन्हें बाबा साहब के सिद्धान्तों पर चलने के लिए प्रेरित किया। गोष्ठी में बताया गया कि आजादी मिलने के बाद देश चलाने के लिए संविधान की आवश्यकता पड़ी, जिस कारण बाबा साहब को संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया।

---

## ब्रीफ न्यूज

### भक्तों ने निकाली ध्वजा यात्रा, मिलता है बजरंगबली का आशीर्वाद



**ललितपुर।** श्रीहनुमान जयंती का उत्साह का चरम पर दिखाई दिया। हाथों में ध्वज लेकर भक्त सड़क पर उतरे और जय बजरंगी जय हनुमान का जयकारा लगाया। नगर के मोहल्ला गांधी नगर में ध्वजा यात्रा निकाली गई। माँ काली दक्षेश्वर माता मंदिर से निकला और श्री श्री 1008 राधा कृष्ण साहू समाज मंदिर के संकट मोचन मंदिर पर पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ। भारी संख्या में भक्त यात्रा में शामिल हुए और जय बजरंगी का जयकारा लगाया। बता दें कि चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जयंती मनाई जाती है। मान्यता है कि इस दिन बजरंगबली की आराधना से अष्ट सिद्धी नव निधि का आशीर्वाद मिलता है। भक्त हाथों में ध्वज लेकर यात्रा निकालते हैं और जयकारा लगाते हैं। नगर के गांधी नगर नई बस्ति स्थित माँ काली दक्षेश्वर माता मंदिर से निकली यात्रा का समापन श्री श्री 1008 राधा कृष्ण साहू समाज के संकट मोचन मंदिर पर होता है और सर्वसिद्धि की मनोकामना पूरी होती है। इस दौरान पं. प्रवीण दुबे महाराजजी, पं.राहुल चौबे, पं.विष्णु मिश्रा, पं.प्रमोद चौबे, राजेश दीक्षित, रामप्रसाद राजपूत, भानु प्रताप लोधी (राहुल), प्रेम नारायण पंथ, राजेन्द्र सिंह सिसोदिया, विनय जोशी टेलर, पत्रकार देवेंद्र साहू, हरिओम साहू, कपूर चंद्र साहू पाय वाले, पप्पू साहू जाखलौन वाले, शांति सिरनाम साहू मड़वारी, जुगराज साहू, अशोक साहू, साधना सुरेंद्र साहू रिंकू मड़वारी वाले, शंकरलाल शर्मा, दीपांशु, लकी, राजा, हर्ष, आंशिक, मोनिका, स्वति, बंसिका, प्रताप साहू, शिवराज साहू गदयाना, मयंक साहू, विवेक तिवारी, सुनील कुशवाहा, इमरत साहू, अभिषेक साहू, शंकर साहू, हरि साहू सहित समस्त मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

### फायर स्टेशन पर मनाया गया अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, एएसपी अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी डा.मतबूल हुसैन व अन्य पुलिस/फायर सर्विस कर्मियों की उपस्थिति में शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए फायर स्टेशन पर अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया गया। जिसमें शहीदों को पुलिस गार्द द्वारा शोक- शस्त्र करते हुये सलामी दी गयी तथा उनकी आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन व्रत रखा गया। तत्पश्चात् एक- दूसरे को पिन फ्लैग लगाया तथा गाडियों पर लगाने हेतु स्टीकर व पम्पलैट आदि वितरित किये गये। इसी क्रम में जनपद में अग्नि से जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार हेतु अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया।

---

# इक शख्श सारे शहर को वीरान कर गया...

### समाजसेवा में ऊंचा कद रखते थे कीर्तिशेष पं.सुनील चौबे बुढ़वार

- ■ चौथी पुण्यतिथि पर पत्रकार भवन में हुयी श्रद्धांजलि सभा
- ■ मुक्ति संस्था की ओर से कीर्तिशेष पं.सुनील चौबे बुढ़वार को दी गयी श्रद्धांजलि




सत्ता सुधार ■ ललितपुर

बिछड़ा कुछ इस अदा से कि रूत ही बदल गई, इक शख्श सारे शहर को वीरान कर गया। कदाचित यह पंक्तियां आज उस समय जीवंत हो उठी, जब शहर के प्रमुख समाजसेवियों में अपना कद ऊंचा रखने वाले परोपकारी कीर्तिशेष पं.सुनील चौबे बुढ़वार की चौथी पुण्यतिथि पर सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुक्ति संस्था के तत्वाधान आयोजित इस संगोष्ठी में राजनेता, पत्रकार, अधिवक्ता, सामाजिक संस्थाओं समेत शहर के गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। सर्वप्रथम अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा और कीर्तिशेष पं.सुनील चौबे बुढ़वार के चित्र सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की गयी। तदोपरान्त विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे कम उम्र के बुढ़वार गांव से प्रधान बने और लोगों की सेवा में तल्लीन रहे। इसके बाद उन्होंने मुक्ति संस्था के मार्गदर्शक बनकर जिले में मिलने वाली लावारिश शवों का विधिपूर्वक अंतिम संस्कार के कार्यों में जुट गये। मुक्ति संस्था की कमान शहर की जानी मनी शख्शियत अजित जैन अज्जू बाबा के हाथ हैं। इसके अलावा मुक्ति संस्था ने ललितपुर को हरा-भरा बनाने के लिए वृहद स्तर पर पौधों का रोपण किया, जो कि आज वृक्ष बनकर लोगों को छाया उपलब्ध करा रहे हैं।

इसके अलावा पत्रकारिता के क्षेत्र में आकर उन्होंने नये आयाम तय किये। आमजन और प्रशासन-शासन के मध्य सेतू बनने का कार्य करते हुये उन्होंने समाज के निचले, दबे-कुचले और शोषित वर्ग को न्याय दिलाने का कार्य भी बखूबी किया। वक्ताओं ने आगे कहा कि कीर्तिशेष पं.सुनील चौबे स्वयं न्याय की प्रतिमूर्ति थे। उनके विचार आज भी युवाओं को प्रेरणादायक और पत्रकारिता जगत में प्रासांगिक हैं। इस दौरान सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, सिद्धि समूह के चेयरमेन भूपेंद्र जैन, प्रेस क्लब संरक्षक सदस्य मंजीत सिंह सलूजा, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर पंथ, पं.सुशील चौबे, वरिष्ठ भाजपा नेता गन्धर्व सिंह लोधी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मेंद्र गोस्वामी, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी एड., पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौबे, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश खटीक, मनीष जैन मंगौड़ी, महेश भैया, बब्बू राजा, सुनील शर्मा आदि।

#### बुढ़वार चौबे परिवार ने की नये मुक्ति रथ की घोषणा

कीर्तिशेष पं.सुनील चौबे बुढ़वार की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर पत्रकार भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान बुढ़वार चौबे परिवार से वरिष्ठ समाजसेवी/पत्रकार पं.सुशील चौबे, पं.माधव सुनील चौबे कान्हा व उधव चौबे ने संयुक्त रूप से मुक्ति संस्था के लिए एक नये मुक्ति रथ को प्रदान करने की घोषणा की। इस घोषणा के बाद मुक्ति संस्था की ओर से अध्यक्ष अजित जैन अज्जू बाबा ने बुढ़वार चौबे परिवार का हृदय से आभार व्यक्त किया।

---

# कांग्रेस कार्यालय पर मनायी गयी बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेड़कर जयन्ती



सत्ता सुधार ■ ललितपुर

भारतरत्न डा.भीमराव अम्बेड़कर की जयन्ती शनिचर चौराहा स्थित कांग्रेस कार्यालय पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक की अध्यक्षता में बड़े ही धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान कांग्रेसियों ने डा.भीमराव अम्बेड़कर के चित्र सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित करते हुये उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेड़कर ने आजादी के बाद समाज को नई दिशा प्रदान की। भारत जैसे विशाल गणराज्य में लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावी करने के लिए संविधान का निर्माण किया। जिससे आज पूरा देश अपने अधिकारों को जानने-पहचानने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डा.बी.आर. अम्बेड़कर देश में एक ऐसा संविधान दे गये हैं, जिससे समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उनके मौलिक अधिकार प्राप्त हुये हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार भव्य तरीके से मनायी गयी बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेड़कर की जयन्ती के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहब के जीवन कृतित्व को प्रासांगिक बताया। इस दौरान जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक, पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी, संजीव चौरसिया, पंकज हुण्डैत, अशोक स्वर्णकार, रामभरोसे कुशवाहा नाराहट, जिला महासचिव असलम खान, नगराध्यक्ष रफीक अली, जिला महासचिव डा.रामसिंह यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मकरंद किलेदार विक्की, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश रजक एड., रामनरेश दुबे, राजेन्द्र अहिरवार, शिशुपाल नामदेव राजघाट, शाकिर के अलावा अनेकों कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

---

# बाबा साहब के आदर्श आज भी प्रासंगिक : एसएसई

### भारत गणराज्य का संविधान बाबा साहेब की देन : ब्रजेश कुमार

#### सीनियर सेक्शन इंजीनियर कर्षण वितरण उदयपुरा डिपो पर मनायी गयी अम्बेडकर जयन्ती



सत्ता सुधार ■ ललितपुर

सोमवार को संविधान रचियता भारतरत्न डा. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती सीनियर सेक्शन इंजीनियर कर्षण वितरण उदयपुरा डिपो में बड़े ही धूमधाम से मनाई गयी। वक्ताओं ने बाबा साहब के आदर्शो को आज भी प्रासंगिक बताते हुए उनके द्वारा संविधान में दिये अधिकारों के अनुसार कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर एसएसई राकेश कुमार ने कहा कि आज का दिन बाबा साहब डा.अंबेडकर जी के जीवन और उनके योगदान को याद करने के लिए भी मनाया जाता है। वह एक समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, लेखक और समाजसुधारक थे। उन्होंने समानता, न्याय और सामाजिक सुधारों के लिए उनके आजीवन संघर्ष किया, जिसके लिए बाबा साहब आज पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। लोको पायलट ब्रजेश कुमार रावत ने कहा कि आज का दिन लोगों को भारत रत्न बाबा साहेब डा. अंबेडकर जी के विचारों को आत्मसात करने और समाज में समानता और भाईचारे की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। जयन्ती अवसर पर एसएसई राकेश कुमार, लोको पायलट ब्रजेश कुमार रावत, संदीप यादव, आनंद कुशवाहा, दीपक मीना, अमित कुमार, धर्मलाल, राजहंस, आशाराम, विनोद राव, शशिकांत यादव, निखिल मोर्या, आदर्श बबेले, अनिल मीना के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

### युवा संघ ने चलाया रेलवे स्टेशन पर जल सेवा अभियान

**ललितपुर।** गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया बढ़ता तापमान लोगों का पसीना निकाल रहा है। गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है। खासतौर पर गर्मी के मौसम में रेल सफर में ठंडे पानी की आवश्यकता सबसे ज्यादा महसूस होती है। लोगों को ठंडा पेयजल मिल सके इसके लिए युवा संघ ने ललितपुर रेल्वे स्टेशन पर यात्रियों को जल सेवा दी। करीब 150 युवाओं की टीम ने हर कोच में जाकर यात्रियों को ठंडा पेयजल वितरण किया। उनकी इस मुहिम से यात्रियों को बडी राहत महसूस हुई। ललितपुर रेल्वे स्टेशन पर ट्रेनों का दो मिनट का ठहराव होता है, जिस कारण यात्री स्टेशन पर लगे प्याऊ से पानी नहीं भर पाते, ऐसे में युवाओं द्वारा जलसेवा से यात्रियों को ठंडा पानी उपलब्ध हो सका। युवा संघ समाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी निभा रहा है। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

---

# बाबा साहब ने दलित, शोषित, वंचितों को सम्मान देने का किया काम : नेपाल सिंह

### सपाईयों ने बाबा साहब को पुष्प अर्पित कर मनाई जयंती



सत्ता सुधार ■ ललितपुर

समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सपाइयों ने डा.अम्बेडकर पार्क पहुंच कर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात सपा कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें सभी ने बाबासाहेब के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कहा कि आज हम बाबा साहब की जयंती मना रहे हैं, हमें याद रखना चाहिए कि उनके द्वारा बनाए गए संविधान ने हमें हमारे अधिकार और सम्मान दिए हैं। हम संकल्प लेते हैं कि समाज में सामाजिक न्याय स्थापित होना चाहिए। आज भी हम देखते हैं कि ताकतवर लोग अभी भी कमजोरों पर अत्याचार कर रहे हैं। बाबा साहब के संविधान ने पीडीए को सम्मान और हमारा अधिकार दिया है और हम संकल्प लेते हैं कि पीडीए संविधान को बचाने के लिए संघर्ष करता रहेगा। इस दौरान जिला महासचिव डा.शिशुपाल सिंह लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, विजय सिंह यादव, मोहम्मद अनवर खान, नगराध्यक्ष अंशुल जैन, रोहित राठौर, रामनरेश यादव, शत्रुघ्न यादव, इंजी. हृदेश यादव मुखिया, नरेंद्र सिंह राजपूत, अरशद मंसूरी, रामविलास रजक, प्रमोद इमलिया, आकिब मंसूरी, गौरव विश्वकर्मा, सोन सिंह यादव, मूरत सिंह यादव, राजेश यादव जय गुरुदेव, राजेन्द्र सिंह डुलावन, राजेश झा, रोवन यादव, एड. रविकांत श्रीवास, राममूर्ति तिवारी, राहुल रजक, दीपक यादव, चंद्रपाल सिंह यादव, विक्की रजक, शाकिर अली, शैलेन्द्र यादव शांतिनगर, बिट्टू यादव, अशोक अहिरवार, राजेश यादव, भानसिंह यादव आदि मौजूद रहे।

---

**बैसाखी पर्व**

### अपने युग के लोकनायक गुरु गोविन्दसिंह ने बैसाखी के दिन सरबत द भला

# सर्वत्र की भलाई के लिए भगीरथ बन कर प्रेम की गंगा प्रवाहित की : प्रो.शर्मा

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

बैसाखी पर्व के पावन अवसर पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि सदियों से जात-पांत, ऊँच-नीच की सामंती चट्टान के नीचे जनसाधारण की सहृदयता का जो जल सिमट रहा था, वह मध्ययुगीन गुरुनानक और गुरुगोविन्दसिंह जैसे संतों की वाणी में फूट पड़ा और समस्त देश को समरस करता है। गुरुगोविन्दसिंह वज्र के समान कठोर और फूलों के पराग से भी ज्यादा कोमल थे। उन्होंने वर्ष 1699 को बैसाखी के पर्व पर शिवालिक पहाडयिों के मध्य सुरम्य प्रकृति की गोद में बने आनंदपुर साहिब पंजाब के केसगढ़ की पावन भूमि पर खालसा पंथ का सूत्रपात करके मुरझाये जीवन में नई जान फूंक दी। मृणमय



शरीर में चिन्मय ज्योति जगा दी। पूरे देश और काबुल- कंधार आदि स्थानों से आये हजारों नौजवान अजेय- अमृत पुत्र बनने की गुरुजी से दीक्षा ले रहे थे। खेतों में पककर सुनहली बालों के झरोखे से गेहूँ बाहर निकल-निकल कर मजबूती से मुट्ठी बाँधकर ऐसा संकल्पित हो रहा था कि जैसे कह रहा हो- मैं हूँ न। किसी को भी न तो भूख से मरने दूंगा और न ही अपनी पौष्टिकता के रहते किसी को बीमार नही होने दूंगा। ऐसे खुशहाली और जोशखरोश से लबरेज माहौल में आदिगुरु की वाणी का पाठ चल रहा था। जउ तउ प्रेम खेलण का चाव, सिर धरि तली गली मेरे आऊ। वास्तव में मानव प्रेम का अमृत जिसने चख लिया, वही दुसरों का सिर ऊँचा रखने के लिए अपने हाथ पर अपना सिर रखकर आत्मबलिदान के लिए सन्नद्ध हो जाता है।

ऐसा ही मंजर संसार को हिलाकर रख देने वाले सत्याग्रहियों की शान्तिसेना में उस समय दिखाई दिया जब उन्होंने अपनी आँखों से आनंदपुर के महोत्सव में रंकों को राजा, भेड़ों को शेर तथा सवा लाख की भाड़े की सेना पर भारी पड़ रहे अमृतधारी को देखा। करवट बदलते भारत के इतिहास की यह एक अनूठी घटना है।

---

# जरूरतमंदों की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म: विकास सोनी



### बाबा साहब की जयंती पर पठा विजयपुरा फाउंडेशन ने जरुरतमंदों को बांटे वस्त्र

**ललितपुर।** सोमवार को डा.भीमराव अम्बेडकर जयंती पर पठा विजयपुरा फाउंडेशन के तत्वावधान में महरौनी के ग्राम छपरट में आदिवासी बस्ती में जरूरतमंद लोगों को वस्त्र वितरण किए गए। नये वस्त्र पाकर बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान देखी गई। साथ ही उनकी समस्याएं सुनी गयी। इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक पत्रकार विकास सोनी ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा मानव धर्म है।

सशक्त व्यक्तियों को मानव सेवा के लिए आगे आना चाहिए, तभी समाज उत्थान संभव है। इस मौके पर पत्रकार निशु दुबे, आशीष सेन सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

## रूस ने सूमी शहर पर दागी मिसाइल, 34 की मौत

**कीव।** यूक्रेन के सूमी शहर में रविवार को रूस के मिसाइल हमले में कम से कम 34 लोगों की मौत हो गई और 117 घायल हो गए। यह हमला उस समय हुआ जब लोग पाम संडे मना रहे थे। मीडिया रिपोर्ट में यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि यह हमला सुबह करीब 10:15 बजे दो बैलिस्टिक मिसाइलों के जरिए किया गया। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं, जबकि घायलों में 15 बच्चे हैं। घटना के वीडियो फुटेज में शवों को कम्बलों में लपेटकर सड़क किनारे रखा गया और अग्निशमन दल क्षतिग्रस्त इमारतों से धधकती कारों की आग बुझाते नजर आया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि यह हमला आम नागरिकों को निशाना बनाकर किया गया है। राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख ने आरोप लगाया कि रूस ने हमले में क्लस्टर बमों का इस्तेमाल किया, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। यह सूमी पर एक सप्ताह में दूसरा बड़ा हमला है। इससे पहले, 4 अप्रैल को क्रिवी रीह में मिसाइल हमले में 20 लोगों की मौत हो गई थी। जेलेंस्की ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तत्काल और ठोस प्रतिक्रिया की अपील करते हुए कहा कि बातचीत से मिसाइलें नहीं रुकतीं। अब समय है कि रूस को आतंकवादी राष्ट्र जैसा ही जवाब दिया जाए।

## अफगानिस्तान में 4 लोगों को दी मौत की सजा, बतौर सजा स्टेडियम में मारी गोली

**काबुल।** अफगानिस्तान में हत्या के एक मामले में दोषी चार लोगों को मौत की सजा सुनाई गई। इसके कुछ दिनों बाद चारों दोषियों को शुक्रवार को स्टेडियम में गोली मार दी गई और यह 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से एक दिन में सबसे ज्यादा लोगों को मौत की सजा दी गई है। मानव अधिकार समूहों और संयुक्त राष्ट्र ने इस घटना की निंदा की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तालिबान नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने पूर्व में अफगानिस्तान में पश्चिमी कानूनों की जरूरत को खारिज कर दिया था। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने रविवार को एक्स पर एक ऑडियो जारी किया। इसमें अखुंदजादा ने कहा कि हमें अनुशासन और इबादत के काम करने चाहिए। हमें पूरी तरह से इस्लाम अपनाना चाहिए। इस्लाम सिर्फ कुछ रस्मों तक सीमित नहीं है। यह सभी अल्लाह के आदेशों की एक व्यापक व्यवस्था है।

## पाकिस्तान आतंकवाद और दुनिया के बीच दीवार की तरह खड़ा हैः नकवी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा है कि उनका देश आतंकवाद और दुनिया के बीच दीवार की तरह खड़ा है। उन्होंने अमेरिकी संसद के शिष्टमंडल से मुलाकात की और अर्थव्यवस्था, व्यापार, सुरक्षा व आतंकवाद-रोधी क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। अमेरिकी शिष्टमंडल में जैक बर्गमैन, थॉमस रिचर्ड सुओजी और जोनाथन एल जैक्सन शामिल थे। मीडिया रिपोर्ट में जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक दोनों पक्षों ने अर्थव्यवस्था, व्यापार, निवेश, सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी सहयोग को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए आपसी हितों के मामलों पर बातचीत की।

### आगजनी बनी चुनौतीः पांच साल में 26 हजार से ज्यादा घटनाएं

# जम्मू- कश्मीर में चार दमकल कर्मी बलिदान, 486 लोगों ने गंवाई जान



एजेंसी ■ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में आगजनी की बढ़ती घटनाएं चुनौती बनती जा रही है। पांच साल में प्रदेश में आगजनी की 26832 घटनाएं हुई, जिनमें हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति राख हुई। वहीं, चार दमकल कर्मी बलिदान और 66 घायल हुए हैं। इस संबंध में कश्मीर के आरटीआई एक्टिविस्ट को मिली जानकारी के अनुसार 2018 से 2023 तक प्रदेश में आगजनी की घटनाओं में 486 लोगों ने जान गंवाई और 510 घायल हुए। जम्मू-कश्मीर अग्नि एवं आपातकालीन सेवा विभाग ने हर घर फॉयर फाइटर अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य हर घर में फायर फाइटर तैयार करना है, ताकि आगजनी की घटनाओं को कम किया जा सके। 2022 में यह कार्यक्रम शुरू किया था। इसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और अद्योगिक संस्थानों में कार्यक्रम किए हैं। मार्च 2025 में इन संस्थानों में 7551 कार्यक्रम हुए हैं। इसमें 8.23 लोगों को शामिल किया, जिसमें 5.86 विद्यार्थी है। विभाग फायर सेफ्टी आडिट करवाता है। प्रदेश में 2020 में 4072 और 2024 में 7749 आगजनी की घटनाएं हुई। समय पर सूचना न मिलना और घटना स्थल के आसपास ट्रैफिक जाम व अवैध पार्किंग सबसे बड़ी चुनौती होती है। 2020 से 2024 तक आग पर काबू पाते हुए चार दमकल कर्मी बलिदान हुए।

आगजनी की बढ़ती चुनौती को देखते हुए जम्मू-कश्मीर अग्नि एवं आपातकालीन सेवा विभाग खुद को भी मजबूत कर रहा है। दिसंबर 2024 में विभाग ने बाड़ी ब्राह्मणा में आपातकालीन सेवा प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया है। मार्च में दमकल कर्मियों के पहले बैच ने प्रशिक्षण पूरा किया। केंद्र में अब रिफ्रेशर कोर्स करवाया जाता है, ताकि दमकल कर्मियों को नवीनतम तकनीक और कौशल से जोड़ा जा सके। विभाग एनएफएससी नागपुर के माध्यम से प्रशिक्षण केंद्र विकसित किया जा रहा है।

**कश्मीर संभाग में तीन माह में 41 घटनाएं, एक बच्चे की मौत-** दमकल विभाग के अनुसार 2025 में कश्मीर संभाग में अब तक 41 आग की घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें नौ घटनाएं सिर्फ शहर में घटी हैं। 16 अक्तूबर को किश्तवाड़ के मुलवाड़वन गांव में 70 मकान जले थे। 20 मार्च को अनंतनाग के कादिपोरा में एक घर में भीषण आग लगी थी। वहीं, जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं।

### उपकरणों के बेड़े को बढ़ाया जा रहा

आपात स्थिति में अग्निशमन और बचाव कार्यों की चुनौतियों का सामना करने के लिए विभाग के पास अग्निशमन उपकरणों का एक बड़ा बेड़ा है। इसमें उन्नत एरियल लैडर प्लेटफॉर्म, बहुउद्देश्यीय फोम टेंडर, फायर टेंडर, एडवांस रेस्क्यू टेंडर, त्वरित प्रतिक्रिया वाहन, वाटर बूजर, फायर और रेस्क्यू बोट, इमरजेंसी टेंडर, एम्बुलेंस, आयातित हाई-पावर पोर्टेबल फायर पंप, पोर्टेबल वाटर मिस्ट टेक्नोलॉजी सिस्टम शामिल हैं।

### 983 में हुई थी दमकल विभाग की शुरुआत

जम्मू-कश्मीर में अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं विभाग 1893 में श्रीनगर फायर ब्रिगेड के रूप में स्थापित किया गया था। आग पर पानी फेंकने के लिए बाल्टियों का इस्तेमाल किया जाता था। बाद में इसे भाप के इंजनों से बदल दिया गया, जिन्हें पानी गर्म करने के लिए जलाऊ लकड़ी जलाकर चालू किया जाता था और उन्हें दमकलकर्मियों द्वारा खींची जाने वाली गाड़ियों पर ले जाया जाता था। विभाग के पास शुरू में पांच फायर स्टेशन और 60 फायरमैन थे और यह मुंबई (1803) और कोलकाता (1822) के बाद देश की तीसरी सबसे पुरानी फायर ब्रिगेड है। वर्तमान में यह देश की चौथी सबसे बड़ी अग्निशमन सेवा है, विभाग के 180 स्टेशन है।

# मौसम की गर्माहट पाकर सर्दियों में दुबके आतंकी फिर हुए सक्रिय

### नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटे इलाकों में इन दिनों पाकिस्तानी हरकतें लगातार बढ़ रही हैं



एजेंसी ■ जम्मू

रियासी, कठुआ, अखनूर, डोडा और पुंछ समेत नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटे इलाकों में इन दिनों पाकिस्तानी हरकतें लगातार बढ़ रही हैं। माना जा रहा है कि सर्दियों में दुबके आतंकियों ने मौसम में गर्माहट पाकर सक्रियता बढ़ा दी है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि बीच-बीच में होने वाली फायरिंग, स्नाइपर हमले पाकिस्तान की बौखलाहट का नतीजा हैं। ये हरकतें बंद नहीं होंगी।

हालांकि उनका यह भी कहना है कि सुरक्षा एजेंसियां पहले से ज्यादा ताकतवर हैं, वे इनसे निपट लेंगी। इसके लिए कुछ अतिरिक्त प्रयास की जरूरत है। पुंछ और राजौरी जिलों तक सीमित आतंकवादी गतिविधियां अब जम्मू संभाग के अन्य क्षेत्रों में भी फैल रही हैं। उधमपुर और कठुआ जैसे क्षेत्र भी आतंकी गतिविधियों से प्रभावित हैं। कुछ साल पहले तक अपेक्षाकृत ऐसी घटनाओं से मुक्त रहे चिनाब घाटी जैसे इलाकों में भी आतंकवादियों की सक्रियता बढ़ी है। बदलाव यहीं नहीं आया है हमले के तौर-तरीकों में भी आया है। पहले आतंकवादी वाहनों पर घात लगाकर हमला करते थे, अब ग्रेनेड व कवचभेदी गोलियों के साथ-साथ एम 4 असॉल्ट राइफलों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

पाकिस्तान की बौखलाहट की बात करें तो जिन अंदरूनी हालात से अवाम का ध्यान भटकाने के लिए अपने पाले-पोसे आतंकियों की घुसपैठ करा रहा है, वे घेरकर मारे जा रहे हैं। सुरक्षाबल लगातार आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। जंगलों में भी जिस तरह से गोलीबारी कर सर्च ऑपरेशन चलाया गया, भागने के हर रास्ते पर नाकेबंदी की गई, उससे आतंकियों को खाना-पीना मिलना तक मुश्किल हो गया है। सुफैन मुठभेड़ के बाद स्थानीय लोगों के घरों से आतंकियों के खाना छीनने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। साफ है कि सुरक्षाबलों की घेराबंदी से आतंकी मददगारों की हरकतों पर भी नकेल कसी है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक केंद्र से मिल रहे एकदम स्पष्ट दिशा निर्देशों के कारण सुरक्षाबलों में कहीं कोई दुविधा जैसी स्थिति नहीं है। सुरक्षाबल आतंकियों को घेर-घेरकर उनके अंजाम तक पहुंचा रहे हैं। इन सबसे पाकिस्तान के मंसूबों पर पानी फिर रहा है। आतंकियों की हर नाकाम होती कोशिश से उसकी बौखलाहट बढ़ रही है। संघर्ष विराम का उल्लंघन उसी बौखलाहट का नतीजा है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि छोटे-छोटे हमलों से पाकिस्तान ध्यान भटकाने की कोशिशें आदतन जारी रखेगा। हमले बंद नहीं होंगे। सुरक्षाबलों को अपनी रणनीति के तहत आतंकियों को घेर-घेरकर उनके अंजाम तक पहुंचाने का काम जारी रखना होगा।

**बेहद प्रशिक्षित हैं आतंकी...विलेज डिफेंस कमेटी को मजबूत करना होगा - सैयद अता हसनैन** जम्मू-कश्मीर मामलों के जानकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन कहते हैं कि घुसपैठ कर आए आतंकी वेल ट्रेंड हैं। ये 25 से 35 की टुकड़ियों में अलग-अलग स्थानों पर बिखरे हुए हैं। छिपने के लिए ये तीन-चार के ग्रुप में बंट जाते हैं। जिस तरह से इनका प्रशिक्षण है उससे पाकिस्तान की स्पेशल फोर्स के भी इसमें शामिल होने की आशंका है। जो कुछ अब तक देखने में आया है उससे तो एक बात साफ है कि ये आतंकी गांव के लोगों के साथ घुल-मिलकर रहने में माहिर हैं।

## यूएस भारत की मदद का इच्छुक स्वच्छ ऊर्जा पर पीएम मोदी के नेतृत्व में बढ़ेगी बात : होलटेक

एजेंसी ■ न्यूयॉर्क

भारत को परमाणु ऊर्जा पर नए सिरे से काम करने की जरूरत है। अमेरिका परमाणु बुनियादी ढांचा विकसित करने में भारत की मदद करने की इच्छा रखता है, क्योंकि दोनों देशों की इस क्षेत्र में काफी दिलचस्पी है। यह कहना है होलटेक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. क्रिस सिंह का। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस दिशा में बात आगे बढ़ेंगी। कैमडेन, न्यूजर्सी स्थित कृष्णा पी सिंह प्रौद्योगिकी परिसर में खास बातचीत में सिंह ने कहा, भारत व अमेरिका की स्वच्छ ऊर्जा में रणनीतिक रुचि है परमाणु ऊर्जा को एकता का सूत्रधार होना चाहिए और भारत को स्वाभाविक रूप से इसमें अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। इसके लिए, भारत के पास निर्यात योग्य प्रौद्योगिकी होनी चाहिए। होलटेक इंटरनेशनल एक विविध ऊर्जा प्रौद्योगिकी कंपनी है। कंपनी ने पिछले महीने घोषणा की थी कि अमेरिकी ऊर्जा विभाग ने नई दिल्ली की सहमति से होलटेक इंटरनेशनल को भारत में कंपनी के छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर एसएमआर-300 को बेचने के लिए विशिष्ट अधिकार प्रदान किया है।



### 8.5 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता में होना चाहिए कई गुना विस्तार

क्रिस सिंह ने कहा कि भारत का परमाणु ऊर्जा उत्पादन वर्तमान में 8.5 गीगावाट है। वर्ष 2047 तक इसे कई गुना बढ़ाया जाना चाहिए। तब भारत अपनी स्वतंत्रता का शताब्दी वर्ष मनाएगा। पीएम मोदी ने स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत में हमारे रिएक्टर की स्थापना के लिए बाधाओं को दूर किया है। भारत अब अपना काम करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत, कानून बनाने के लिए काम कर रहा है। शायद संसद के मानसून सत्र में देश में छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) बनाने से निजी कंपनियों को रोकने वाले पिछले अधिनियमों में संशोधन का प्रस्ताव पेश किया जा सकता है।

## भारत ने की नई तकनीक इजाद, लेजर सिस्टम छोटे विमानों व ड्रोन को गिराने में सक्षम

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारत ने ऐसी तकनीकी क्षमता हासिल की है जिससे 30-किलोवाट के लेजर सिस्टम से छोटे विमानों और ड्रोन को निशाना बनाया जा सकता है। यह सिस्टम मिसाइलों और सेंसर को भी बेकार कर देगा। यह कामयाबी हासिल करने वाला भारत चौथा देश है। अमेरिका, रूस, चीन, यूके जैसे देशों के पास यह टेक्नोलॉजी पहले से ही मौजूद है। ये देश भी स्टार वार्स जैसे हथियार बनाने में लगे हैं। इन हथियारों को डायरेक्टेड एनर्जी वेपन्स नाम दिया गया है।

आंध्र प्रदेश के कुरनूल में परीक्षण में लेजर-डीईडब्ल्यू मार्क-2(ए) सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है। इस सिस्टम ने एक छोटे विमान और सात ड्रोन के झुंड को मार गिराया और ड्रोन पर लगे कैमरों और सेंसर को भी निष्क्रिय कर दिया। ये परीक्षण 3.5 किलोमीटर की दूरी तक किया गया। डीआरडीओके डायरेक्टर-जनरल डॉ. बी के दास ने कहा कि यह एक शक्तिशाली हथियार है। यह मिसाइलों और गोला-बारूद से काइनेटिक किल्स करने के बजाय बीम किल्स करता है। इससे दुश्मन को मार गिराया जा सकता है। यह खासकर लंबी चलने वाली लड़ाइयों के लिए बहुत उपयोगी है। यह भविष्य की तकनीक है।

उन्होंने कहा कि बीम किल्स और काइनेटिक किल्स शब्दों का इस्तेमाल किया। बीम किल्स का मतलब है लेजर से मारना और काइनेटिक किल्स का मतलब है मिसाइल से मारना। 30-किलोवाट का यह सिस्टम ड्रोन को पहचानने और उन्हें रोकने के लिए बनाया गया है। इसे इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम कहा जाता है। भारत इस तरह के सस्ते ड्रोन-रोधी सिस्टम बनाने में पीछे था। अब चुनौती यह है कि इस सिस्टम को छोटा कैसे किया जाए। इसे विमानों और युद्धपोतों पर भी लगाया जाना है। सेना ने अभी तक 23 इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम शामिल किए हैं। इनमें 2-किलोवाट के लेजर लगे हैं और इनकी कीमत करीब 400 करोड़ है। डीआरडीओ ने 10-किलोवाट के लेजर भी बना लिए हैं, लेकिन इनकी मारक क्षमता सिर्फ 1 से 2 किलोमीटर ही है।

आजकल ड्रोन का इस्तेमाल बढ़ गया है। ड्रोन के झुंड एक बड़ा खतरा बन गए हैं। इसलिए डीआरडीओ अब 50 से 100-किलोवाट के डीईडब्ल्यूस पर काम कर रहा है। इसके साथ ही वह हाई-एनर्जी माइक्रोवेव पर भी काम कर रहा है। डीआरडीओ ने इसके लिए एक योजना बनाई है। इस योजना में छोटे, मध्यम और लंबे समय के लक्ष्य शामिल हैं। एक डीआरडीओ अधिकारी ने कहा कि कम लागत वाले ड्रोन हमलों से निपटने के लिए डीईडब्ल्यूस का इस्तेमाल बढ़ रहा है। इसलिए यह दुश्मनों को हराने का एक सस्ता तरीका हो सकता है।

### दुबई से वापस लौटने समय युवक की मौत

**सीकर।** सीकर जिले में एक दुखद हादसे की खबर सामने आई है। दुबई से कमाई करके अपने घर लौट रहे एक युवक के लिए बीच रास्ते में ही मौत हो गई। अनिल महला नाम का युवक जो दुबई में नौकरी कर रहे थे, पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार अपने घर को पहुंचने के लिए रविवार को एयरपोर्ट से निकले थे। उन्हें उनके मामा के बेटा और उनका दोस्त जयपुर तक लेने आए थे, लेकिन रास्ते में एक दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर से होने वाली टक्कर ने उनकी मौत का कारण बन दिया। उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता दी गई है। कृष्णा के दोस्त श्रवण को भी गंभीर चोटें पहुंची हैं और उन्हें सीकर के अस्पताल में भर्ती करना पड़ा है। अनिल झुंझुनूं जिले के जुहारपुरा गांव का रहने वाला था। रविवार को अनिल दुबई से वापस लौटा था। उसे लेने के लिए उसके मामा का बेटा बालरासर निवासी कृष्णा जाखड़ और उसका दोस्त श्रवण कार लेकर जयपुर पहुंचे थे। फिर तीनों कार से घर के लिए रवाना हो गए।

## 24 घंटे के अंदर दूसरी बार कांपा म्यांमार

### पिछले महीने मची तबाही के बाद से लगातार आ रहे भूकंप के झटके

एजेंसी ■ नेपीताव

म्यांमार 24 घंटे के अंदर दूसरी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 4. मापी गई। भूकंप सोमवार सुबह 10 बजकर छह मिनट पर जमीन से 103 किमी. की गहराई में आया। इस भूकंप का असर भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों में महसूस किया गया। मणिपुर में इसका असर सबसे ज्यादा रहा। इससे पहले रविवार को म्यांमार में 4.5 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप 10 किमी. गहराई में दर्ज किया गया था, जिससे यह आफ्टरशॉक के लिए अतिसंवेदनशील माना गया। 28 मार्च के भूकंप के बाद आए सैकड़ों झटकों में से इस भूकंप के कारण किसी बड़े नुकसान या हताहत होने की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ मिन टुन के मुताबिक, शुक्रवार तक 28




मार्च के भूकंप में मरने वालों की संख्या 3,649 थी, जबकि 5,018 लोग घायल हुए थे।

म्यांमार के मौसम विभाग ने बताया कि रविवार का भूकंप मंडालय से 97 किलोमीटर (60 मील) दक्षिण में वुंडविन टाउनशिप के क्षेत्र में 20 किलोमीटर (12 मील) की गहराई में आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने गहराई 7.7 किलोमीटर (4.8 मील) होने का अनुमान लगाया। वुंडविन के लोगों ने बताया कि भूकंप इतना शक्तिशाली था कि लोग इमारतों से बाहर निकल आए। कुछ घरों की छतें क्षतिग्रस्त हो गई। संयुक्त राष्ट्र ने पिछले सप्ताह चेतावनी दी थी कि 28 मार्च को आए भूकंप से होने वाली क्षति म्यांमार में मौजूदा मानवीय संकट को और भी बदतर बना देगी। म्यांमार फिलहाल गृहयुद्ध से जूझ रहा है। इस वजह से पहले ही 30 लाख से अधिक लोग यहां से विस्थापित हो चुके हैं। भूकंप ने कृषि उत्पादन को बुरी तरह से प्रभावित किया है। कई चिकित्सा सुविधाओं के क्षतिग्रस्त या नष्ट होने से म्यांमार में स्वास्थ्य आपातकाल के हालात बन गए हैं।

चेतावनी

### पूर्व पीएम शेख हसीना ने युनुस पर बांग्लादेश के इतिहास को मिटाने का आरोप लगाया

# वीडियो जारी कर बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने यूनुस को दी चेतावनी

एजेंसी ■ ढाका

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने वीडियो जारी कर अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस को चेतावनी दी। शेख हसीना ने अंतरिम सरकार को खुदगर्ज सूदखोर करार दिया। वहीं ढाका कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद शेख हसीना की भतीजी और ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी ने भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज किया। पूर्व पीएम शेख हसीना ने आठ मिनट के वीडियो में कहा कि अंतरिम सरकार ने सत्ता की प्यास बुझाने के लिए विदेशी शक्तियों के साथ मिलकर देश के पतन की साजिश रची। उन्होंने युनुस पर बांग्लादेश के इतिहास को मिटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के सभी चिह्न मिटाए जा रहे हैं। स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया जा रहा है। हमने उनकी यादों को जिंदा रखने के लिए सभी जिलों में मेमोरियल बनाए थे, लेकिन उन्हें जला दिया जा रहा है। क्या डॉ. यूनुस इसे सही मान रहे हैं? अगर युनुस आग से खेलेंगे तो यह आपको भी जला देगी। उन्होंने कहा कि उस कर्जदार, सत्ता के भूखे, पैसे के भूखे और आत्मकेंद्रित व्यक्ति ने विदेशी साजिश रची और देश को नष्ट करने के लिए विदेशी फंड का इस्तेमाल किया। बीएनपी और जमात ए इस्लामी हत्याएं कर रहे हैं और आवामी लीग को परेशान कर रहे हैं। शेख हसीना ने कहा कि अवामी लीग के नेताओं को उपद्रवियों की मौत के लिए फंसाया जा रहा है। जिन लोगों ने पुलिस स्टेशन जलाए और पुलिसकर्मियों को मार डाला, उन पर आरोप नहीं लगाए जा रहे हैं। अवामी लीग के नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं। मोहम्मद यूनुस को इसके परिणाम पता थे, लेकिन वे सत्ता के भूखे हैं। ढाका कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद शेख हसीना की भतीजी और ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी ने भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि मैंने कोई गलत काम नहीं किया है। सिद्दीकी के प्रवक्ता ने कहा कि सिद्दीकी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप पूरी तरह से झूठे हैं और उनके वकीलों ने इस मामले को निपटा दिया है।





प्रवक्ता ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने सिद्दीकी को कोई जवाब नहीं दिया और न ही सीधे या उनके वकीलों के माध्यम से उन पर कोई आरोप लगाया है। सिद्दीकी को ढाका में उनके संबंध में चल रही सुनवाई के बारे में कुछ भी पता नहीं है और उन्हें किसी भी गिरफ्तारी वारंट के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन पर लगाए गए किसी भी आरोप का कोई आधार नहीं है और इस आरोप में कोई सच्चाई नहीं है कि उसने अवैध तरीकों से ढाका में जमीन का एक प्लॉट लिया।

## अमेरिका में एक शो ने उड़ाया ट्रंप का मजाक, नाराज ट्रंप ने दे डाली धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रेसिप्रोकल टैरिफ लगाकर और चीन पर ऐक्शन को लेकर खूब सुर्खियां में हैं। ट्रंप के इस कदम की अमेरिका में भी आलोचना हो रही है। अमेरिका के पॉपुलर शो 60 मिनट्स में ट्रंप का खूब मजाक उड़ाया गया। इस घटना ने ट्रंप का गुस्सा और बढ़ा दिया है। ट्रंप ने कहा, कि यह शो हर हफ्ते उनका नाम ÷अपमानजनक और बदनाम करने वाले तरीके से लेता है। इस बार का प्रसारण तो सभी हदें पार कर गया। उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया ट्रूथ पर लिखा- हर सप्ताह '60 मिनट्स' शो मेरे नाम को नीचा दिखाने की कोशिश करता है, लेकिन इस वीकेंड का 'ब्रॉडकास्ट' अब तक का सबसे बुरा था। उन्होंने अमेरिका के फेडरल कम्युनिकेशन कमिशन के चेयरमैन से इस चैनल पर अवैध और गैरकानूनी व्यवहार के लिए जुर्माना और सजा देने की मांग की है। चैनल ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। रविवार को प्रसारित एपिसोड में ÷60 मिनट्स÷ के सीनियर संवाददाता यूक्रेन पहुंचे थे। जहां उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। यह मुलाकाता एक रूसी हमले की जगह पर की गई थी, जहां हाल ही में 9 बच्चों की मौत हुई थी। जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें पुतिन से 100 फीसदी नफरत है।

# वक्त कभी किसी का सगा नहीं

खूबसूरत सृष्टि की रचना करने वाली कुदरत ने खूबसूरत मानवीय जीवन के साथ वक्त का एक ऐसा पहिया संलग्न कर दिया है कि मानवीय जीवन चक्र के साथ वक्त का पहिया भी घूमता रहता है! जो किसी का सगा नहीं है!! बस मानवीय जीवन को ही अपनी बुद्धि के बल पर परिस्थितियों के अनुसार कुशाग्र बुद्धि से वक्त का सकारात्मक उपयोग कर ऐसा कार्य करना चाहिए कि हमारा नाम सदियों, पीढ़ियों तक टिमटिमाते तारों की तरह इस सृष्टि में जगमगाता रहे, क्योंकि वक्त हमेशा एक सा नहीं रहता वक्त का पहिया कैसे करवट बदल देता है, पता ही नहीं चलेगा, क्योंकि वक्त अपनी गति से चलता रहेगा वक्त का पहिया हमेशा एक जैसा नहीं रहता कितना भी पकड़ लो फिसलता ज़रूर है, यह वक्त है साहब बदलता जरूर है। साथियों बात अगर हम वक्त के तकाज़े की करें तो हम खुद अपने पुराने और आज के वक्त का ही विश्लेषण कर ले कि कुछ साल या दशक पूर्व हम क्या थे और अब क्या हैं, तो हमें पता चल ही जाएगा कि वक्त कभी एक सा नहीं रहता!! इतना ही नहीं अगर हम अपने ही समाज या पीढ़ियों का विश्लेषण करें तो हमें अंदाज लग जाएगा कि वक्त का पहिया कैसे घूमकर बदलते रहता है इसलिए ही बड़े बुजुर्गों का कहना हैं, समय-समय की बात है आज तुम्हारा समय है कल हमारा समय भी आएगा साथियों बात अगर हम हमारे शहर जिले राज्य या राष्ट्र की करें तो हमें ऐसे कई उदाहरण मिल जाएंगे, अपने को बड़े शहंशाह, तीरंदाज कहने मानने वाले लोगों को भी हमने लाचार, तारतार होते देखा होगा, जिनके पास बेशुमार, दौलत पावर था और सबकुछ खरीद सकते थे परंतु वक्त का पहिया ऐसा फिसला कि उनका पैसा, पावर सब कुछ जमींदरोज़ हो गया और पैसे पैसे को मोहताज हो गए, हमने सुना ही नहीं अपनी आंखों से देखा भी जरूर होगा या फिर हमें यह अपने उम्र के बढ़ते चढ़ाव पर देखने को जरूर मिल जाएगा।

साथियों बात अगर हम वक्त के पहिए की करें तो यह किसी का सगा नहीं है बड़े से बड़े उद्योगपति, राजनीतिज्ञ अधिकारी, मंत्री, उच्च पदस्थ व्यक्ति यहां तक कि कभी उनके पास उद्योग, सत्ता, शासन-प्रशासन पावर की चाबी उनके हाथ में रहने वालों के वक्त के पहिए ने भी कैसे करवट बदल ली है कि उनका हाथ आज खाली है! जिनकी तूती बोलती थी आज उनकी बोलती बंद है!! इसलिए कहते हैं साहब यह वक्त है बदलता ज़रूर है इसलिए समय रहते कुछ ऐसा काम करो कि वक्त को भी तुम्हारे पास रुकने पर मजबूर होना हो जाना पड़े साथियों बात अगर हम कुछ सालों से वक्त के पहिए की करवट बदलने की करें तो कैसे हम खुशहाल थे, फिर कोरोना महामारी आई, वैक्सीनेशन ड्राइव चला, आज करीब-करीब नियंत्रित है, सत्ता के बदलाव, कुछ चिन्हित उद्योगपतियों द्वारा बैंक घोटाला, देश के बाहर और भगोड़े घोषित इत्यादि यह सब बातें हमने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय सत्ता परिवर्तन, 90 दिन से चले आ रहे हैं रूस यूक्रेन युद्ध सहित अनेक व्यवहार देखें जिसके आधार पर हम कह सकते हैं कि वक्त किसी का सगा नहीं करवट जरूर बदलता है। साथियों बात अगर हम वक्त के पहिए की करें तो, जीवन में सबसे अनमोल चीज है वक्त जिसका चक्र निरंतर रूप से चलते रहता है। इसे कोई रोक नहीं सकता जैसे रेत को कितनी भी जोर से मुट्ठी में बांध के रखो वह फिसलती रहती है।

# खादी संवारे भविष्य: क्रिएट इन इंडिया चैलेंज से स्थायित्व को बढ़ावा



- धनलक्ष्मी पी

**यह एक ऐसी पहल है, जिसमें दुनिया भर के रचनात्मक व्यक्ति डिजिटल कला, सोशल मीडिया स्टोरीटेलिंग या विज्ञापन संबंधी अवधारणाओं के माध्यम से खादी को पारंपरिक वस्त्र से वैश्विक फैशन आइकन में बदलने के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। यह पहल दुनिया भर के रचनाकारों को किसी महान चीज पर अपनी रचनात्मक छाप छोड़ने में मदद करती है।**

हम एक ऐसे वस्त्र को पहनने के बारे में कल्पना करें, जो न केवल स्टाइलिश हो, बल्कि स्वतंत्रता, स्थायित्व और वैश्विक प्रभाव की गाथा को भी अभिव्यक्ति देता हो। वह खादी ही है - भारत का प्रतिष्ठित वस्त्र! अभी हम खादी के बारे में क्यों बात कर रहे हैं? क्या इसलिए कि गर्मी का मौसम है और खादी के अलावा और कौन-सा कपड़ा त्वचा और सेहत को आराम दे सकता है? बेशक, यह खादी ही है। लेकिन इस संवाद को लाने का एक और महत्वपूर्ण कारण यह है कि उम्मीद है कि आपने मेक द वर्ल्ड वियर खादी चैलेंज के बारे में सुना होगा। यह चैलेंज 1 से 4 मई, 2025 तक मुंबई में होने वाले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन सम्मेलन (वेव्स) के उद्घाटन के हिस्से के रूप में आयोजित किए जा रहे 32 क्रिएट इन इंडिया चैलेंजों में से एक होगा। यह महज एक अभियान भर ही नहीं है। यह चैलेंज सिर्फ कार्रवाई के लिए आह्वान से कहीं अधिक है। यह एक ऐसी पहल है, जिसमें दुनिया भर के रचनात्मक व्यक्ति डिजिटल कला, सोशल मीडिया स्टोरीटेलिंग या विज्ञापन संबंधी अवधारणाओं के माध्यम से खादी को पारंपरिक वस्त्र से वैश्विक फैशन आइकन में बदलने के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। यह पहल दुनिया भर के रचनाकारों को किसी महान चीज पर अपनी रचनात्मक छाप छोड़ने में मदद करती है। क्रिएट इन इंडिया चैलेंज और विशेष रूप से मेक द वर्ल्ड वियर खादी सेगमेंट रचनात्मक पेशेवरों को दुनिया के खादी को देखने के तरीके को नया रूप देने का एक अविश्वसनीय अवसर प्रदान करता है। भारत की सांस्कृतिक विरासत को अत्याधुनिक रचनात्मकता के साथ मिलाकर, प्रतिभागी खादी को एक वैश्विक तौर पर फैशन की एक शक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद कर सकते हैं, जो आधुनिक मूल्यों को दर्शाती है।

भारत और दुनिया भर से मेक द वर्ल्ड वियर खादी चैलेंज के लिए पंजीकृत 750 से अधिक प्रतिभागियों के साथ, एक रचनात्मक प्रदर्शन के लिए मंच तैयार है, जो वैश्विक मंच पर भारत की अभिनव भावना को उजागर करता है। प्रतिभागियों को एक प्रिंट क्रिएटिव, एक आउटडोर होर्डिंग और एक डिजिटल/सोशल मीडिया क्रिएटिव बनाने का काम सौंपा गया था। पंजीकरण 27 जनवरी को खुला, मार्च में शॉर्टलिस्टिंग हुई और कल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा की गई। विज्ञापन और रचनात्मक उद्योगों के दिग्गजों से बनी एक प्रतिष्ठित जूरी ने मौलिकता, सांस्कृतिक प्रतिध्वनि, वैश्विक अपील और प्रतियोगिता के दृष्टिकोण के साथ तालमेल के आधार पर प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। शॉर्टलिस्ट की गई प्रविष्टियां अपनी रणनीतिक अंतर्दृष्टि, शक्तिशाली कहानी कहने और खादी के इर्द-गिर्द वैश्विक बातचीत को बढ़ावा देने की क्षमता के लिए अलग से उभरीं।

कुल पांच उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है- इमान सेनगुप्ता और सोहम घोष - हवास वर्ल्डवाइड इंडिया; कार्तिक शंकर और मधुमिता बसु - 22 फीट ट्राइबल; काजल तिरलोतकर - इंटरएक्टिव एवेन्यूज; तन्मय राउल और मंदार महादिक - डीडीबी मुद्रा समूह; आकाश मेजरी और काजोल जेसवानी - डीडीबी मुद्रा समूह। विजेताओं की घोषणा मई 2025 में वेव्स समिट में की जाएगी।

**खादी: टिकाऊ फैशन का कूल फैक्टर:** खादी सिर्फ पुराने जमाने की नहीं है; यह टिकाऊ फैशन का भविष्य है। हाथ से बुनी हुई, पर्यावरण के अनुकूल और प्यार से बनाई गई खादी जेनरेशन जेड और मिलेनियल की हर पसंद का प्रतिनिधित्व करती है, जैसे प्रामाणिकता, स्थायित्व और नैतिक विकल्प। साथ ही, इसे कारीगरों द्वारा बनाया जाता है, जो पर्यावरण को अनुकूल रखते हुए स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाता है। खादी सिर्फ एक फैशन ट्रेंड ही नहीं, बल्कि यह एक आंदोलन भी है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में निहित, खादी महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का प्रतीक बन गई। आज, यह एक टिकाऊ, हस्तनिर्मित और पर्यावरण के अनुकूल कपड़ा है, जो खासकर ग्रामीण भारत में कारीगरों को सशक्त बनाता है, जबकि फास्ट फैशन के पर्यावरणीय नुकसान के खिलाफ लड़ाई में योगदान देता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद, क्योंकि उन्होंने कई साल पहले ऐसे उत्पादों के निर्माण हेतु शंखनाद किया था, जो जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट वाले हों। खादी अपनी पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रियाओं और टिकाऊ उत्पादन के साथ पूरी तरह तालमेल रखती है, जो नैतिक फैशन की ओर वैश्विक बदलाव में अपनी भूमिका को मजबूत करती है। सरकार की मेक इन इंडिया पहल भी यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है कि खादी उत्पाद अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करते हैं। बिल्कुल सही कहा गया है, हमें पृथ्वी अपने पूर्वजों से विरासत में नहीं मिलती है, हम इसे अपने बच्चों से उधार लेते हैं। यह भावना खादी के लोकाचार के साथ पूरी तरह मेल खाती है, एक टिकाऊ, पर्यावरण के प्रति अनुकूल वस्त्र, जो हमारे अतीत से हमें जोड़ता है और साथ ही भविष्य की पीढ़ियों के लिए धरती की सुरक्षा करता है। दुनिया सतत, पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रणालियों को अपना रही है। इसके साथ ही, वैश्विक मंच पर खादी का स्थान पहले से कहीं ज़्यादा स्पष्ट होता जा रहा है। यह वस्त्र केवल अतीत का अवशेष नहीं है, बल्कि भविष्य के लिए एक प्रकाश स्तंभ है। ग्रामीण कारीगरों की हस्तनिर्मित कलात्मकता से लेकर इसके कालातीत वस्त्र की वैश्विक अपील तक, खादी एक बार फिर आज की दुनिया में स्टाइलिश और टिकाऊ होने के अर्थ को फिर से निर्धारित करने के लिए तैयार है।

**केवीआईसी की भूमिका और सरकारी पहल :** खादी के पुनरुत्थान के केंद्र में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) की प्रतिबद्धता है। खादी के प्रचार के लिए नोडल एजेंसी के रूप में, केवीआईसी कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार तक पहुंच की सुविधा प्रदान करके स्थानीय कारीगरों के सशक्तिकरण का समर्थन करता है। सरकार समर्थित पहलों और कार्यक्रमों के माध्यम से, केवीआईसी ने सुनिश्चित किया है कि खादी न केवल अपनी समृद्ध परंपरा को बनाए रखे, बल्कि आज के वैश्विक फैशन बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए विकसित हो। वेव्स समिट सिर्फ एक और आयोजन नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक रचनात्मक खेल का मैदान है। इसे मीडिया और मनोरंजन जगत का केंद्र समझें, जहां प्रसारण, गेमिंग, डिजिटल मीडिया और अन्य क्षेत्रों के उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ कार्यशालाएं, प्रतियोगिताएं और नेटवर्किंग के अवसर उपलब्ध हैं। 'मेक द वर्ल्ड वियर खादी' चैलेंज को दुनिया भर से नए, साहसिक विचारों को सामने लाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो रचनात्मकता को प्रेरित करता है जो शायद दुनिया को खादी पहनने के लिए प्रेरित करे। हम वेव्स 2025 के दौरान विजेताओं की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह चैलेंज खादी को एक आधुनिक, आकांक्षी और टिकाऊ ब्रांड के रूप में स्थापित करने के लिए नए और रचनात्मक तरीकों को सामने लाने का वादा करती है और आने वाले समय के लिए उत्साह बढ़ता जा रहा है।

**(लेखिका पीआईबी मुंबई में मीडिया और संचार अधिकारी हैं)**

# कौन है फ़र्ज़ी कौन है नक़ली कैसे हो पहचान

नक़ली और मिलावटी वस्तुओं यहाँ तक कि मिलावटी खाद्य सामग्री, नक़ली जीवन रक्षक दवाइयां, ज़हरीले फल व सब्ज़ियाँ, मिलावटी घी, पनीर, दूध, खोया, मिलावटी मिठाइयां, मिलावटी मसालों जैसी अनेक चीज़ों का कारोबार हमारे देश में दशकों से बेरोकटोक होता आ रहा है। और न जाने कितने लोग ऐसी खाद्य वस्तुओं के सेवन से मौत की गोद में भी समा चुके हैं। जब कभी ऐसा कोई नेटवर्क क़ानून की गिरफ़्त में आता है तो उसकी ख़बरें भी प्रकाशित होती हैं। परन्तु ऐसी नक़ली और मिलावटी वस्तुओं के उत्पादक, निर्माता, वितरक व विक्रेताओं के विरुद्ध सरकार व प्रशासन क्या और कितनी कार्रवाई करता है इसका अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह जानलेवा धंधा कम होने के बजाये और भी अधिक फलता फूलता जा रहा है। हद तो यह है कि देश में तमाम ब्रांडेड सामग्रियां भी नक़ली बिक रही हैं। मगर कोई पूछने वाला नहीं है। ज़ाहिर है यह सब नक़्क़ालों, मिलावटख़ोरों तथा प्रशासन के मिलेजुल नेटवर्क का ही परिणाम है। और शायद सरकार व प्रशासन की इसी अनदेखी का ही नतीजा है कि अब केवल खाद्य सामग्री या दैनिक उपभोग की वस्तुयें मात्र ही नक़ली या मिलावटी नहीं बल्कि यही फ़र्ज़ी लोग बड़े बड़े सवेदनशील पदों को भी कलंकित करते दिखाई दे जाते हैं।

हमारे देश में कभी कोई फ़र्ज़ी आई ए एस पकड़ा जाता हो तो कभी कोई फ़र्ज़ी आई पी एस अधिकारी बना घूमता रहता है। हद तो यह है कि अब तो देश में न केवल स्वयं को प्रधानमंत्री कार्यालय का एडिशनल डायरेक्टर बताने वाला गुजरात का एक फ़र्ज़ी व्यक्ति पकड़ा जा चुका बल्कि गत दिनों तो एक नक़ली हार्ट सर्जन तक गिरफ़्तार किया गया। देश के सुधी व जागरूक लोगों को याद होगा कि मार्च 2023 में श्रीनगर में किरण पटेल पुत्र जगदीश पटेल नाम के एक फ़र्ज़ी व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ा गया था। यह ठग खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय का एडिशनल डायरेक्टर बताता था तथा ज़ेड प्लस सुरक्षा के साथ बुलेटप्रूफ गाड़ी पर चला करता था। जबकि ज़ेड प्लस सुरक्षा पर प्रति व्यक्ति 40 से 45 लाख रुपए महीना तक का ख़र्च होता है। ठग पटेल हमेशा फ़ाइव स्टार होटल में ही ठहरा करता था। प्रधानमंत्री कार्यालय का अधिकारी बनकर ही वह जगह जगह की यात्राएं करता था और इसी आधार पर वह सरकारी सुख सुविधायें भी लिया करता था। ख़ुफ़िया एजेंसी के अलर्ट के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 2 मार्च 2023 को उसे गिरफ़्तार कर लिया। गिरफ़्तारी के समय उसके पास से कई फ़र्ज़ी विज़िटिंग कार्ड भी बरामद किए गए। पटेल के बारे में विस्तृत जांच से पता चला कि उसके विरुद्ध गुजरात में पहले से ही ठगी के तीन मामले दर्ज थे। उसके बावजूद उसके हौसले इतने बुलंद थे कि बाद में भी कई महीने तक यह ठग स्वयं को प्रधानमंत्री कार्यालय का उच्चाधिकारी बताकर घूमता रहा। उसके झांसे में आकर तमाम अधिकारी उसकी ख़ुशामद में लगे रहते। सुरक्षा एजेंसियों की इससे बड़ी नाकामी और क्या हो सकती है? ज़रा सोचिये कि एक तरफ़ तो जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक हैं जिन्हें ज़ेड प्लस सुरक्षा व बुलेटप्रूफ गाड़ी मिलनी चाहिये परन्तु उनकी सुरक्षा के लिये तो केवल एक निजी अधिकारी तैनात किया गया जबकि गुजरात का एक ठग यह सभी सुविधायें लेकर सुरक्षा एजैंसियों व बड़े बड़े अधिकारीयों की आँखों में धूल झोंककर घूमता रहा?



तनवीर जाफ़री

पिछले दिनों ऐसा ही एक और दिल दहलाने वाला मामला सामने आया। फ़र्ज़ी डॉक्टर तो देश में बहुत सुने गए थे परन्तु फ़र्ज़ी हार्ट सर्जन मैं ने तो कभी नहीं सुना। मध्य प्रदेश के दामोह में अपना नाम एन जॉन केम बताने वाला एक व्यक्ति एक निजी ईसाई मिशनरी अस्पताल में सेवारत था। वह स्वयं को प्रसिद्ध ब्रिटिश डॉक्टर व कार्डियोलॉजिस्ट बताया करता था। जबकि जांच के बाद पता चला कि उस कथित डॉक्टर का वास्तविक नाम नरेंद्र विक्रमादित्य यादव है। यह मिशनरी अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के तहत सरकार से पैसे भी लेता है। आश्चर्यजनक बात यह है कि इस फ़र्ज़ी व्यक्ति ने अनेक मरीज़ों की हार्ट सर्जरी तक कर डाली। परिणाम स्वरूप एक महीने में ही इसके द्वारा हार्ट सर्जरी किये गये 7 मरीज़ों की मौत हो गयी। सूत्रों के अनुसार मरने वाले मरीज़ों की संख्या इससे ज़्यादा भी हो सकती है। इस का कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है कि देश में कितने फ़र्ज़ी डॉक्टर बिना योग्यता के मेडिकल प्रैक्टिस कर रहे हैं, अपना अस्पताल चला रहे हैं यहाँ तक कि मरीज़ों की शल्य चिकित्सा तक कर रहे हैं।

और तो और हमारे देश में नक़ली धर्मगुरु व उपदेशक का रूप धारण किये अनेक लोग घूम रहे हैं। इनमें कुछ ऐसे हैं जिन्हें उनके भक्तगण देवता तुल्य समझते थे परन्तु जब उनका वास्तविक चरित्र उजागर हुआ तो पता चला कि वे संत नहीं बल्कि राक्षस हैं, व्यभिचारी, बलात्कारी व हत्यारे हैं। ऐसे नक़ली लोग अपने अनुयायियों को कितना बड़ा धोखा देते रहे हैं? इसी तरह देश के एक बाबा रुपी व्यक्ति ने पहले तो योग विद्या के द्वारा लोगों को स्वस्थ रखने के नाम पर जनता में अपनी पैठ बनाई। उसके बाद वही व्यक्ति अंग्रेज़ी दवाइयों व विदेशी वस्तुओं के विरुद्ध प्रवचन देकर लोगों में राष्ट्रभक्ति जगाने लगा और स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग की वकालत करने लगा। फिर बड़े ही सुनियोजित तरीक़े से अपने धनाढ्य व्यवसायी अनुयायियों के सहयोग से वह स्वयं अपनी कम्पनी खोलकर अनेक उत्पाद स्वदेशी के नाम पर बेचने लगा। और अब इसी बहुरूपिये ने ताज़ातरीन विवाद एक ऐसे स्वदेशी आयुर्वेदिक शीतल पेय को लेकर खड़ा कर दिया है जिसकी देश ही नहीं विदेशों में भी भरपूर मांग है। परन्तु केवल अपना ब्रांड बेचने के लिये इसे साम्प्रदायिकता का ज़हर तक फैलाना पड़ा। यहाँ तक कि इसे शरबत जिहाद तक बता डाला। जबकि अनेक बार इसके अपने अनेक उत्पाद मिलावटी, नक़ली व अनउपयुक्त पाए जा चुके हैं।

## राजकाज



### राज भवन के लाट साहबों पर सुप्रीम कोर्ट का शिकंजा

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों की भूमिका को लेकर जो फैसला दिया है। उसके बाद राज भवन की सुख सुविधा भोगने वाले लाट साहबों पर शिकंजा कस दिया गया है। केंद्र सरकार के इशारे पर मुख्यमंत्री के बास बनकर लाट साहब एश करते थे। राज्यपालों के चक्कर में राष्ट्रपति का पद भी सुप्रीम कोर्ट की समीक्षा के दायरे में आ गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हर हालत में तीन माह के अंदर राज्य सरकारों के विधान सभा से पारित बिलों को मंजूर करना होगा, नहीं तो सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद संवैधानिक पद पर बैठे हुए लोगों पर भी सुप्रीम कोर्ट का डंडा आज नहीं तो चल चल ही जाएगा। विपक्षी दलों की राज्य सरकारों को केंद्र सरकार चलने नहीं देती थी। अब केंद्र सरकार को कोई नया रास्ता खोजना पड़ेगा। राज्य सरकारों को गिराना भी आसान नहीं होगा।

### लाट साहब को कहना होगा मेरी सरकार का अच्छा काम

पिछले कुछ वर्षों से विपक्षी दलों की जिन राज्यों में सरकार होती थी। वहां के लाट साहब राज्य सरकार के कामकाज को सरकार जो भाषण तैयार करती थी उस भाषण को नहीं देकर सरकारों को नीचा दिखा रहे थे। अब लाट साहिबों को सरकार द्वारा लिखित भाषण ही पढ़ना होगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने लाट साहबों को बता दिया है। वह राज्य सरकार के प्रतिनिधि हैं। चुनी हुई सरकार ही सर्वोच्च है। लाट साहब को उनकी इच्छा के अनुसार काम करआ होगा।

### कब आएगी 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था

केंद्र सरकार कई सालों से 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थ व्यवस्था का पहाडा पढ़ रही है। लेकिन अर्थव्यवस्था की हालत दिनों दिन गर्त की ओर जाती हुई दिख रही है। मुडीज ने भारत सरकार की विकास दर रेटिंग को कम कर दिया है। 6.4 से घटकर 6.1 फीसदी कर दिया है। रही सही कसर शेयर बाजार ने पूरी कर दी है। टैरिफ बार ने निर्यात व्यापार को प्रभावित करने का काम किया है। 5 ट्रिलियन डॉलर अब एक सपना बनकर रह जाएगा। यह अर्थशास्त्री कहने लगे हैं। आंकड़ों की बाजीगिरी में सरकार खुद फंस गई है। 2 करोड़ नौकरी की तरह अब 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था सरकार के गले में फांस की तरह अटक गया है।

### डिजिटल कानून और वक्फ कानून ने विपक्ष को किया एकजुट

केंद्र सरकार ने डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटक्शन एक्ट लागू करने की तैयारी की है। वक्फ बिल को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रिया हो रही है। उसने विपक्ष को एकजुट कर दिया है। डिजिटल पर्सनल डाटा एक्ट में जिस तरह से सूचना अधिकार कानून की धज्जियां उड़ाई गई हैं। उसके बाद नागरिकों के मौलिक अधिकार और सरकार क्या कर रही है। यह संवैधानिक अधिकार खत्म हो रहे हैं। अब विपक्ष एकजुट होकर केंद्र सरकार के खिलाफ खड़ा हो गया है। आर्थिक मंदी, महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे के साथ-साथ अब कानून व्यवस्था भी एक बड़ा मुद्दा बनता चला जा रहा है।

## फीचर



# कॉफी पीने से दिल की बिमारियों का खतरा होता है कम


**शोधकर्ताओं के अनुसार दिन में अधि?कतम 4 कप कॉफी काफी है। इससे ज्यादा कॉफी पीने से नुकसान पहुंच सकता है। यूरोपियन फूड सेफ्टी एजेंसी की सलाह मानें तो रोजाना किसी भी व्यक्तिध को 0.4 ग्राम से ज्यादा कैफीन का सेवन नहीं करना चाहिए।**

अगर आप कॉफी पीते हैं तो आपको दिल की बिमारियों का खतरा कम होता है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि दिन में चार कप कॉफी पीने से दिल की बीमारियों की वजह से होने वाली मौत का खतरा दो तिहाई कम किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने यह अध्ययन 20,000 लोगों पर किया है. शोधकताओं ने अध्ययन के दौरान पाया कि कॉफी पीने से शरीर की प्रतिरोधकत क्षमता बढ़ती है। यह दिल की सेहत के लिए अच्छा है और कैंसर से बचाव करती है। शोधकर्ता ने कहा कि लोगों को खूब कॉफी पीनी चाहिए। इससे उनका दिल सेहतमंद रहेगा और कैंसर का खतरा भी कम होगा। यह अध्ययन 20,000 लोगों पर 10 साल तक किया गया1 इसके अलावा पिछले महीने 5,20,000 लोगों पर हुए एक अध्ययन में पाया गया कि कॉफी लीवर की सेहत सुधारने में भी कारगर है। कॉफी में दरअसल, कई तरह के यौगिक पाए जाते हैं, जो शरीर के संपर्क में आते ही एक एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करने लगते हैं हालांकि शोधकर्ताओं ने बहुत ज्यादा कॉफी पीने से भी मना किया है। शोधकर्ताओं के अनुसार दिन में अधि?कतम 4 कप कॉफी काफी है। इससे ज्यादा कॉफी पीने से नुकसान पहुंच सकता है। यूरोपियन फूड सेफ्टी एजेंसी की सलाह मानें तो रोजाना किसी भी व्यक्तिध को 0.4 ग्राम से ज्यादा कैफीन का सेवन नहीं करना चाहिए। यानी कि आप अगर एस्प्रेस्सो कॉफी पीते हैं तो दिन में 5 कप और अगर इंस्टैंट कॉफी पीते हैं तो 4 कप से ज्यादा कॉफी ना पीयें।

## प्रेरणा

# वीरत्व की अलंकृति है क्षमा

क्षमा वीरत्व की अलंकृति है। दुर्बल और विवश व्यक्ति द्वारा उद्गीत क्षमा का माहात्म्य उतना प्रखर नहीं हो सकता। ज्ञान की स्फुरणा में मौन की सार्थकता है। शक्ति-संपन्नता में क्षमा की सार्थकता है और त्याग-भावना में आत्मगोपन या अप्रशस्ति की सार्थकता है। शक्ति के अभाव में स्वीकृत का कवच व्यक्ति को कई अवांछनीय परिस्थितियों से त्राण तो दे सकता है, पर उससे क्षमा का वर्चस्व धुंधला हो जाता है। मन के प्रतिकूल परिस्थिति उत्पन्न होने पर संभावित प्रोध को शांति से प्रतिहत करने वाला व्यक्ति अपनी क्षमा को तेजस्वी बनाता है।



क्षमा के स्वरूप और उसकी क्रियान्विति के संबंध में कोई निश्चित सिद्धांत नहीं बन सकता। अपराध करने वलों और क्षमाशील रहने वालों की अनेक भूमिकाएं हैं। एक मुनि, अपराधी व्यक्ति को क्षमा नहीं करता है तो उसका मुनित्व संदिग्ध हो जाता है। भगवान महावीर के साधना काल में कितनी बार प्रतिकूल परिस्थितियां पैदा की गई, पर महावीर का महावीरत्व उनकी क्षमाशीलता में ही पल्लवित हुआ। राजधर्म क्षमा को ऐकांतिक महत्व नहीं देता। दुष्ट व्यक्ति को दंडित करना राजधर्म के अनुसार विहित है। दंडनीय को दंड न देना राजधर्म का लोप माना जाता है। इससे अराजकता को प्रोत्साहन मिलता है और अपराधी तत्व निरंकुश हो जाते हैं। दंडसंहिता की सारी धाराएं अपराधों का प्रतिकार करने के लिए हैं। समाज के साथ अपराध और अपराधों के साथ दंड-पद्धति का सृजन स्वाभाविक माना जाता है। किंतु यह लोक-व्यवस्था या राज्य-व्यवस्था का सिद्धांत है।

## अपनी बात



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता अमित शाह ने अरब सागर में रु. 1800 करोड़ मूल्य के 300 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ पकड़े जाने पर गुजरात एटीएस की प्रशंसा करते हुए बधाई दी है7 इस संदर्भ में अमित शाह ने ट्वीट किया, जिसमे में उन्हों ने कहा नशा मुक्त भारत बनाने के निरंतर प्रयास में, अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के पास रु. 1800 करोड़ मूल्य के 300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई।



कांग्रेस के यूपी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सोमवार को प्रयागराज पहुंचे। यहां करछना में हुई दलित की हत्या और जलाने के मामले में उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि आज बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती है और इसके एक दिन पहले प्रयागराज में एक दलित की बेरहमी से हत्या कर दी जाती है, इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है।

## ब्रीफ न्यूज

### नरवाई जलाने पर की जाएगी दंडात्मक कार्रवाई

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार द्वारा नरवाई में आग लगाने के संबंध में विभिन्न प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। जिसके तहत 2500 से लेकर 15000 रूपये तक अर्थदण्ड एवं पुलिस कार्यवाही की जावेगी। इसी क्रम में जिले में नरवाई जलाने पर विकासखण्ड चांचौड़ा में 02 प्रकरण एवं विकासखण्ड बमौरी में 01 प्रकरण में पंचनामा तैयार कर अर्थदण्ड लगाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार अन्य विकासखण्डो में भी कार्यवाही की जा रही हैं। कृषकों को भी नरवाई न जलाने के लिये जागरूक किया जा रहा हैं जिले में नरवाई जलाने की घटना संज्ञान में आने पर जिले में प्रकरण तैयार कर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जा रही हैं। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा किसानो से अपील की गई है कि वे खेतो में नरवाई न जलाए और पर्यावरण हितेषी, उन्नतखेती की ओर कदम बढ़ाए। नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है सूक्ष्मजीव एवं लाभकारी जीव नष्ट हो जाते है मिट्टी सख्त या कठोर हो जाती है उसमें जलधारण क्षमता कम हो जाती है एवं वायुसंचार व जल संचार भी कम हो जाता है।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 15 अप्रैल को

**गुना।** जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 15 अप्रैल को सायं 6 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभागृह कक्ष में आयोजित की जायेगी। कलेक्टर ने उक्त बैठक में निर्धारित दिनांक एवं समय पर संबंधितों को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया हैं।

### विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गावाहिनी बहनों ने मिलकर किए सकोरे वितरण

**गुना।** ग्रीष्म ऋतु में तपती गर्मी के कारण पक्षियों को ध्यान में रखते हुए विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की बहनों ने मिलकर सोनी कॉलोनी स्थित सपना शर्मा के निज निवास पर पक्षियों के लिए दाना पानी के लिए सकोरे वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री उपस्थित रहे। उन्होंने मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की महिलाओं की इस पहल की सराहना की एवं प्रशंसा की। इसके साथ ही उन्होंने आगे भी ऐसे ही कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी कार्यकारिणी सदस्य सपना शर्मा, नीरज अवस्थी, नीति भार्गव, संध्या शर्मा एवं मेघा जैन, तारिका जैन, सोनाली गोस्वामी, शिखा जैन, मेघा शर्मा, सलोनी जैन, रानी शर्मा, नीलम जैन, मोना जैन, अंजलि जैन, रिमझिम जैन, दीपिका जैन उपस्थिति रहीं।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत निर्मित की मानव श्रृंखला

**गुना।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन जागरूकता हेतु संगोष्ठी आयोजित कर जल संरक्षण के लिये पुराना कुआँ बावड़ी तालाब की सफ़ाई करने एवं दीवार लेखन कर जागरूक करने, निर्देश दिए गए। उक्त कार्यक्रम म.प्र.जन अभियान परिषद राघौगढ़ द्वारा शासकीय महाविद्यालय में किया इसके उपरान्त मानव श्रृंखला भी निर्मित की गई जिसमें जल ही जीवन है जल है तो कल है के स्लोगन बोले गए।



# जुलूस पर पथराव के बाद तीसरे दिन भी गुना में तनाव, कर्नलगंज क्षेत्र में कई घरों में पथराव

## पहले हाट रोड, फिर दुर्गा मंदिर तिराहा, फिर हनुमान चौराहे पर लाठी चार्ज कर भीड़ को खदेड़ा

### सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर विहिप का हनुमान चौराहे पर प्रदर्शन, बुलडोजर चलाने की मांग

सत्ता सुधार ■ गुना

हनुमान जयंती के जुलूस पर हुए पथराव की घटना के बाद गुना शहर में तीसरे दिन भी तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। स्थिति उस समय और अधिक बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों की एक भीड़ विवादित क्षेत्र की ओर बढ़ने लगी। पुलिस ने हालात संभालने के लिए हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने उस रास्ते में जाने का प्रयास किया जहां शनिवार को जुलूस पर पथराव हुआ था। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की लेकिन माहौल तनावपूर्ण होता चला गया। यहां बड़ी संख्या में लोगों को पुलिस ने रत्नश्री ज्वेलर्स हाट रोड पर रोका। लेकिन यहां कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। बाद में पुलिस ने बल प्रयोग किया तो भीड़ तीतर-बीतर हो गई और जगदीश कॉलोनी, शांति पब्लिक स्कूल रोड से कर्नलगंज की ओर बढ़ने लगी। यहां पुलिस ने छात्रावास-दुर्गा मंदिर तिराहे पर लाठी-चार्ज कर भीड़ को खदेड़ा। इस दौरान स्वयं एसपी संजीव सिन्हा और एसडीएम मौजूद रहीं। लेकिन उसके बाद भी भीड़ का कुछ हिस्सा दुर्गा कॉलोनी, त्रिमूर्ति कॉलोनी से होते हुए कर्नलगंज के संवेदनशील गलियों में घुस गई। यहां डाकघर के सामने स्थित धोबी गली क्षेत्र में उपद्रवियों ने कुछ घरों पर पथराव और तोड़फोड़ कर दी। पुलिस और प्रशासन पहले से ही मस्जिद चौराहे पर तैनात था, इसी का फायदा उठाकर उपद्रवियों ने पीछे के रास्तों से पथराव कर दिया। दोपहर में कलेक्टर किशोर कन्याल एवं एसपी संजीव सिन्हा ने कर्नलगंज क्षेत्र का दौरा कर मौका मुआयना किया।

इधर भीड़ का एक हिस्सा हनुमान चौराहे से होते हुए कलेक्टोरेट पहुंचा। यहां मुख्य जुलूस में शामिल विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कलेक्ट्रेट पहुंचे और



वहां प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं की मांग थी कि आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर जैसी सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान ज्ञापन देकर लौट रही भीड़ एक बार फिर हनुमान चौराहे पर एकत्रित होकर धरना देने की तैयारी करने लगी। यहां आसपास खुली दुकानों को भी जबरन बंद कराने की कोशिश हुई। जिसके बाद पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए लाठीचार्ज किया औरर भीड़ को खदेड़ दिया। भीड़ ने फिर तेलघानी चौराहे पर हंगामा करने की कोशिश की। यहां सुभाष कॉलोनी की गलियों से पुलिस पर पत्थरबाजी हुई। जिसके बाद एसपी ने स्वयं पैदल मार्च किया।

**महिलाओं ने भी जताया विरोध, सुरक्षा की मांग–** इधर कर्नलगंज की गलियों में पथराव की घटनाओं के बाद बड़ी संख्या में महिलाएं कोतवाली पहुंचीं। उन्होंने पुलिस और प्रशासन पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके घरों पर हमला हुआ है, लेकिन उनकी शिकायतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। महिलाओं ने मांग की कि उन्हें सुरक्षा दी जाए और हमलावरों पर त्वरित कार्रवाई हो। इसके पूर्व रविवार रात को भी पायगा मोहल्ले में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसके बाद यहां तनाव के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। इधर नानाखेड़ी मंडी क्षेत्र में दो परिवारों के साथ भीड़ द्वारा मारपीट का मामला



सामने आया है।

### कलेक्टोरेट पहुंचा विशाल जनसमुदाय, विहिप ने की सख्ती कार्रवाई की मांग

कलेक्टोरेट पहुंचकर विहिप एवं बजरंगदल ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि हमले में हनुमान वेशधारी युवक पर भी हमला किया गया और जुलूस में अफरा-तफरी मच गई। परिषद ने घटना को पूर्व नियोजित बताते हुए मांग की है कि हमले में शामिल आरोपियों और साजिशकर्ताओं की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही, मस्जिदों की छतों पर जमा पत्थरों और ईंटों की भी जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। विश्व हिन्दू परिषद ने गुना में अवैध मुस्लिम बस्तियों, मस्जिदों के माइक, और बढ़ते जिहादी प्रभाव को लेकर भी चिंता जताई है। परिषद ने इन बस्तियों का सर्वे करवाकर अवैध निर्माण को हटाने और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। संगठन ने चेताया कि यदि इस घटना पर शीघ्र और कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में गुना सहित अन्य क्षेत्रों में ऐसी घटनाएं दोहराई जा सकती हैं। परिषद ने मुख्यमंत्री से मामले में संज्ञान लेकर आवश्यक निर्देश देने की अपील की है।

### जुलूस के दौरान शुरू हुआ था विवाद

दरअसल शनिवार को शिवाजी नगर स्थित माता मंदिर से हनुमान जयंती का जुलूस निकाला गया था। जुलूस शाम करीब 7-30 बजे जब कर्नलगंज इलाके में पहुंचा, तो मस्जिद के सामने रुक गया। इसी दौरान अचानक जुलूस पर पथराव हुआ, जिससे दोनों पक्षों में तनाव फैल गया। स्थिति बिगड़ते ही दोनों तरफ से पत्थरबाजी शुरू हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की।

### अब तक 17 आरोपी गिरफ्तार

सांप्रदायिक तनाव के बीच 7 और हिंसा के आरोपी गिरफ्तार किए गए। अब तक 17 आरोपी गिरफ्तार हो चुके है। प्रशासन ने कहा है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था को भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर धारा 163 लागू

गुना में सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक, भड़काऊ और साम्प्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करने वाली गतिविधियों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश पुलिस अधीक्षक गुना की अनुशंसा पर 14 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक प्रभावी रहेगा। आदेश के तहत फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्विटर सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर धार्मिक, जातिगत या सामाजिक विद्वेष फैलाने वाले संदेश, फोटो, वीडियो, ऑडियो आदि के प्रसारण, लाइक, शेयर, फॉरवर्ड और टिप्पणी करने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। ग्रुप एडमिन को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके समूह में इस तरह की सामग्री साझा न की जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं अन्य अधिनियमों के तहत कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

# जिले के 1103 बूथों पर हर्षोल्लास से मनी संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

सत्ता सुधार ■ गुना

भारत रत्न और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती सोमवार को जिलेभर में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। बाबा साहब के विचारों और योगदान को स्मरण करते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के 1103 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने भाजपा जिला कार्यालय, हाट रोड पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, बाबा साहब ने भारत को सामाजिक न्याय, समानता और समावेशी विकास का जो रास्ता दिखाया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उनके सिद्धांत आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को दिशा देने वाले हैं।

**विधायक व वरिष्ठ नेताओं ने जताई श्रद्धा–** भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, पूर्व जिलाध्यक्ष राधेश्याम पारीक, प्रदेश सदस्य अरुण चतुर्वेदी, पूर्व



विधायक गोपीलाल जाटव, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सलूजा, वर्तमान नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश मालवीय, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष मातादीन धनवारिया सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

**अंबेडकर भवन तक पैदल मार्च, प्रतिमा पर माल्यार्पण–** जयंती समारोह के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यालय से अंबेडकर भवन तक पैदल मार्च निकाला गया। वहां बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री संतोष धाकड़ ने किया, जबकि मंडल अध्यक्ष परेश भार्गव ने स्वागत भाषण में कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन ने जानकारी दी कि बाबा साहब की जयंती जिले के सभी 1103 बूथों पर श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।

### कुएं से बाहर निकलते समय युवक की गिरकर मौत

**गुना।** जिले के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेंटा घाट में सोमवार सुबह एक मजदूर की कुएं में गिरकर मौत हो गई। मृतक युवक बैतूल जिले का रहने वाला था और गांव में कुआं खुदाई के कार्य में लगा हुआ था। हादसा उस समय हुआ जब वह टोचन (रस्सी और पुली की सहायता से खींचने की तकनीक) के जरिए कुएं से बाहर आ रहा था, तभी टोचन अचानक टूट गई और युवक सीधा नीचे जा गिरा। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान कृष्णा काजले पिता सुखराम, निवासी टिमरनी, जिला बैतूल के रूप में हुई है। वह अपने कुछ साथियों के साथ बेंटा घाट गांव में मजदूरी करने आया था और कुएं की खुदाई का कार्य कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 8:30 बजे कृष्णा खुदाई के बाद टोचन के सहारे ऊपर आ रहा था, लेकिन अचानक तकनीकी गड़बड़ी या रस्सी के कमजोर होने के कारण टोचन टूट गई और वह गहराई में गिर पड़ा। साथी मजदूरों ने तुरंत उसे बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

# धूमधाम से मनी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती शहरभर में कार्यक्रम और जुलूसों का आयोजन

सत्ता सुधार ■ गुना

संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर गुना शहर में विविध सामाजिक और राजनीतिक आयोजनों की धूम रही। शहर के अंबेडकर भवन में बाबा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। सुबह से ही विभिन्न संगठनों और आमजन ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी द्वारा शहर में एक भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में समर्थकों ने भाग लिया। जुलूस के माध्यम से बाबा साहब के विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। वहीं भाजपा द्वारा जिले के सभी 1103 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने डॉ. अंबेडकर को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

**अजाक्स कार्यालय में हुआ –गरिमामयी आयोजन–** अखिल भारतीय अजा कर्मचारी संघ (अजाक्स) कार्यालय पर भी डॉ. अंबेडकर की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर मोमबत्तियां जलाकर और माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को वर्तमान समय में बेहद प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम को रा.शि.संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेंद्र भार्गव, संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष आलोक नायक, कर्मचारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद रघुवंशी, रा.शि.संघ जिला अध्यक्ष दामोदर धाकड़, मप्र शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी, शिक्षक संघ के नरेंद्र भारद्वाज और प्रोफेसर मनोज भिरोरिया ने संबोधित किया। कार्यक्रम में अजाक्स के जिलाध्यक्ष रमेश अहिरवार ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। संचालन संतोष अहिरवार ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कार्यकारी जिला अध्यक्ष गुलसिंह हिहोर ने व्यक्त किया।



**प्रशिक्षण** | स्पीच क्राफ्ट 2025 कार्यशाला का समापन

# तीन दिवसीय कार्यशाला: प्रतिभागियों ने माइक पर बोलने की सीखी कला

सत्ता सुधार ■ गुना

जेसीआई जोन सिक्स द्वारा आयोजित तीन दिवसीय स्पीच क्राफ्ट 2025 कार्यशाला का समापन निजी होटल में हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए 36 प्रतिभागियों ने माइक पर बोलने की कला सीखी और अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के गुर सीखे। कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में पंजाब से पधारे संदीप सुनेजा ने प्रतिभागियों को संवाद की कला, आत्मविश्वास, प्रस्तुति शैली और मंच संचालन के विभिन्न आयामों की ट्रेनिंग दी। उनके साथ को-




फैकल्टी के रूप में स्वाति शारदा और पूनम मंत्री ने भी महत्वपूर्ण सत्र लिए।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष जितेंद्र खुराना ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि आज के समय में संवाद कला का महत्व लगातार बढ़ रहा है और ऐसे आयोजनों से युवाओं में आत्मविश्वास का संचार होता है। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की ट्रेनिंग से युवा खुद को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत करना सीखते हैं।

कार्यक्रम के समन्वयक अनुपम तिवारी ने बताया कि स्पीच क्राफ्ट, जेसीआई का एक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है। इस आयोजन की तैयारियों में पायनियर टीम ने एक माह तक अथक मेहनत की। आयोजन समिति में अभिषेक गुप्ता, आनंद मिश्रा, अभिषेक यादव, सागर अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, गौरव गोयल, अभिषेक गोयल और पवन गुप्ता सहित कई सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बेस्ट पार्टिसिपेंट के रूप में शुभम जैन, टीनल जैन, प्रज्ञा, सचिन, प्रिंस और प्रियंका अग्रवाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज रघुवंशी ने किया और आभार सुमित मथुरिया ने व्यक्त किया। अंत में सभी अतिथियों और प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### धारा 370 हटना बाबा साहब के दृष्टिकोण की जीत: मोहन नारायण गिरी

**गुना।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर भविष्य का भारत विषय पर स्थानीय होटल में आयोजित प्रबुद्धजन गोष्ठी में राष्ट्रवादी चिंतक मोहन नारायण गिरी ने कहा कि धारा 370 को हटाया जाना बाबा साहब के सपनों की पूर्ति है। उन्होंने बताया कि अंबेडकर न केवल धारा 370 के विरोध में थे, बल्कि उसे संविधान में शामिल करने से स्पष्ट इनकार कर चुके थे। उनका मानना था कि एक देश में दो प्रकार की नागरिकता या विशेषाधिकार नहीं हो सकते। गोष्ठी का आयोजन स्व. नाथूलाल मंत्री जनकल्याण न्यास द्वारा किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि जिला अभियोजन अधिकारी हजारीलाल रहे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने अपने जीवन में 32 डिग्रियां अर्जित कीं और वे समस्त समाज के लिए समर्पित थे। मोहन नारायण गिरी ने अपने 70 मिनट के भाषण में अंबेडकर के विचारों, उनके शोध और उनकी निर्भीकता का उल्लेख करते हुए कहा कि लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में उनका पहला शोध भारत की लूट पर केंद्रित था, जिससे अंग्रेजी हुकूमत की असलियत उजागर हुई। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बौद्ध धर्म स्वीकारना अंबेडकर की सामाजिक पीड़ा का परिणाम था, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि वे सनातन धर्म के विरोधी थे।



# मल्टी-सिस्टम इन्फ्लैमेटरी सिंड्रोम नई चिंता, कैसे निपटें

**कोरोना वायरस की रफ्तार कम होने लगी है लेकिन अन्य गंभीर बीमारियां बड़ों से लेकर बच्चों में पाई जा रही है। बड़ों में अलग किस्म की जीवनघातक बीमारियां हो रही है तो दूसरी ओर बच्चों में कोविड के बाद मल्टी-सिस्टम इन्फ्लैमेटरी सिंड्रोम (एमआईएस-सी) बीमारी पाई जा रही है। पिछले साल 2020 के मुकाबले इस साल 2021 में बच्चों में कोविड-19 और एमआईएस-सी के केस लगातार सामने आ रहे हैं। आइए जानते हैं क्या है मल्टी-सिस्टम इन्फ्लैमेटरी सिंड्रोम, लक्षण और उपाय।**

## मल्टी-स्टिस्टम इन्फ्लैमेटरी सिंड्रोम क्या है?

यह बीमारी कोविड-19 से ठीक होने के बाद बच्चों में पाई जा रही है या परिवार में कोई संक्रमित हो गया था उनसे भी दूरी बनाकर एहतियात बरतने के लिए कहा जा रहा है। कोविड -19 से संक्रमित बच्चों के ठीक होने के बाद परिजन को कम से कम 6 से 8 सप्ताह तक बच्चों की अच्छे से देखभाल करना है। क्योंकि यह बीमारी कोविड-19 से ठीक होने के बाद जन्म ले रही है। कोविड-19 से ठीक होने के बाद जब रक्षा प्रणाली शरीर में अति सक्रिय हो जाती है। जिससे पाचन तंत्र, ह्दय, फेफड़ें, ब्लड वेसल, दिमाग जैसे अंगों पर इसका प्रभाव पड़ता है और यह सूजने लग जाती है। इस बीमारी के अमेरिका और यूके में अधिक केस सामने आ रहे थे। लेकिन अब भारत में भी इसका प्रभाव बढ़ता दिख रहा है।

## मल्टी-स्टिस्टम इन्फ्लैमेटरी सिंड्रोम के लक्षण

तेज बुखार, पेट दर्द, हार्ट, फेफड़ों में समस्या होना, मस्तिष्क प्रभावित होना। इसी के साथ शरीर पर लाल चकत्ते होना, आंखें लाल होना, जीभ लाल पड़ना। यह बीमारी एकदम पकड़ में नहीं आती है।

## मल्टी-स्टिस्टम इन्फ्लैमेटरी सिंड्रोम से बचाव के उपाय

यूरोप के नेशनल हेल्थ मिशन के मुताबिक इस बीमारी के बताए गए लक्षण दिखने पर तुरंत हॉस्पिटल ले जाना चाहिए। इस बीमारी से ठीक होने के लिए इंट्रावीनस इम्यूनोग्लोबुलिन एंटीबॉडी और एस्पिरिन दो तरह की दवा दी जाती है। डॉक्टर लक्षण के मुताबिक कॉर्टिकोस्टेरॉयड्स भी देते हैं। लेकिन सभी अलग - अलग लक्षण के अनुसार दी जाती है।

# मुंह के छालों से छुटकारा पाने के लिए जरूर अपनाएं ये घरेलू उपाय



पुरूषों के मुकाबले यह समस्या ज्यादातर महिलाओं में अधिक होती है। इसका मुख्य कारण उनके हारमोन्स में अधिक उतार-चढाव आना है। यह छाले अपने आप ही कुछ दिनों में ठीक हो जाते हैं। इनके निकलने के कई कारण हो सकते हैं। पेट के साफ न होने और खाना खाते समय अचानक दांतों से मुंह के अंदर की झिल्ली के कट जाने से छाले हो जाते हैं। मासिक धर्म या मेनापॉज के सामय हारमोन्स में बदलाव तथा वायरस, बैक्टीरिया या फंगस संक्रमण से निकल सकते हैं। इसके अन्य कारणों में शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कम होना, एलर्जी होना भोजन में विटामिन सी और बी12 की कमी होना आदि शामिल हैं। कुछ दवाओं के साइड इफेक्ट के रूप में भी मुंह में छाले निकल सकते है।

## छालो से बचाव के उपाय

खाना धीरे-धरी चबा-चबा कर खाएं। खाते समय बात न करें, ताकि दांतों से मुंह के अंदर की परत को नुकसान न पहुंचे।

- ▲ नींबू को आधा काटें, इसे छाले पर लगाएं, इससे थोडी जलन तो होगी, परंतु यह सुन्न हो जाएगा, जो अच्छा है। आखिर में थोडा शहद छाले पर लगाएं।
- ▲ शरीर की सफाई, संतुलित भोजन और पीने के साफ पानी पर भी विशेष ध्यान देना जरूरी है।
- ▲ कुछ दिनों तक लगातर विटामिन सी और विटामिन बी12 की गोलियां खाएं।
- ▲ माउथवाश का प्रयोग करें-कई बार कुल्ला करने से यह आपके मुख में बढने वाले जीवाणुओं को साफ करता है और इसके साथ-साथ कई मामलों में छाले में दर्द से राहत देता है। किसी बिना नुस्खा घोल का उपयोग करें, कोई भी माउथवाश इस प्रयोजन के लिए कार्यकारी है। सुबह और शाम कुल्ला करें और हो सके तो दिन के खाने के बाद भी कुल्ला करें।

# हलवा देता है पौष्टिक फायदे

- सूजी का हलवा बना रहे हैं तो सूजी के दाने थोड़े मोटे ही लें, एकदम बारीक नहीं। यह पाचन तंत्र के लिए बेहतर होता है।
- अगर आटे का हलवा बना रहे हैं तो ध्यान रखें कि आटा जरा मोटा पिसा हुआ हो, ये चिपकेगा नहीं और स्वाए व पाचन दोनों के लिए अच्छा रहेगा।
- अगर नुकसान से बचना चाहते हैं, तो डालडा या बाजार के घी के बजाए देसी घी या गाय के शुद्ध घी का प्रयोग करें। देशी घी में बना हलवा त्रिदोषों का संतुलन करता है।
- हलवे को सूर्योदय के पहले उठकर मुंह धोकर पकाते हुए तुरंत गर्मा-गरम खाना चाहिए।
- हलवा ठंडा करके न खाएं, इसे गर्मागर्म ही परोसें ताकि सिरदर्द या न्यूरो वेस्कुलर डिसआर्डर जैसी समस्याओं में फायदा मिल सके।
- हलवा खाने के तुरंत या कुछ देर बाद तक भी ठंडा पानी न पिएं, वरना आप इसके फायदों को नहीं पा सकेंगे। आधे घंटे बाद ही पानी पिएं।
- हलवा पचने में बहुत हल्का होता है, इसलिए इसे सर्जरी के बाद, प्रसव के बाद, कमजोरी में, बीमारी से उबरने में और कम वजन वाले लोगों को भी दिया जा सकता है।
- हलवे में केसर, इलायची और थोड़े से सूखे मेवों का प्रयोग किया जा सकता है।
- देशी घी में बना हलवा त्रिदोषों का संतुलन करता है और हमें स्वस्थ बनाता है।
- शकर की जगह गुड़ का प्रयोग करेंगे, तो स्वाद और सेहत दोनों के फायदे पा सकेंगे। अगर आपको शकर ही डालना है, तो ब्राउन शुगर भी यूज कर सकते हैं।

**नोट** : मधुमेह रोगियों को इसका सेवन नहीं करना चाहिए।





# ग्रीन टी से ज्यादा लाभकारी है नीली चाय

**ग्रीन टी और ब्लैक टी के बारे में तो आप जानते ही हैं, और इनका सेवन भी करते ही होंगे, लेकिन क्या कभी ब्लू टी यानि नीली चाय पी है आपने? अगर नहीं पी है तो एक बार जरूर ट्राय कीजिए, क्योंकि सेहत और ब्यूटी के लिए बेहद फायदेमंद है ये नीली चाय**

अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये चाय नीली कैसे होती है, तो हम आपको बता दें कि ये चाय अपराजिता के खुबसूरत नीले फूलों को उबालकर बनाई जाती है, इसलिए इसका रंग नीला होता है। इसे बटरफ्लाई टी भी कहा जाता है। जानिए इसे बनाने की विधि और 5 गजब के फायदे -

**विधि** - इस चाय को बनाने के लिए आपको चाहिए, अपराजिता के नीले फूल, पानी और स्वाद अनुसार नमक, शकर या नींबू। सबसे पहले पानी उबाल लें और उसमें अपराजिता के फूल डालें। जब इसका रंग नीला हो जाए, तो इसमें नमक या शकर डालें और कुछ बूंद नींबू की डालकर छान लें। अब यह पीने के लिए तैयार है। अब जानिए इसके फायदे -

## डिटॉक्स टी

आपके शरीर से अवांछित तत्वों को बाहर निकालकर ये चाय बॉडी को डिटॉक्स करती है और शरीर की आंतरिक सफाई करती है।

## इम्युनिटी बूस्टर

यह एक बेहतरीन इम्यूनिटी बूस्टर की तरह काम करती है और इम्यूनिटी को बढ़ाकर बीमारियों से आपकी रक्षा करती है।

## डायबिटीज

यह नीली चाय डायबिटीज के रोगियों के लिए बेहद फायदेमंद है। यह शुगर के लेवर को मेंटेन करने में काफी मददगार होती है।

## ब्यूटी बेनिफिट्स

खूबसूरती को और निखारना चाहते हैं तो नीली चाय एक बढ़िया विकल्प है। यह चेहरे के दाग, धब्बे और झाइयों को मिटाकर रंगत निखारने में सहायक है।

## माइग्रेन

माइग्रेन के मरीजों के लिए सुबह इस चाय का सेवन फायदेमंद साबित हो सकता है। यह दर्द के अलावा दिमागी थकान को भी दूर करती है।



# कमर दर्द से छूटकारा पाने के लिए जरूर अपनाए ये घरेलू उपाय



आजकल ज्यादातर लोगों में कमर दर्द की समस्या बढ़ती जा रही है जिसकी चपेट में बड़ी उम्र के लोग ही नहीं, बल्कि युवा के लोग भी आ रहे है। कमर दर्द के होने का मुख्य कारण बदलती जीवनशैली के साथ ऑफिस में घंटों गलत पॉश्चर बैठे रहना है। यह समस्या अब न केवल उम्र से जुड़ी है बल्कि इससे लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी भी तकलीफदेह साबित हो रही है।

कमर दर्द से छुटकारा पाने के लिए आप कई तरह के घरेलू उपचार करते है लेकिन इसका प्रभाव मात्र कुछ समय के लिए ही रहता है। आइए आज हम आपको कुछ घरेलू उपायों के बारे में बता रहे है जिसे अपनाने से जल्दी ही छुटकारा पा सकती है।

कमर दर्दकमर दर्द से छुटकारा पाने के लिए आप एक खडाई में सरसो का तेल डालकर उसमें लहसुन की तीन-चार कलियॉ के साथ अजवाइन को डालकर गर्म कर लें। ठंडा होने पर इस तेल से कमर की मालिश करें। इस उपाय से आपको जल्द ही राहत मिलेगी। कढ़ाई में दो-तीन चम्मच नमक डालकर इसे अच्छी तरह से गर्म कर लें। अब इस गर्म नमक को किसी सूती कपड़े में बांधकर पोटली बना लें। और इस पोटली से कमर की सिकाई करें काफी जल्द ही आराम मिलने लगेगा। ऑफिस में काम करते समय ज्यादा देर तक एक ही पोजीशन में ना। हर चालीस मिनट में अपनी कुर्सी से उठकर थोड़ी देर टहल लें। कैल्शियम की कम मात्रा से भी हड्डियां कमजोर होने लगती हैं, जो कमर के दर्द का प्रमुख कारण बनती है इसलिए कैल्शियमयुक्त चीजों का सेवन करें। अजवाइन को तवे पर डालकर धीमी आंच पर सेंके और ठंडा होने पर धीरे-धीरे चबाते हुए निगल जाएं। इसके नियमित सेवन से कमर दर्द में लाभ मिलता है।




# कोरोना वैक्सीन से पहले और बाद में बिल्कुल न करें ये काम

**18 से अधिक उम्र वालों का वैक्सीनेशन शुरू हो गया है। युवाओं में कुछ आदतें ऐसी होती है जिसका उन्हें वैक्सीनेशन के दौरान ध्यान रखना जरूरी है। लापरवाही बरतने पर यह बातें भारी भी पड़ सकती है। वैक्सीनेशन के कुछ नियम है जिन्हें फॉलो करना जरूरी है। ध्यान नहीं देने पर वैक्सीनेशन का असर विपरीत भी पड़ सकता है। इसलिए इन बातों का ध्यान रखें.**

## शराब का सेवन न करें

वैक्सीनेशन से पहले भूलकर भी शराब का सेवन नहीं करें। इससे वैक्सीन का प्रभाव कम हो सकता है। हालांकि वैक्सीनेशन से पूर्व आप खूब सारा पानी पिएं और पेट भरकर खाना खा कर जाएं।

## दर्द निवारक दवा नहीं लें

वैक्सीन लगवाने के पूर्व किसी भी प्रकार की दर्द निवारक दवा नहीं लें। अगर आपको मामूली सा दर्द है तो घरेलू उपाय भी कर सकते हैं। कुछ दवा वैक्सीन के प्रति विपरीत रिएक्ट भी कर सकती है। इसलिए वैक्सीनेशन के 24 घंटे पूर्व कोई पेन किलर नहीं लें,बाद में भी दवाई डॉक्टर की सलाह के बाद ही लें.

## यात्रा करने से बचें

वैक्सीनेशन के बाद बेफिक्र होकर बिल्कुल भी नहीं घूमें। यह भ्रम नहीं पाले कि वैक्सीनेशन हो गया है तो अब हमें कोरोना नहीं होगा। बल्कि वैक्सीनेशन के बाद आप किसी भी तरह की यात्रा नहीं कर सकते हैं। अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की गाइडलाइन के मुताबिक वैक्सीनेशन के बाद यात्रा नहीं करने की सलाह दी गई है।

## सिगरेट का सेवन न करें

आज के युवा वर्ग चाय के साथ सिगरेट का इस्तेमाल अधिक करते हैं लेकिन अब आपको इससे दूरी बना लेना चाहिए। वैक्सीनेशन के बाद आप सिगरेट का भी सेवन नहीं कर सकते हैं और ना ही शराब का। इन दोनों के सेवन से आपके फेफड़े पहले ही प्रभावित रहते हैं। इसलिए वैक्सीनेशन से पहले और बाद में कुछ दिन तक किसी तरह के नशे का सेवन नहीं करें।

## देर रात तक ना जागे

भरपूर नींद आपको हमेशा स्वस्थ रखती है। इसलिए वैक्सीनेशन से पहले और बाद में पूरा आराम करें। देर रात तक मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करें। अच्छी नींद से वैक्सीन का अच्छा रिस्पांस मिलता है।

## भीड़ वाली जगह में नहीं जाएं

वैक्सीन लगवाने के बाद आपको घर में ही रहना है। भीड़ वाली जगह पर भूलकर भी नहीं जाएं। यह वैक्सीनेशन के नियमों के खिलाफ है। आपको घर पर रहकर आराम करना है। वैक्सीनेशन के 2 से 3 दिन बाद तक कहीं भी नहीं जाएं।

## तुरंत काम नहीं करें

कई लोगों को वैक्सीनेशन के बाद ज्यादा कुछ भी महसूस नहीं होता है। इसलिए वे लोग काम करने लग जाते हैं। लेकिन ऐसी गलती नहीं करें। अगर आपको ठीक लग रहा है तब भी काम नहीं करें। बॉडी को आराम दें। जिससे आपको वैक्सीन अधिक लाभ देगा। वैक्सीनेशन के पहले और बाद के यह नियम हैं जिन्हें सभी को फॉलो करना जरूरी है। यह सभी नियम सुरक्षा की दृष्टि से ही बनाए हैं ताकि किसी तरह की परेशानी न हो। यह कुछ सामान्य से नियम ही है और इन्हें फॉलो भी किया जा सकता है।

# मैथीदाना के 5 फायदे आपको पता होना चाहिए

**मैथीदाने का प्रयोग आप खाने के स्वाद को बढ़ाने में करते हैं, लेकिन इसके सेहत और सौंदर्य लाभ आपको हैरत में डाल देंगे। आइए जानते हैं इनके अनमोल गुण।**

- ▲ मैथीदाने का चूर्ण प्रतिदिन खाने से आपका वजन नियंत्रित रहता है और वसा की मात्रा धीरे-धीरे कम हो जाती है। इस तरह से आप अपना वजन भी कम कर सकते हैं।
- ▲ मैथीदाने का नियमित सेवन दिल की बीमारियों को भी दूर रखने में भी मदद करता है। यह दिल का दौरा पड़ने की आशंका को बेहद कम कर देता है और आप अपने हृदय को रख सकते हैं बिलकुल स्वस्थ।
- ▲ मधुमेह के मरीजों के लिए मैथीदाना बहुत फायदेमंद होता है। इसको रोज रात में भिगोकर रखने के बाद रोज सुबह चबाकर खाने से और इसके पानी के सेवन से लाभ मिलता है।
- ▲ बालों की खूबसूरती के लिए भी मैथीदाना फायदेमंद है। इसका पेस्ट बनाकर बालों में लगाने से बालों से रूखापन गायब होता है, साथ ही बाल मजबूत बनते हैं।
- ▲ चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने में भी यह मैथीदाना कुछ कम गुणवान नहीं है। इसे पीसकर चेहरे पर लगाने से त्वचा में चमक के साथ कसाव आता है। इसके अलावा रूखी त्वचा वालों के लिए यह बहुत लाभप्रद है, क्योंकि यह त्वचा को नमी प्रदान करता है।





# सीरीज द रॉयल्स को लेकर उत्साहित हैं भूमि पेडनेकर

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज द रॉयल्स को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस सीरीज में अपने रोल से लेकर सीरीज के बारे में भूमि ने कई बातों से पर्दा उठाया है। द रॉयल्स में भूमि एक ग्लैमरस और ताकतवर उद्यमी का किरदार निभा रही हैं। यह उनकी पहले की फिल्मों से बिल्कुल अलग है। भूमि की सीरीज का टीजर हाल ही में रिलीज किया गया, जिसे देखने के बाद फैंस की उम्मीदें इस सीरीज से और अधिक बढ़ गई हैं। हिंदी सिनेमा में 10 साल पूरे करने के बाद भूमि अब ओटीटी पर कदम रख रही हैं। द रॉयल्स में भूमि के अलावा ईशान खट्टर भी नजर आएंगे। इस सीरीज में उनका किरदार नया और बिल्कुल अलग है। एक खबर के मुताबिक भूमि ने कहा, वह इस सीरीज को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन अपनी उम्मीदें कम रखती हैं। उन्हें अब तक दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और लोग उन्हें ईशान के साथ देखने के लिए उत्सुक हैं। भूमि और ईशान की जोड़ी को फैंस पसंद कर रहे हैं। भूमि का कहना है कि दर्शकों का प्यार देखकर खुशी होती है। अपने 10 साल के करियर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि दम लगा के हईशा से लेकर द रॉयल्स तक का सफर उनके लिए खास रहा है। भूमि ने आगे कहा कि वह अपने किरदारों के लिए बदलाव करने को तैयार रहती हैं। द रॉयल्स के साथ भूमि ओटीटी पर कदम जमाने वाली हैं। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# 'अकाल' में करण जौहर के साथ काम कर उत्साहित हूं

निर्देशक-अभिनेता और गायक गिप्पी ग्रेवाल की पीरियड ड्रामा 'अकाल - द अनकॉन्क्वेर्ड' गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। उन्होंने बातचीत के दौरान बताया कि करण जौहर बेहतरीन फिल्म निर्माता और इंसान हैं। अकाल के लिए उनके साथ हाथ मिलाकर एहसास हुआ कि उनकी फिल्म भाषा की सीमाओं को पार कर देशभर के दर्शकों को देखने को मिलनी चाहिए। गिप्पी ने कहा, हमें लगा कि हमारी फिल्म सीमाओं से बाहर निकलनी चाहिए। इसे पंजाबी दर्शकों के साथ ही देश भर के दर्शक देख सकें। इसलिए, हमने फिल्म को हिंदी में रिलीज किए जाने का फैसला लिया। पंजाब में हम तमिल और तेलुगू फिल्में हिंदी में देखते हैं। तो, हमारी फिल्मों को भी लोग देख सकें। उन्होंने आगे बताया, करण जौहर बेहतर निर्माता हैं। हमने पहली मीटिंग में ही सब कुछ तय कर लिया था। इसलिए, करण के साथ अगली मीटिंग में काम और भी तेजी से हुआ। गिप्पी ने कहा कि करण जौहर के बैनर धर्मा प्रोडक्शंस के माध्यम से फिल्म हिंदी में प्रस्तुत की जा रही है, जो इसकी विशेषता को बढ़ाने वाली है। करण के साथ काम करके काफी उत्साहित हूं। सभी को लगता है कि फिल्म को लेकर हमारी पहुंच बढ़ गई है। फिल्म को लोग हिंदी में भी देख सकेंगे। बाकी, तो सबकुछ फिल्म की कहानी और कलाकारों पर ही निर्भर करता है। अकाल - द अनकॉन्क्वेर्ड फिल्म 1840 दशक के पंजाब पर आधारित है।





# अपनी जिंदगी के इन पलों को दोबारा जीना चाहते हैं राजकुमार राव

अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'भूल चूक माफ' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। फिल्म टाइम लूप की कहानी पर आधारित है। जिसमें राजकुमार राव की शादी होनी है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान राजकुमार राव ने बताया कि वो अपने जीवन के किन पलों को दोबारा जीना चाहेंगे। इसमें उन्होंने अपनी पहली फिल्म से लेकर 'स्त्री 2' तक के समय का जिक्र किया।

## इन पलों को दोबारा जीना चाहेंगे राजकुमार

ट्रेलर लॉन्च इवेंट में बात करते हुए राजकुमार राव ने बताया कि वो अपने जीवन के इन पलों को दोबारा जीना चाहेंगे। अभिनेता ने कहा, किसी भी बाहर से आने वाले एक्टर के लिए पहली फिल्म मिलना काफी बड़ी बात होती है। मेरे साथ 2010 में ऐसा हुआ था। मैं उस पल को बार-बार जीना चाहूंगा। मैं उस पल को दोबारा जीना चाहूंगा जब मेरी मां मेरे साथ थीं। जब मैंने पहला राष्ट्रीय पुरस्कार जीता था। फिर जब स्त्री 2 रिलीज हुई और पहले दिन बॉक्स ऑफिस के जो आंकड़े आए मैं चौंक गया था। हम सोच में पड़ गए कि क्या हो गया। शादी के दिन को बार-बार जीने की इच्छा अभिनेता ने आगे कहा, मैं उस दिन को भी बार-बार जीना चाहूंगा जब 2021 में मैंने पत्रलेखा से शादी की थी। मेरी शादी के तीनों दिन बहुत खूबसूरत थे और मैं इसे बार-बार जीना चाहूँगा। फेरे बहुत खूबसूरत थे। इसके अलावा पहली बार जब मैंने पत्रलेखा को गलियारे में चलते देखा, तो मैं उसे फिर से जीना चाहूंगा।

## 9 मई को रिलीज होगी 'भूल चूक माफ'

राजकुमार राव और वामिका गब्बी स्टारर 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन करण शर्मा ने किया है। जबकि फिल्म का निर्माण दिनेश विजन के मेडॉक फिल्म्स ने किया है। मेडॉक और दिनेश विजन के साथ राजकुमार राव की ये आठवीं फिल्म है। इसको लेकर राजकुमार राव काफी उत्साहित हैं।



# रश्मिका मंदाना ने सोशल मीडिया पर शेयर की थामा की शूटिंग अपडेट

पुष्पा फेम अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आगामी हॉरर फिल्म थामा की शूटिंग में व्यस्त हैं। थामा एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसमें उनके साथ आयुष्मान खुराना नजर आएंगे। आज थामा की अभिनेत्री रश्मिका ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग को लेकर एक अहम जानकारी शेयर की है और साथ ही अपने फैंस से एक खास सवाल का जवाब भी मांगा है। रश्मिका मंदाना ने हाल ही में अपना 29वां जन्मदिन मनाया। वहीं वह इस दौरान अपनी आगामी हॉरर फिल्म थामा की शूटिंग में व्यस्त रहीं। इसी फिल्म को लेकर रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है और साथ ही अपने प्रशंसकों से फिल्म को लेकर एक खास सवाल भी पूछा है, जिसे देखने के बाद रश्मिका के फैंस की उत्सुकता फिल्म को लेकर और अधिक बढ़ गई है।

रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर थामा के लोकेशन की एक तस्वीर शेयर की और साथ ही नोट भी लिखा। रश्मिका ने घने पेड़ों के बीच डूबते हुए सूरज की एक तस्वीर शेयर की है और साथ ही लिखा, कुछ दिनों के लिए रात में शूटिंग। आपको इस पोस्ट में सिर्फ चांद या फिर कैमरे की लाइट और सितारे ही दिखाई देंगे। इस नोट के साथ रश्मिका ने अपने फैंस से एक सवाल भी पूछा। क्या आप बता सकते हैं कि यह कौन सा शहर है, जो दिखाई नहीं दे रहा। क्या आप सहमत हैं?

हॉरर फिल्म थामा इस दिवाली सिनेमाघरों में रिलीज हो जाएगी। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रश्मिका मंदाना के अलावा आयुष्मान खुराना भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज मिलकर कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रश्मिका मंदाना फिल्म थामा के अलावा कुबेर नाम की फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म में रश्मिका के साथ साउथ अभिनेता धनुष नजर आएंगे। कुबेर इस साल 20 जून को रिलीज होगी। यह फिल्म शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित एक ड्रामा तमिल फिल्म है।

# विजय सेतुपति की फिल्म में अहम किरदार में नजर आएंगी तब्बू

**साउथ फिल्मों में बॉलीवुड अभिनेत्रियों के काम करने का चलन काफी पुराना है, जिसमें कियारा आडवाणी से लेकर कई अभिनेत्रियों के नाम शामिल हैं। हाल ही में फिल्म देवरा पार्ट 1 जान्हवी कपूर ने लीड रोल निभाया था। वहीं अब एक और अभिनेत्री हैं, जो विजय की फिल्म में नजर आएंगी। हालांकि, वह पहले भी कई साउथ फिल्मों में अपना हुनर दिखा चुकी हैं।**

एक खबर के मुताबिक, विजय सेतुपति और पुरी जगन्नाथ की आगामी फिल्म की घोषणा कुछ दिन पहले हुई थी। अब फिल्म को लेकर अपडेट आया है कि इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू अहम किरदार में नजर आएंगी। बहरहाल, इस फिल्म को लेकर तब्बू से बातचीत चल रही हैं।

## इंस्टाग्राम पर शेयर किया था फिल्म को लेकर विजय ने पोस्ट

विजय सेतुपति ने आज से छह दिन पहले उगादि के अवसर पर अपनी नई फिल्म की घोषणा एक तस्वीर शेयर करके की थी, जिसमें विजय के साथ पुरी नजर आए। विजय ने कैप्शन में लिखा, एक सनसनीखेज सहयोग के साथ एक नए रोमांचक अध्याय की शुरुआत। शानदार निर्देशक पुरीजगन्नाथ और दमदार कलाकार मक्कलसेल्वन ने सभी भारतीय भाषाओं में एक शानदार फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। फिल्म की शूटिंग जून में शुरू होगी।

## पहले भी कई साउथ फिल्मों में नजर आ चुकी हैं तब्बू

तब्बू ने कई साउथ फिल्मों में काम किया है, जिनमें कुली नंबर 1 तेलुगु फिल्म है, जिसमें तब्बू ने वेंकटेश के साथ काम किया था। निन्ने पेल्लादथा और आविदा मां आविदे तेलुगु फिल्में हैं, जिनमें तब्बू ने नागार्जुन के साथ काम किया है। प्रियुरलु पिलीचिंडी भी एक तमिल फिल्म है, जिसमें तब्बू ने काम किया है। अला वैकुंठपुरमुलु भी एक तेलुगु फिल्म है, जिसमें तब्बू ने अल्लू अर्जुन के साथ काम किया है। हाल ही में तब्बू बॉलीवुड फिल्म क्रू और हॉलीवुड सीरीज ड्यून- प्रोफेसी में नजर आईं। इसके अलावा वह अक्षय कुमार की आगामी फिल्म भूत बंगला में नजर आएंगी।





# सोचता हूं कि अपने ही देश में डरकर क्यों जी रहा हूं, यहां ऐसे जीना खलता है

**वेब सीरीज स्कैम 1994 में हर्षद मेहता के रूप में अपने अभिनय की चमक बिखेरने वाले ऐक्टर प्रतीक गांधी अब दो और महान हस्तियों को पर्दे पर जीने जा रहे हैं। इनमें एक तो हंसल मेहता की वेब सीरीज गांधी है, जिसमें वह महात्मा गांधी के रूप में दिखेंगे। वहीं, फिल्म फुले में वह महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की भूमिका में हैं।**

**हैरत की बात है कि ज्योतिबा फुले जैसे महान समाज सुधारक पर पॉपुलर सिनेमा में इतने वक्त बाद फिल्म बन रही है? उनका किरदार निभाते हुए आपने उनके व्यक्तित्व से सीखा?**

यह बहुत वाजिब सवाल है कि अब तक फिल्म क्यों नहीं बनी। वैसे, हैरानी तो इस बात पर भी होनी चाहिए की उन्होंने अपने जीवन का जो सबसे पहला स्कूल खोला था, वह इतनी जर्जर हालत में है कि देखकर लगेगा कि वह कभी भी टूट सकता है। किसी को यह विचार नहीं आया कि इस धरोहर को संभालकर रखना चाहिए। बहरहाल, मैंने तो बहुत सारी चीजें सीखीं। सबसे बड़ी बात जो मुझे लगी है वो यह कि आप सेल्फलेस होकर कैसे जी सकते हैं। उन्होंने अपने बारे में कभी नहीं सोचा। दूसरे, जो बात सच लगे उसके साथ बिना डरे खड़ा होना। मतलब, किसी चीज को पूरा समाज सही मानता है, मगर वो आपको गलत लगती है तो उसे गलत कहने की हिम्मत रखना। आज के समय में इसकी बहुत जरूरत है। अभी अहिंसा में कोई यकीन नहीं रखता। अभी तो कोई चीज बुरी लगी मतलब खत्म। मुझे यह सब देखकर बहुत दुख होता है। पता नहीं ये कैसे बदलेगा, मगर उम्मीद है कि एक दिन आएगा, जब सब अच्छा होगा।

**फुले के अलावा, वेब सीरीज गांधी में आप महात्मा गांधी की भूमिका भी निभा रहे हैं। जबकि, गांधी पर इतनी नामी फिल्में बन चुकी हैं। आप लोग क्या नया दिखा रहे हैं? स्कैम 1994 के बाद हंसल मेहता संग दोबारा जुड़ने का अनुभव कैसा रहा?**

यह सही है कि महात्मा गांधी पर कई फिल्में बहुत बनी हैं, मगर सीरीज पहली बार बनेगी। मेरे हिसाब से गांधी जी का जीवन सफर लॉन्ग फॉर्मेट में ही सबसे अच्छे से दर्शाया जा सकता है। इतनी बड़ा जीवन, इतना सारा काम है उनका। हमारा प्रयास गांधी जी के पूरे जीवन को शुरुआत से अंत तक दिखाने का है। हमने अभी पहला सीजन ही खत्म किया है, दो और सीजन अभी शुरू भी नहीं हुए हैं। रही बात हंसल सर के साथ काम करने की, तो वह बहुत मजेदार अनुभव रहा। हम बिना कुछ बोले भी एक दूसरे को समझ लेते हैं। उनके साथ मैं खुद को अच्छे से एक्सप्लोर कर पाता हूं, चैलेंज कर पाता हूं। उनकी स्टोरी टेलिंग मुझे वैसे ही बहुत पसंद है, जो बहुत नेचुरल है। यह मेरे जीवन का अब तक का सबसे बड़ा और सबसे मजेदार एक्सपीरियंस था।

**ज्योतिबा फुले के साथ उनकी पत्नी सावित्री बाई फुले हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चलीं। इस मामले में आपकी पत्नी भामिनी का आपके जीवन में कितना योगदान रहा?**

बहुत बड़ा योगदान है। इतने सालों से मैं जो इतनी अलग-अलग चीजें कर पाया, वह उसके योगदान और सहारे के बिना नहीं हो सकता था। कई बार इतनी सारी चीजें एक साथ करने में आप सिर्फ भाग ही रहे हैं। हम बहुत कुछ अचीव करना चाहते है, उसमें कहीं न कहीं घर पीछे छूट जाता है। हम उतना समय नहीं दे पाते हैं। ऐसे समय में अपने जीवन साथी से आपको सिर्फ यही अपेक्षा रहती है कि वे आपको समझे और साथ दे। यह बहुत स्वार्थी सोच भी हो सकती है, मगर भामिनी ने उस वक्त में हंसते हुए मेरा साथ दिया और इतना इतना धैर्य रखा, जो बहुत बड़ी बात है। वरना हम यहां तक नहीं पहुंच पाते।

**महात्मा ज्योतिबा फुले जैसे महान समाज सुधारक को पर्दे पर जीना कितनी बड़ी जिम्मेदारी थी? उनके किरदार में ढलने के लिए क्या तैयारी रही?**

हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह थी कि हमें इतिहास को बिना बदले एकदम ईमानदार तरीके से उनकी बात आप तक पहुंचानी थी, क्योंकि वह सिर्फ एक व्यक्तिव्य नहीं हैं। उन्हें समाज का एक पूरा वर्ग भगवान मानता है और सही कारणों से मानता है। हमारी कोशिश यह रही कि हम ना उन्हें किसी तरह से जज कर रहे हैं, न उन्हें अपने रंग में ढाल रहे हैं। हम सिर्फ उनकी बात आप तक पहुंचा रहे हैं। वहीं, बतौर ऐक्टर मेरी तैयारी का सबसे बड़ा पार्ट यह था कि मुझे उनके बारे में वे चीजें भी जाननी, समझनी थी, जो स्क्रिप्ट में नहीं लिखी थीं। मुझे उनके व्यक्तित्व को समझना था ताकि बिना कुछ बोले भी अगर स्क्रीन पर खड़ा हूं तो लोगों को लगे कि वे ज्योतिबा फुले को देख रहे हैं और यह सिर्फ बाहरी दिखावे, फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन से या कपड़ों से नहीं संभव था। उस पर चुनौती ये थी कि उनको जानने-समझने के लिए हमारे पास न कोई विडियो थे, न उनके कोई ऑडियो थे। तस्वीरें भी जो हैं, वे सिर्फ पेंटिंग है। हमारे पास किताबों में लिखा मटीरिल ही था, जिससे राइटर-डायरेक्टर अनंत महादेवन ने पूरी स्क्रिप्ट तैयार की।

## ब्रीफ न्यूज

### किसान देश में आज भी ईमानदारी की मिशाल



**अशोकनगर।** इंसानियत की मिशाल एक बार फिर से किसान ने पेश की है बता दे कि पिपरई क्षेत्र में रहने वाले बक्सनपुर के वीरभान यादव जो कि किसान संघ के तहसील अध्यक्ष के द्वारा सामने आई हैं उन्होंने जिला कि मंडी मे अपनी फसल बेचने के लिए गए हुए थे जिसमें सेठ द्वारा फसल की कीमत से ज़्यादा किसान को फसल की कीमत से अधिक राशि जो कि 80 हजार ज्यादा दे दिए गए थे पर अपनी फसल से अधिक राशि होने पर किसान द्वारा मंडी के सेठ को वापस किए गए यह बात जिस किसी ने क्षेत्र में सुनी तो सभी के द्वारा किसान की इंसानियत की प्रशंसा की और इस तरह की मिशाल पेश करने पर क्षेत्र के साथ सभी ने प्रशंसा की।

### बाबा साहेब जयंती पर निकली शोभायात्रा, सकल हिंदू समाज ने बरसाए फूल किया स्वागत

**खरगोन।** भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती शहर सहित समूचे अंचल में धूमधाम से मनाई गई। शहर में दोपहर 3 बजे अनुसूचित जाति- जनजाति व पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में ढोल और मांदल के थाप और लोकगीतों के बीच जय भीम के नारों के बीच युवा जमकर थिरके। मोर्चा के रामेश्वर बड़ोले, प्रदीप करोंदिया, नितेश आडतिया ने बताया कि बाबा साहब ने जिस तरह सामाजिक एकता, अखंडता के लिए संविधान लिखा था, आज खुशी की बात है कि बाबा साहेब के जन्मदिन पर शहर में सामाजिक एकता के रुप में जन्मोत्सव मनाया जा रहा है, सभी समाज के लोग महारैली का जगह-जगह स्वागत सत्कार कर रहे है, यह बाबा साहेब के सपनो को साकार करते हुए संविधान के प्रति सम्मान दिखाने जैसा नजारा है। शोभायात्रा रैली नगर के किला मैदान से प्रारंभ होकर सराफा बाजार, पोस्ट ऑफिस चौराहा, श्रीकृष्ण टॉकीज, बस स्टैंड होते हुए शाम 6 बजे टीआईटी कामप्लेक्स पहुंची, जहां सभा ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ।

### कांग्रेस संगठन का हो रहा पुर्नगठन, सक्रिय सार्थियो को मिलेगी जिम्मेदारी

**खरगोन।** जिला कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक 0 कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश प्रभारी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव संजय दत्त ने कहा की वर्ष 2025 कांग्रेस में संगठन का वर्ष घोषित किया है। अर्थात इस वर्ष संगठन का पुनर्गठन होना है। कांग्रेस संगठन में सक्रिय साथियों को ही स्थान मिलेगा जो पदाधिकारी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे है वहाँ परिवर्तन किया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रवि जोशी ने कहा की कांग्रेस पार्टी द्वारा पुरे देश मे कांग्रेस की संपत्तियों को पहचान कर उसे कब्जे में लेने के लिये पृथक से समिति बनाई है। यह अच्छा कदम है, लंबे समय से हम जिला कांग्रेस के भवन के लिए प्रयास कर रहे है।

# लोकतंत्र को सही दिशा दिखाने में मीडिया पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है: गौतम टेटवाल मंत्री







सत्ता सुधार ■ सीहोर

तकनिकी शिक्षा एवं सिकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है, जब लोकतंत्र में भटकाव आता है तब मीडिया ही उसे सही दिशा दिखाती है। यह बात म.प्र.मीडिया संघ द्वारा भोपाल नाका स्थित आवासीय एवं खेलकूद संस्थान के सभा गृह में रविवार दिनांक 13 अप्रैल 2025 को सांय 3 बजे मुख्य अतिथ्य के रूप में बोलते हुए कही। सर्व प्रथम मंत्री गौतम टेटवाल ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। उनके साथ में विशेष अतिथि के रूप में सांसद आलोक शर्मा, सीहोर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, भाजपा प्रदेश वित्त कार्यालय प्रभारी बी.डी.बैरागी, सीहोर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, म.प्र.शासन के अवर सचिव एम.के.राजोरिया, सेवा निवृत्त सहायक संचालक शिक्षा पत्रकार आर.के. बांगरे मंचासीन थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री गौतम टेटवाल, सांसद आलोक शमाज़् सहित सभी मंचासीन अतिथियों का मीडिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष जयवंत ठाकरे, जिला मुख्य संरक्षक के.जी.बैरागी, जिलाध्यक्ष नितिन जोहरी, महासचिव सक्षम पालिवाल एवं रमेश वाजपेयी ने सभी अतिथियों का बेच व शॉल श्रीफल तथा स्मृति चिन्हों के रूप में आयोध्या भगवान श्रीराम मंदिर कलाकृति चित्र भेट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि मंत्री श्री टेटवाल ने आगे कहा कि आज मीडिया जनता की बुलंद आवाज बन चुकी है। मीडिया वह माध्यम है, जो समाज की जनभावनाओं को सरकार एंव सत्ता तक पहुंचाने का कार्य करती है। मंत्री ने पत्रकारों से अपील की है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचायें इस मौके पर भोपाल सांसद आलोक शमाज़्, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने भी सम्बोधित कर मीडिया संघ की सक्रीयता की सराहना करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने की अपील की। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता मीडिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष जयवंत ठाकरे ने की। समारोह का संचालन सरस्वती पुत्र डॉ. प्रदीप चौहान ने किया। सम्मेलन में पिछड़ा वगज़् आयोग के सदस्य राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त सीताराम यादव, राजकुमार गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। अन्यंत्र जिलों से आये करीब 300 पत्रकारों का अंग वस्त्र पहनाकर मीडिया संघ के वरिष्ठ सलाहकार प्रदीप समाधिया, जुगल पटेल एंव गौतम शाह ने सम्मानित किया। जिला मीडिया संघ के अन्य पदाधिकारी सोनी योगी, शेख मुंशी, आशीष गुप्ता, मनोज मामा दिक्षित, वृन्दा विश्वकर्मा, संजय त्यागी, संतोष सिंह, चन्दर सिंह, कमलेश परमार, पवन विश्वकर्मा, राजेन्द्र नागर, रूपेश खरे, सुदीप रायकवार, विनेश चौहान विन्ना, राजु विश्वकर्मा, श्याम सोनकर, इंजि.जितेन्द्र सिंह, नरेन्द्र खंगराले आदि कई पत्रकार भारी संख्या में उपस्थित थे।

# जिले में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित हो रही पैथोलॉजी लैब

जिले में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित हो रही पैथोलॉजी लैब

सत्ता सुधार ■ अशोक नगर




जिले में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चलने वाली पैथोलॉजी लैब, जिनमें रक्त,पेशाब,शुगर एवं अन्य बीमारियों टाइफाइड, मलेरिया आदि की जांच की जाती है,इसके लिए मशीनों के अलावा प्रशिक्षित टेक्नीशियन की आवश्यकता होती है, साथ ही इन्हें संचालित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग से लाइसेंस प्राप्त करना पड़ता है,लेकिन जिले में बगैर लाइसेंस के अवैध रूप से अनेक लैब संचालित है, जहां मरीज से मनमानी फीस वसूल कर संचालकों द्वारा अपनी जेबें भरी जा रही हैं,भले ही इसमें मरीजों को लाभ की जगह नुकसान हो रहा हो,लेकिन बगैर किसी योग्यता के लैब संचालकों द्वारा मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है।मजे की बात तो यह है कि इन अवैध लैव संचालकों के बारे जानकारी होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इन से नजरें फेरे हुए हैं,और इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिले में बड़ी संख्या में ऐसे पैथोलॉजी लैब शहर के मुख्य स्थानों के अलावा गलियों सहित कई ऐसे स्थानों पर है,जहां मरीज तो पहुंच जाते हैं,लेकिन अवैध लैबों की जांच करने वाले अधिकारी नहीं पहुंच पाते। इन लैबों पर वैध-अवैध सभी तरह की जांचें की जाती है। और ग्राहकों (मरीजों) से मनमाने दाम वसूले जाते हैं। जिले की राजपुर तहसील में संचालित कुछ अवैध लैब बगैर लाइसेंस के चल रहे हैं न्यू परख पैथोलॉजी और सौम्या क्लिनिक आदि पैथोलॉजी संचालित है। ना तो इनके पास प्रशिक्षित स्टाफ है,नाही लैब संचालित करने के लिए लाइसेंस, बल्कि यह स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी से संचालित है। और इनकी जांच करने भी कोई अधिकारी नहीं पहुंचता,भले ही इनकी रिपोर्ट मरीजों को जानलेवा साबित हो जाए। लोगों ने जिले भर के ऐसे पैथोलॉजी लैबों पर जिला प्रशासन से अभियान चलाकर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में मोका चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नीरज छारी से बगैर लाइसेंस के मनमाने तरीके से संचालित,अवैध पैथोलॉजियों पर कार्रवाई किए जाने को लेकर उनका पक्ष जानने के लिए मोबाइल फोन से उनसे संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

## धूमधाम से मनाया गया संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर का जन्म दिवस

प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण,बसपा द्वारा जुलूस भी निकाला गया



सत्ता सुधार ■ अशोक नगर

संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस सोमवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान उनके अनुयायियों ने उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धा पूर्वक नमन किया। इस दौरान जिला मुख्यालय पर बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में स्थानीय रविदास मंदिर से एक विशाल जुलूस निकाला गया। जो शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से होते हुए,प्रारंभ स्थल पर संपन्न हुआ। इस दौरान स्थानीय पुराना बस स्टैंड पर स्थित अंबेडकर पार्क पर आज प्रात~ से ही राजनीतिक दलों के अलावा अन्य सामाजिक लोगों द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस दौरान उनके व्यक्तित्व, कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

### जगह-जगह हुआ जुलूस का स्वागत

शहर में निकाले गए विशाल जुलूस में ढोल-बाजे एवं डीजे की धुन पर युवा झूम कर नाचते नजर आए। जुलूस में बसपा जिला अध्यक्ष इंजीनियर मुकेश अहिरवार, वरिष्ठ नेता बाबूलाल दैलवार,पार्षद संजय जाटव, आरटीआई कार्यकर्ता मनीराम अहिरवार,संजू दैलवार, प्रदीप दैलवार, दामोदर प्रसाद अहिरवार, मनीष धुरेटे पार्षद,रामकृष्ण सिरोलिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे,जुलूस का जगह-जगह फल, मिठाई, शीतल जल,आइसक्रीम,ठंडाई आदि खाद्य पदार्थों को वितरण लोगों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान संजय जाटव मित्र मंडल द्वारा बाबा साहब की जयंती पर सर्व समाज के सहयोग से स्थानीय गांधी पार्क चौराहे पर प्रसाद के रूप में खीर का वितरण किया गया। जिसमें सभी साथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण



**अशोकनगर।** संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विश्व हिंदू परिषद समरसता द्वारा अंबेडकर पार्क पहुंचकर माल्यार्पण किया गया। साथ ही समरसता गोष्ठी रखी गई। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख दीपक मिश्रा ने कहा कि डां भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माता के साथ-साथ भारत माता के सच्चे सपूत थे, भारत माता की रक्षा के लिए उन्होंने हिंदू संस्कृति की रक्षा के लिए राष्ट्र कल्याण के लिए कभी किसी प्रकार का समझौता नहीं किया। ना किसी प्रकार झुके इसलिए आज पूरा राष्ट्र बाबा साहब को मानता है,और हर भारत वासी के हृदय में डॉ अंबेडकर का सम्मान है। आज अंबेडकर जयंती पर हम सभी ऐसे महामानव को नमन करते हुए वंदन करते हैं, अभिनंदन करते हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिनेश जैन बजरंग दल विभाग संयोजक वेदराम लोधी रामकुमार चौधरी अशोक रघुवंशी विकास जैन बल्ली ,हेमराज नामदेव मोहन नामदेव कैलाश चंदेल रामकृष्ण राजेश सोनी वकील लोधी रामकृष्ण आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## परशुराम जयंती को लेकर ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न 30 अप्रैल परशुराम जयंती पर निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

सत्ता सुधार ■ अशोक नगर



सर्व ब्राह्मणमहापंचायत ट्रस्ट धर्मशाला में रविवार शाम 4~00 बजे ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न हुई जिसमें आने वाली 30 तारीख को परशुराम जयंती बड़े ही भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया इस अवसर पर ट्रस्ट के डॉक्टर दीपक मिश्रा द्वारा सर्व समाज के लोगों को शोभायात्रा बुलाने का आह्वान किया गया उन्होंने बताया कि भगवान किसी एक धर्म जाति के नहीं होते सभी के होते हैं इसलिए सभी से आह्वान किया है सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में सम्मिलित होकर धर्मलाभ अर्जीत करें बैठक में कई युवा उपस्थित है जिन्हें आयोजन की विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई वही युवाओं की टोली घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करेगी साथ ही परशुराम जयंती उत्सव समिति का गठन भी किया गया इसके नेतृत्व में परशुराम जयंती का भविष्य शुभ यात्रा निकाली जाएगी आगामी बैठक 19 तारीख को सर्व ब्राह्मण महिला मण्डल की एवं 20 तारीख को 4 बजे पुनः विशाल बैठक का आयोजन किया गया है इस अवसर पर बैठक में हरिओम जी नायक राजेश जी शर्मा हरिओम जी शर्मा रजिस्ट्रार दीपक जी मिश्रा सचिन जी चौधरी दीपक शर्मा वीरू बोहरे रामकुमार शर्मा शशिकांत जी भार्गव सहित ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ एवं युवा उपस्थित थे।

### मोहन जायसवाल बने मप्र जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष

**खरगोन।** जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकिशोर मोदी की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष जायसवाल ने महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल की सहमति से खरगोन के समाजसेवी, अधिमान्य पत्रकार मोहन हरिनारायण जायसवाल को मध्य प्रदेश जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके इस मनोनयन पर जायसवाल समाज में हर्ष व्याप्त है। जायसवाल को मध्य प्रदेश जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर प्रदेश उपाध्यक्ष हुकुमचंद जायसवाल, आदि समाज सेवियो ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

## जिला कांग्रेस ने मनाई वार्ड क्रमांक 11 के पार्क में डॉ अम्बेडकर व फूले की जयंती

सत्ता सुधार ■ सीहोर



अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड क्रमांक 11 सीहोर के डॉ अम्बेडकर पार्क गंज जिला सीहोर में जिला कांग्रेस, जिला सेवादल कांग्रेस तथा ब्लॉक कांग्रेस सीहोर के तत्वाधान में संविधान निर्माता डॉ अम्बेडकर के 134वी व महात्मा ज्योतिबा राव फूले की 198वी जयंती संयुक्त रूप से धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राजीव गुजराती थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ अम्बेडकर व फूले की प्रतिमा एवं चित्र पर कैंडल जला कर पुष्प मालाए अर्पित की गई। इस अफसर राजीव गुजराती ने कहा कि म.प्र. के महु में जनमें डॉ. अम्बेडकर राष्ट्र के सजग पथ प्रदर्शक थे इस अवसर पर राजीव गुजराती ने कहा कि डॉ अम्बेडकर का सपना था कि दलित धनवान बने वह हमेशा नौकरी मांगने वाले नही बने अपितु नौकरी देने वाले बने डॉ .अम्बेडकर के नीजी पुस्तकालय बॉम्बे राजगृह में 50 हजार से भी अधिक किताबें है।

**बैठक** न्यायालय में आपत्ति पर अगली सुनवाई 21 को

# ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण के मुद्दे पर दिल्ली में हुई उच्च स्तरीय बैठक

### न्यायिक अधिकारियों,सरकार के महाअधिवक्ता के समक्ष ओबीसी महासभा के प्रतिनिधि मंडल ने रखी अपनी बात

सत्ता सुधार ■ अशोक नगर



ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर रविवार को दिल्ली के मध्य प्रदेश भवन में एक उच्च स्तरीय बैठक रखी गई। बैठक में ओबीसी महासभा के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने न्यायिक अधिकारियों, प्रदेश सरकार के महाधिवक्ता के समक्ष क्रमबद्ध तरीके से अपनी बात रखी। ओबीसी महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ बृजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि 27 प्रतिशत आरक्षण के मुद्दे पर रविवार को दिल्ली के मध्य प्रदेश भवन में महत्वपूर्ण बैठक हुई, यह बैठक 4 घंटे चली। बैठक में न्यायिक अधिकारी एडीजे अमित सेठ, एडीजे धीरेंद्र पवार,एडीजे श्री विश्वकर्मा, मध्य प्रदेश सरकार के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, सुप्रीम कोर्ट के ओबीसी महासभा के एडवोकेट वरुण ठाकुर एडवोकेट वैभव सिंह लोधी एडवोकेट धर्मेंद्र कुशवाहा ओबीसी महासभा के मध्य प्रदेश अध्यक्ष डॉ बृजेंद्र सिंह यादव महासभा के राष्ट्रीय सचिव नारायण प्रजापति राष्ट्रीय प्रवक्ता विश्वजीत रतनिया महिला मोर्चा की प्रदेश संयोजक एडवोकेट प्रियंका सिंह लोधी राष्ट्रीय सचिव शिवकुमार सिंह बघेल दिल्ली ओबीसी महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर वीर सिंह बघेल सहित एक दर्जन से अधिक ओबीसी महासभा के सदस्य प्रतिनिधि मंडल में शामिल हुए। डॉक्टर बृजेंद्र सिंह ने बताया कि हमने सरकार के प्रतिनिधि और न्यायिक अधिकारियों के समक्ष 27 प्रतिशत आरक्षण के मुद्दे पर विस्तार से अपनी बात रखी।लेकिन अभी एक पैंच फंसा हुआ है, सर्वोच्च न्यायालय में लगी आपत्ति पर 21 अप्रैल को सुनवाई है, जिसमें आगे का रास्ता साफ हो जाएगा। सरकार के प्रतिनिधियों ने भी हमें आश्वासन दिया है। हमने भी सरकार से पूरी जिम्मेदारी और आंदोलन की रणनीति की चेतावनी देते हुए ओबीसी के मुद्दों पर स्पष्ट रूप से अपनी बात रखी। इस मौके पर सभी ओबीसी महासभा के क्रांतिकारी साथियों के संघर्ष का परिणाम है, आज सरकार आरक्षण के मुद्दे पर घुटनों के बल आ गई है। और हमारा अधिकार बनता है,कि हम 27 प्रतिशत मध्य प्रदेश में आरक्षण लेकर आएंगे।

## करीब एक किलोमीटर सीसी सड़क के विकास कार्य का भूमि पूजन



**सीहोर।** नगर और नागरिकों के विकास के लिए पूरी क्षमता, समर्पण और सेवा भावना से काम करें। उन्होंने कहा कि हमारे शहर विकास के मामले में अव्वल रहें, इसके लिए नगर विकास के रोडमेप पर लगातार कार्य किया जा रहा है। हमारी प्रदेश और केन्द्र में डबल इंजन की सरकार है। उक्त विचार शहर के प्राचीन करोली माता मंदिर से साइलो तक नगर पालिका परिषद के द्वारा एक करोड़ 47 लाख से करीब एक किलोमीटर सीसी सड़क के विकास कार्य के भूमि पूजन के दौरान मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा ने कहे। उन्होंने कहाकि भाजपा सरकार के पास विकास के लिए धन की कोई कमी नही है। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहाकि हमारे क्षेत्र के ऊर्जावान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और सभी पार्षद मिलकर शहर को तरक्की के रास्ते पर ले जा रहे है।

## ब्रीफ न्यूज

### आरपीआईए में रवि करोसिया को मिली प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी




**इंदौर।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया (आठवले) के प्रदेश प्रभारी मोहम्मद इरफान ने प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी भंग कर रवि करोसिया को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने यह घोषणा इंदौर के एक निजी होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में की। आरपीआईए के प्रदेश प्रभारी मो. इरफान ने कहा कि हर 3 साल में नई कार्यकारिणी का गठन किया जाता है। उन्होंने कहा कि हम बड़े स्तर पर काम कर रहे हैं और कार्यकारिणी में युवाओं को अवसर दिया जा रहा है। प्रदेश प्रभारी इरफान ने कहा कि आंबेडकर जयंती पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मंत्री आठवले द्वारा महू में बीस साल से कार्यक्रम आयोजित किया जा है, उसी के उपलक्ष में आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, रैली निकाली जाएगी। भोजन वितरण की भी व्यवस्था रहेगी। आरपीआईए के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रवि करोसिया ने कहा कि आगामी दिनों में हम मप्र के 55 जिलों, 10 संभागों, 17 नगर निगम, 99 नगर पालिका और 428 तहसीलों में अपने पदाधिकारी नियुक्त करेंगे। अभी 10 जिलों और तहसीलों में हमारे पदाधिकारी नियुक्त हैं।

**बोले- सभी जिलों, संभाग एवं तहसीलों में नियुक्त करेंगे पदाधिकारी**

### बाइक टकराने के विवाद में चाकू से किया हमला, एक की मौत

**इंदौर।** इंदौर के खुड़ैल थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना उस समय हुई जब युवक अपने दो दोस्तों के साथ तालाब से लौट रहा था। रास्ते में बाइक टकराने की बात पर आधा दर्जन से ज्यादा युवकों से उनका विवाद हो गया, जिसके बाद आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया। तेजाजी नगर के नायता मुंडला में रहने वाला सलमान खान अपने दो दोस्तों छोटा सलमान और एक अन्य के साथ सनावदिया गांव के पास स्थित तालाब में नहाने गया था। लौटते वक्त खुड़ैल-सनावदिया रोड पर अज्ञात बाइक सवारों से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। विवाद के दौरान आरोपियों ने सलमान पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उसके पेट, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने गए छोटा सलमान को भी चाकू लग गया। दोनों को गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान रात में सलमान की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, सलमान निजी कंपनी में काम करता था। वह अपने दो भाइयों–सोहेल और साहिल के साथ इंदौर में किराए से रहता था। पिता शहाबुद्दीन मूलतः कन्नोद गांव में रहते हैं। बड़ा भाई सोहेल ऑटो रिक्शा चलाता है। एक साल पहले काम की तलाश में तीनों भाई मां के साथ इंदौर आकर बस गए थे। घटना के बाद खुड़ैल पुलिस ने सलमान के दोनों दोस्तों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

---

**मंदिर में फूल बंगला सजेगा, अभिषेक के बाद भगवान का होगा मनमोहक शृंगार**

# रणजीत हनुमान मंदिर पर भंडारा आज, 1 लाख से ज्यादा भक्त लेंगे प्रसादी

सत्ता सुधार ■ इंदौर

रणजीत हनुमान मंदिर पर मंगलवार को चलित भंडारा होगा। एक लाख से ज्यादा भक्तों के लिए प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। सोमवार सुबह भट्टी पूजन हुआ और प्रसादी बनना शुरू हो गई। मंगलवार को मंदिर में फूल बंगला सजेगा। भगवान का सुंदर शृंगार होगा। मंदिर में लगातार बढ़ती भक्तों की संख्या को देखते हुए इस बार भी चलित भंडारा करने का निर्णय लिया है, ताकि भक्तों को कई घंटों का इंतजार न करना पड़े।

मंदिर के मुख्य पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया मंगलवार को मंदिर पर चलित भंडारा होगा। शाम को भगवान की आरती और छप्पन भोग अर्पित करने के बाद भंडारे की शुरुआत होगी। इस बार भक्तों को पैकेट में प्रसादी दी जाएगी। जिससे वे अपने घर भी प्रसादी ले जा सकेंगे। मंदिर के ग्राउंड में बैठाकर प्रसादी खिलाने की व्यवस्था नहीं रहेगी। क्योंकि इससे मंदिर के बाहर भक्तों की भीड़ ज्यादा बढ़ जाती है और उन्हें घंटों प्रसादी के लिए इंतजार करना पड़ता है। इसलिए इस बार भी चलित भंडारे का निर्णय लिया है।

पं. दीपेश व्यास ने बताया कि मंगलवार को सुबह 10 बजे बाबा का अभिषेक होगा। इसके बाद विशेष शृंगार किया जाएगा। मंदिर में फूल बंगला सजेगा। फूल बंगले में मोगरा, रजनीगंधा, गुलाब, कट फ्लावर आदि फूलों से मंदिर को सजाया जाएगा। गर्मी को देखते हुए फूल बंगले का आधा काम सोमवार रात को बाकी काम मंगलवार सुबह किया जाएगा। शाम को साढ़े 5 बजे भगवान की आरती होगी। छप्पन भोग और भंडारे के लिए तैयार प्रसादी का भोग अर्पित होगा। परंपरानुसार शहर के 101 मंदिरों में प्रसादी को भेजा जाएगा। शाम 6 बजे के बाद मंदिर के ग्राउंड में चलित भंडारे की शुरुआत होगी।



**रामभाजी, नुक्ती और पूरी का खास पैकेट**

पंडित ने बताया कि भक्तों को चलित भंडारे में प्रसादी देने के लिए पैकेट की व्यवस्था रहेगी। ग्राउंड में आने के साथ ही एक काउंटर से भक्तों को एक पैकेट मिलेगा जो तीन खन का रहेगा। दूसरे काउंटर से रामभाजी, अगले काउंटर से चार से पांच पूरी और चौथे काउंटर से नुक्ती उस पैकेट में परोसी जाएगी। इस पैकेट में ही उसका ढक्कन भी होगा, जिसे बंद करने के बाद भक्त आसानी से उसे ले जा सकेंगे। इस तरह के पैकिंग होने से भक्त अपने घर भी ले जाकर प्रसादी ग्रहण कर सकेंगे या मंदिर परिसर के बाहर भी प्रसादी ग्रहण कर सकेंगे।

---

# इंदौर मेट्रो सुबह 8 से रात 8 बजे तक चलेगी, किराया 20 से 80 रुपए

**पहले सप्ताह निःशुल्क सफर कर सकेंगे यात्री, यलो लाइन का रूट 5.9 किमी**

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर मेट्रो को प्रायोरिटी कॉरिडोर पर चलाने के लिए एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इंदौर में मेट्रो के कॉमर्शियल रन की तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने मेट्रो का किराया, किस रूट पर चलेगी, मेट्रो कितना समय लेगी, कितने बजे से चलना शुरू करेगी, कितनी बजे इसका आखिरी फेरा लगेगा, यह तय कर दिया है।

सीएमआरएस की टीम ने पिछले दिनों ही इंदौर मेट्रो को हरी झंडी दिखाते हुए अपनी ओके रिपोर्ट दे दी थी। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर पर गांधी नगर से स्टेशन नंबर 3 तक चलेगी। इस दौरान मेट्रो दोनों तरफ़ से 25-25 फेरे लगाएगी, यानी की मेट्रो दोनों तरफ़ के मिलाकर कुल 50 फेरे लगाएगी। इंदौर मेट्रो दोनों तरफ़ से एक साथ चलना शुरू होगी यानी गांधी नगर स्टेशन और सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर 3 से एक साथ चलेगी। इंदौर मेट्रो दोनों स्टेशन से सुबह 8 बजे से चलना शुरू होगी और आखिरी फेरा रात 8 बजे लगाएगी। मेट्रो के कॉमर्शियल रन के दौरान हर 30 मिनट के अंतराल पर एक मेट्रो कोच सेट का संचालन किया जाएगा। यात्रियों की संख्या के आधार पर इस समय को बढ़ाया या घटाया जा सकेगा।



**5 जोन में बांटा गया है इंदौर मेट्रो का किराया :** मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने इंदौर मेट्रो का किराया 5 जोन में बांटा है। इस 5 जोन के तहत इंदौर मेट्रो के 28 स्टेशन आएंगे। न्यूनतम किराया 20 रुपए रहेगा जबकि अधिकतम किराया 80 रुपए रखा गया है। वहीं शुरुआती प्रायोरिटी कॉरिडोर की बात करें तो इसका न्यूनतम किराया 20 रुपए और अधिकतम किराया 30 रुपए रहेगा।

**आम लोगों को मिलेगी मेट्रो की कनेक्टिविटी :** रेडिसन चौराहा, विजयनगर यात्री ई-बस में बैठकर सुपर कॉरिडोर के स्टेशन नंबर 3 तक पहुंचेंगे। एससी 3 से गांधी नगर स्टेशन से यात्री मेट्रो में बैठकर सफर करेंगे। गांधी नगर से एयरपोर्ट व बड़ा गणपति यात्री गांधी नगर स्टेशन से ई-बस में बैठकर एयरपोर्ट व बड़ा गणपति चौराहे तक की यात्रा करेंगे।

**कॉमर्शियल रन में सिर्फ 2 से 5 मिनट लगेंगे :** इंदौर में यलो लाइन का प्रायोरिटी रूट कुल 5.9 किमी का है। इसमें 5 स्टेशन रहेंगे। कॉमर्शियल रन के दौरान हर स्टेशन पर मेट्रो सिर्फ 2 से 5 मिनट के अंदर पहुंचेगी। अभी पांच स्टेशन मेट्रो डिपो से लेकर सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर 3 के आगे तक टेस्टिंग हो रही है, जो दिन और रात दोनों समय की जा रही है। बताया जा रहा है कि कॉमर्शियल रन के दौरान जब इस रूट पर मेट्रो चलेगी तो वह हर 2 से 5 मिनट में एक स्टेशन पर पहुंच जाएगी।

**पहले सप्ताह निःशुल्क यात्रा**

इंदौर मेट्रो के कॉमर्शियल रन के दौरान मेट्रो प्रबंधन ने यात्रियों को आकर्षित करने और प्रचार-प्रसार के लिए टिकट पर छूट देने की घोषणा की है। पहले सप्ताह 100 प्रतिशत छूट। दूसरे सप्ताह टिकट पर 70 प्रतिशत छूट। तीसरे सप्ताह टिकट पर 50 प्रतिशत छूट। चौथे सप्ताह से 3 महीने तक टिकट पर 25 प्रतिशत छूट रहेगी।

**पीएम मोदी दिखा सकते है हरी झंडी :** मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर मेट्रो के कॉमर्शियल रन को हरी झंडी दिखाने पीएम नरेंद्र मोदी आ सकते हैं, एमपी सरकार की मंशा है कि इस रन के शुरू होने के दौरान पीएम मोदी मौजूद रहें। बताया जा रहा है कि सब कुछ क्लियर होने के बाद मेट्रो अफसर ने इस संबंध में सरकार को पत्र लिख दिया है, जिसमे कॉमर्शियल रन शुरू करने की बात कही गई है। वहीं अब सरकार पीएम नरेंद्र मोदी से समय लेगी और जैसे ही तारीख मिलती है, कॉमर्शियल रन यानी आम जनता के लिए मेट्रो शुरू कर दी जाएगी। यात्रियों के लिए मेट्रो चलाने की मेट्रो प्रबंधन की पूरी तैयारी है। सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के पांचों मेट्रो स्टेशन पर स्टाफ, टिकट काउंटर सहित अन्य इंतजाम भी हो चुके हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार चाहेगी तो जल्द ही मेट्रो का कॉमर्शियल रन शुरू किया जा सकेगा।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज में करेगा पंच परिवर्तन विषय पर काम




सत्ता सुधार ■ धामनोद

नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रकट कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें धामनोद खंड (ब्लॉक) के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 80 ग्रामों के चयनित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। दैनिक शाखा, साप्ताहिक मिलन व मासिक मंडली के माध्यम से स्वयंसेवकों ने अभ्यास कर समाज के सामने प्रदर्शन किया।

संघ की शाखा में सामान्य व्यक्ति के राष्ट्रीय व सामाजिक गुण निमार्ण का कार्य सतत चलता रहता है। इसका समाज के सामने वर्ष में एक बार प्रकट कार्यक्रम होता है। प्रकटोत्सव में संघ की शाखा में चलने वाले वर्ष भर के कार्यक्रम जिससे सामान्य व्यक्ति में सामाजिक व राष्ट्रीय गुण विकसित करने हेतु कार्यक्रम जैसे नियुद्ध (बिना सस्त्र के आत्मरक्षा का अभ्यास) दंड संचालन, सामूहिक समता (एकत्व के भाव के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना), सामूहिक गीत (राष्ट्रीय भाव के साथ समाज के बीच आत्मविश्वास से गायन), योग, आसन का अभ्यास होता है।

संघ इस वर्ष अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है

स्वयंसेवकों ने पंच परिवर्तन विषय सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक अनुशासन, स्व. का भाव पर कार्य करते हुए समाज में परिवर्तन करने का संकल्प लिया।

प्रकटोत्सव कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित रहे अनिल पाटीदार (खंड संघचालक), कमल पाटीदार, श्याम काग का बौद्धिक उद्बोधन प्राप्त हुआ जिसमें बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की जन्मजयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर पंच परिवर्तन विषय पर विस्तृत से जानकारी दी।

---

# आबकारी विभाग ने की सवा लाख से ज्यादा की शराब जब्त



सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर में महंगी शराब के शौकीनों के लिए हरियाणा से शराब लाकर घरों से बेची जा रही है। शराब की होम डिलीवरी भी की जा रही है। आबकारी विभाग को इस संबंध में लगातार मिल रही शिकायत के बाद विभाग ने दो पॉश इलाकों के दो फ्लैट्स पर एक साथ छापा मारते हुए प्रीमियम शराब जब्त कर आरोपी को हिरासत में लिया।

सहायक आयुक्त तिवारी ने बताया कि बोतलों की जांच में सामने आया है कि यह मध्यप्रदेश की नहीं हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वो ये बोतलें हरियाणा से कम कीमत में लाकर इंदौर में बेचता था। इस आधार पर जांच करवाई जा रही है कि बोलतें कहां की हैं। जांच में यह भी प्रमुखता से देखा जा रहा है कि कहीं यह नकली शराब तो नहीं है।

**कई बार ग्राहक बनकर बुलाया, लेकिन नहीं आया**

आबकारी अधिकारियों ने बताया कि हरप्रीत घर से भी अपने ग्राहकों को शराब बेचता था। बड़े ग्राहकों को शराब घरों या होटलों तक भी पहुंचाता था। इसके लिए कई बार हरप्रीत को ग्राहक बनकर फोन भी किया, लेकिन वह नहीं आया। वह सिर्फ अपनी जान-पहचान के विश्वसनीय ग्राहकों से ही डील करता था, इसलिए उसके घर का पता लगाकर कार्रवाई की गई। आरोपी हरप्रीतसिंह को आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### हरियाणा सेवा आश्रम भक्त निवास का भूमि पूजन संपन्न

**उज्जैन।** नृसिंह घाट स्थित हरियाणा सेवा आश्रम में भक्त निवास का भूमिपूजन अनंत श्री विभूषित 1008 महामंडलेश्वर श्री ज्योति गिरी जी महाराज, महंत कृष्ण गिरी जी आश्रम संस्थापक,श्री बालयोगी उमेश नाथ जी महाराज राज्यसभा सांसद, श्री महावीर नाथ जी, महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव,नगर उपाध्यक्ष श्री जगदीश पांचाल, श्री विनोद लाला के आतिथ्य में संपन्न हुआ भूमि पूजन के अवसर पर सभी संतों द्वारा विधि विधान से पूजन किया उपस्थित संतों का स्वागत अतिथियों द्वारा किया गया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया भक्त निवास में 14 रूम 1 हॉल का निर्माण हरियाणा सेवा आश्रम द्वारा किया जाएगा सिंहस्थ 2028 में भक्तों के लिए सौगात होगी इस अवसर पर पार्षद श्रीमती लीला वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रमिला यादव महामंत्री सोनम जोशी, मंडल अध्यक्ष मुक्तक गोस्वामी, तीर्थ पुरोहित समिति अध्यक्ष अजय जोशी कुंड वाला ,रितेश त्रिवेदी शुभम डब्बावाला आदि मौजूद थे।

**पार्षद जीतू यादव ने चबूतरा बनाने वाले से कहा-**

# हिंदू होकर पूरे मोहल्ले को मुसलमान बनाओगे?

सत्ता सुधार ■ इंदौर

पार्षद जीतू यादव कुलकर्णी नगर में निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। यहां उन्होंने दरगाह के पास अतिक्रमण होते देखा, तो नाराज हो गए।



इंदौर के बीजेपी पार्षद कमलेश कालरा कांड के बाद पार्टी से निष्कासित पूर्व एमआईसी मेंबर जीतू यादव का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वे इंदौर के कुलकर्णी नगर में बनी एक दरगाह के अतिक्रमण को लेकर उग्र होते दिख रहे हैं। नगर निगम सूत्रों के मुताबिक वीडियो रविवार का है। इसमें जीतू यादव नगर निगम कर्मचारियों और एक स्थानीय व्यक्ति को फटकारते हुए नजर आ रहे हैं। वे कहते हैं- अभी मैं जिंदा हूं, कहीं गया नहीं हूं, अभी यहीं हूं।

**रहवासी से बोले- बंद करो दुकानदारी :** निगम सूत्रों के मुताबिक रविवार को पार्षद जीतू यादव कुलकर्णी नगर में निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। यहां उन्होंने दरगाह के पास अतिक्रमण होते देखा। इस दौरान वे एक युवक से कहते हुए दिख रहे हैं- यह बंद करो, तुम्हारी दुकानदारी। मैं कई बार हिंदी में समझा चुका हूं। आप पिताजी की उम्र के हो, इसलिए कुछ बोलता नहीं हूं। आपको क्या लगा, मैं चला गया? अभी मैं जिंदा हूं और यहीं हूं। जरा सी दरगाह थी, अब इतना बड़ा चबूतरा बना दिया। इसे खजराना और आजाद नगर बना दोगे क्या? शर्म आनी चाहिए तुम्हें, हिंदू होकर मुसलमान बन गए। क्या पूरे मोहल्ले को मुसलमान बनाओगे?

**निगमकर्मियों से बोले- पैसे लेकर काम करते हो :** वीडियो में जीतू यादव निगम कर्मचारियों पर भी नाराजगी जताते नजर आते हैं। वे कहते हैं- तुम यहां किससे पूछकर आ गए हो? जेसीबी किससे पूछकर लाए? मेरे बिना पूछे कैसे आए? मैं तुम्हारी शिकायत महापौर और कमिश्नर से करूंगा। पैसे लेकर काम करते हो यहां। वहां लोग बुलाते हैं तो चार-चार दिन लग जाते हैं, और यहां बिना पूछे चले आए?

---

**मॉनिटरिंग** | **संभागायुक्त के रूप में आशीष सिंह को मिलेगी सिंहस्थ की बागडोर**

# उज्जैन सिंहस्थ की मॉनिटरिंग अब इंदौर से होगी

सत्ता सुधार ■ इंदौर

शासन ने 9 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए उसमें उज्जैन कलेक्टर भी चपेट में आए, जिन्हें हटाए जाने की सुगबुगाहट बीते कई समय से चल रही थी। मगर अभी जो ताजा विवाद उनके बंगले पर घटित हुआ उसके बाद कल ही शासन ने उन्हें हटा दिया। वहीं इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह को उज्जैन सिंहस्थ की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई और उन्हें फिलहाल मेला अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। फिलहाल इंदौर से ही उज्जैन सिंहस्थ की मॉनिटरिंग की जाएगी।

कलेक्टर आशीष सिंह का कहना है कि बाबा महाकाल ने उन्हें एक बार फिर सेवा का मौका दिया है और वे मुख्यमंत्री के अम्बेडकर जयंती के कार्यक्रम के बाद उज्जैन जाएंगे और वहां चल रही सिंहस्थ की गतिविधियों की जानकारी लेंगे। इसके पूर्व भी वे सिंहस्थ से जुड़ी महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल होते रहे हैं और चूंकि पूर्व में उज्जैन कलेक्टर के रूप में भी काम कर चुके हैं। महाकाल कॉरिडोर का अधिकांश काम उनके ही कार्यकाल में पूरा हुआ था। लिहाजा उज्जैन सिंहस्थ से जुड़ी तैयारियों की भी उन्हें पूरी जानकारी है और इंदौर से भी उसकी मॉनिटरिंग करते रहेंगे। कल ही राज्य शासन ने जो तबादले किए उनमें इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह को उज्जैन सिंहस्थ के मेला अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मुख्यमंत्री अभी तक उज्जैन सिंहस्थ की तैयारियों से संतुष्ट नहीं हैं,



जिसके चलते वे आशीष सिंह जैसे काबिल अधिकारी को पूरा जिम्मा सौंपना चाहते हैं और कुछ माह बाद कलेक्टर का प्रमोशन भी सचिव के लिए हो जाएगा और तब उन्हें उज्जैन का संभागायुक्त बनाकर सिंहस्थ-2028 की समस्त बागडोर सौंपी जा सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह की कार्यप्रणाली से संतुष्ट हैं और वे उनके पसंदीदा अफसरों में भी शुमार किए जाते हैं। यही कारण है कि इंदौर कलेक्टर रहते हुए उन्हें उज्जैन सिंहस्थ का मेला अधिकारी बनाया गया और अभी जो उज्जैन संभागायुक्त हैं वे जुलाई में सेवानिवृत्त भी हो रहे हैं।

उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह लगातार विवादों में रहे हैं और पिछले हफ्ते उनके बंगले पर जो घटनाक्रम हुआ उसने पुलिस प्रशासन की भी किरकिरी करवाई और मुख्यमंत्री को अपने गृह जिले में तुरंत ही ये बदलाव करना पड़ा और उज्जैन में ही निगमायुक्त रहे रोशन सिंह को अब उज्जैन कलेक्टर का जिम्मा सौंपा गया है।

## महापौर ने किया नर्मदा पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण



**इंदौर।** तड़के सुबह महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नर्मदा पंप स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। महापौर द्वारा बिजलपुर नर्मदा पम्प स्टेशन, पानी कि टंकियों में वितरण के सिस्टम को मॉनिटरिंग व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने वाचू पॉइंट से आने वाले पानी कम क्यों आ रहा है इसको लेकर अधिकारी, कर्मचारियों से जानकारी ली। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर इसके लिए जांच के निर्देश भी दिए, इंदौर तक आने वाले पानी की चोरी को चेक करने के लिए जांच के निर्देश दिये। महापौर ने चंदन नगर क्षेत्र में बनी पानी की टंकी का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान जल कार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू एवं अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा भी उपस्थित थे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि मेरे लिए पूरा शहर एक समान है इसलिए टंकियों में पानी के वितरण में कोई भी अधिकारी, पार्षद पक्षपात न करे।

# संविधान निर्माता का जन्मदिन धूमधाम से मना, निकला विशाल चल समारोह





सत्ता सुधार ■ मुरैना

सोमवार 14 अप्रैल को संविधान रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन पूरे देश के साथ मुरैना मुख्यालय पर भी दलित वर्ग के साथ सर्वहारा वर्ग के लोगों ने धूमधाम से मनाया एवं विशाल चल समारोह निकला। जिसमें दलित वर्ग बाबा साहब के प्रति अभिमान और श्रद्धा व्यक्त करते हुए झूमते-नाचते व गाते हुए खुशी जाहिर कर रहे थे। सोमवार की दोपहर बैरियर स्थित स्टेडियम से विशाल चल समारोह निकला, जिसमें हजारों की संख्या में दलित एवं सर्वहारा वर्ग के लोग शामिल थे, पूरी एमएस रोड पर लोग ही लोग दिखाई दे रहे थे और नीला झंडा एवं नीला रंग सड़कों पर नजर आ रहा था। चल समारोह में बाबा साहब की कई झांकियां प्रदर्शित की गई एवं उनके गीतों पर दलित समाज के लोग नाचते गाते धूम रहे थे। चल समारोह को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए एवं भारी पुलिस फोर्स रैली में चल रही थी, जिससे किसी प्रकार का खलल रैली में ना पड़े। चल समारोह के दौरान एमएस रोड पर स्वागत करने वाले राजनीतिक दलों के नेताओं के टेंट व तंबू इतनी संख्या में लगे थे कि कहीं भी जगह नहीं थी और रैली में चल रहे लोगों का जगह-जगह अग्रवाल महासभा के रमेश चंद गर्ग तथा सदस्यों सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा शीतल पेय पदार्थ व स्वल्पाहार के साथ भव्य स्वागत किया गया।



## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉक्टर बाबासाहब अंबेडकर की 134 वीं जयंती

**कैलारस।** भारतीय संविधान के शिल्पकार आधुनिक राष्ट्रीय निर्माता व भारत रत्न वोधिसत्व डॉ बाबासाहब अंबेडकर की 134 वीं जयंती अम्बेडकर मार्ग कैलारस में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जयंती चल समारोह शुगर फै क्ट्री से प्रारभ किया गया, जिसमे हजारों समाज सेवी उपस्थित होकर शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए, पुरानी सब्जी मंडी चौराहा, चौड़ा खरंजा, गाँधी मार्ग से गुजरते हुए अम्बेडकर मार्ग तक पहुँची एवं अनाज मंडी प्रांगण में रैली का समापन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समाज सेवी माखन लाल अर्गल द्वारा बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके चरणों में पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने अनाज मंडी प्रांगण में मंच पर उपस्थित होकर बाबा साहब के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला और उनके मार्ग चिह्न पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

## सबलगढ़ कांग्रेस ने हर्षोल्लास से मनाई डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती



**सबलगढ़।** कांग्रेस पार्टी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती बेनीपुरा में बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क पर बड़ी धूम धाम से मनाई गई। जिसमें राजेन्द्र सिंह जादौन (ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी सबलगढ़) एवं कमल सिंह रावत (पूर्व जिला पंचायत सदस्य) के द्वारा बाबासाहेब की प्रतिमा पर पुष्पहार पहनाकर कार्यक्रम को संचालित किया गया। इस मौके पर राजेन्द्र सिंह जादौन के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते बाबासाहेब के जीवन के बारे में बताया कि किन कठिन परिस्थितियों में भी बाबासाहेब ने योग्यता के आधार पर द्रण इच्छाशक्ति से हिन्दुस्तान में ही नहीं अपितु विश्व में भी बिशिष्ट पहचान बनाई तथा कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बाबासाहब के सम्मान में कोई कमी नहीं छोडी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से त्रिलोक चौधरी वरिष्ठ कांग्रेस नेता, जगदीश बंसल (जिला कार्यकारी अध्यक्ष), अजयप्रताप सिंह एवं सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### जल गंगा अभियान के तहत साफ सफाई का कार्य किया

**मुरैना।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत अम्बाह शाखा नहर की आर.डी. 4470 मी. पर जंगल सफाई का कार्य किया गया। जल संसाधन संभाग मुरैना के अधीन जल संसाधन ए.बी.सी. उपसंभाग क्र. 1 सबलगढ़ के कर्मचारियों के द्वारा 13 अप्रैल 2025 को जल गंगा संवर्धन अभियान-2025 के अंतर्गत अम्बाह शाखा नहर की आर.डी. 4470 मी. पर से जंगल सफाई का कार्य जन भागीदारीध्जन सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में उनके साथ विभागीय श्रमिक एवं गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया, सभी ने एक जुट होकर श्रमदान किया।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की लू से बचने की एडवाइजरी


**मुरैना।** वर्तमान में बढ़ते तापमान को देखते स्वास्थ्य विभाग ने लू (तापघात) से बचने की एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पद्मेश उपाध्याय ने जानकारी देते हुये बताया है कि लू (तापघात) से गंभीर स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिसमें वृद्धजन, बच्चे, महिलायें, धूप में काम करने वाले मजदूर ज्यादा प्रभावित होते है। लू एवं तापपात से बचाव के लिये गर्मी के दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफे द या हल्के रंग के ढीले सूती वस्त्रों का प्रयोग करें, भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकले, गर्मी के मौसम में गर्दन के पिछले भाग कान व सिर को गमछे या तौलिये से ढककर ही धूप में निकलें, रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें।सीएमएचओ डॉ. उपाध्याय ने बताया कि गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पिये एवं पेय पदार्थों का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन करें। बाहर जाते समय अपने साथ पानी अवश्य रखें। गर्मी के दिनों में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। बच्चों को सिखायें कि जब भी उन्हें अधिक गर्मी महसूस हो तो वे तुरंत घर के अंदर आयें। गर्मी के दिनों में बुजुर्गों का भी विशेष ध्यान रखें। उन्हें धूप में घर से बाहर न निकलने दें, उन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें। गर्मी के दिनों में ठण्डे मौसमी फलों का सेवन करें, गर्मी के दिनों में तीव्र धूप को अंदर आने से रोकें।

# पुलिस की हैवानियत: अवैध वसूली के लिए नाबालिक एवं उसके भाई को पीटकर किया अधमरा

### चक्का जाम के मामले में लोगों को चिन्हित कर उठा रही पुलिस, कर रही अवैध वसूली, थाना दिमनी का मामला

सत्ता सुधार ■ मुरैना





भाजपा शासन में पुलिस किस तरह बे-लगाम होकर अवैध वसूली कर रही है। इसका जीता जागता उदाहरण रविवार की देर शाम देखने को मिला। जिले के दिमनी थाना की पुलिस चक्का जाम करने वालों में शामिल लोगों को अब वसूली का टारगेट बना रही है। पुलिस कर्मचारियों द्वारा एक नाबालिक को जूते की दुकान से उठाया और उसके भाई को हलवाई की दुकान से उठाकर थाने ले आई और फिर लाठी एवं पट्टे के द्वारा बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे दोनों के शरीर पर नील पड़ गए हैं और नाबालिक की हालत काफी गंभीर बनी हुई है। दोनों भाइयों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि पुलिस कर्मचारियों द्वारा घायल दोनों भाइयों के परिवार वालों से रूपयों की डिमांड की गई है और चक्का जाम में शामिल प्रत्येक व्यक्ति से डरा धमका कर अवैध वसूली की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि 8 अप्रैल की देर शाम को जिले के दिमनी थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना के दौरान महिला की मौत हो गई थी, जिस पर आक्रोशित भीड़ ने वहां पर चक्का जाम कर दिया था। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया तो वहीं चक्का जाम करने वालों के विरुद्ध भी मामला दर्ज कर लिया गया, जिसमें अनगिनत लोग शामिल हैं। अब पुलिस द्वारा चक्का जाम में शामिल लोगों को चिन्हित कर उठाया जा रहा है और उनसे 5 से 10,000 तक की अवैध वसूली की जा रही है। उक्त आरोप घायल अजय केवट ने लगाया है। बताया जाता है कि रविवार की शाम 6:30 बजे के आसपास अजय पुत्र सुंदर सिंह केवट 19 निवासी चांदपुर डाव का पुरा हलवाई की दुकान पर काम कर रहा था, तभी थाने की पुलिस वहां पहुंची और उसे उठाकर ले आई और फिर उसके बाद अजय के छोटे भाई आशीष पुत्र सुंदर सिंह केवट 14 निवासी डाव का पुरा जो जूता की दुकान पर बैठा था, उसे भी उठा लिया और थाने लाकर दोनों की डंडों एवं पट्टों से बेरहमी से मारपीट कर दी। पुलिस कर्मचारियों ने इतनी मारपीट की कि उनके शरीर पर नील पड़ गए हैं। इस मारपीट में नाबालिक की हालत काफी गंभीर बताई गई है। जब लोग एकत्रित होकर वहां पहुंचे और दबाव बनाया, तब उन्हें अस्पताल ले जाया गया। अजय ने बताया कि पुलिस कर्मचारियों द्वारा उनके परिवार वालों से रूपयों की डिमांड की गई, यही नहीं अब पुलिसकर्मी चक्का जाम में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को चिन्हित कर उठा रही है और अवैध वसूली कर रही है।

भाजपा शासन में निष्क्रिय पुलिस अधिकारियों के कारण जिले के अधिकांश थानों की पुलिस पूरी तरह बेलगाम हो चुकी है और लगातार उल्टे सीधे कारनामों को अंजाम दे रही है। पूर्व में भी पुलिस के कई अमानवीय चेहरे सामने आ चुके हैं, लेकिन जिले के पुलिस कप्तान खाकी वर्दी को दागदार करने वाले पुलिस कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, जिससे जनता में आक्रोश बढ़ रहा है और पुलिस पर से विश्वास उठता जा रहा है।

## हैंडपंप पर पानी भरने के विवाद पर महिलाओं सहित पूरे परिवार पर लाठियां बरसाई, वीडियो हुआ वायरल



**मुरैना।** जिले के अंबाह थाना क्षेत्र के द्वारकापुरी इलाके में शनिवार को हैंड पंप से पानी भरने के विवाद पर सजातीय लोगों ने एक प्रजापति परिवार की महिलाओं सहित पूरे परिवार पर लाठियां से हमला बोल दिया, जिसमें आधा दर्शन लोग घायल हुए हैं। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, वहीं घायल जिला अस्पताल में उपचार करवा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वारकापुरी इलाके में ऊषा बाई प्रजापति 26 वर्ष, संध्या प्रजापति 22 वर्ष घर के पास लगे सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने गई तो वाचाराम प्रजापति के परिवार की महिलाओं ने विवाद कर दिया और बोली कि इस हैंड पंप पर पानी नहीं भरोगे, जिस पर विवाद हुआ और फिर वाचाराम, उसके लड़कों एवं महिलाओं ने लाठी डंडे आदि से ऊषा, संध्या सहित उसके पूरे परिवार पर हमला बोल दिया, जिसका वीडियो वहां खड़े किसी व्यक्ति ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हमले के दौरान महिलाएं सहायता के लिए पुकारती रही, लेकिन ग्रामीणों ने कोई मदद नहीं की। पीड़ित परिवार ने बताया कि उनका वहां एक घर है, जबकि आरोपी पक्ष के 6 घर हैं और सभी लोग एकत्रित रहते हैं। फिलहाल सभी घायल जिला अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनका उपचार चल रहा है।

# 20 दिन से पहले फोन कम्पनी ने लाइन विछाने कि लिए खुदवाये गड्डे, हादसे की आशंका

युवराज सिंह जादौन ■ सबलगढ़



इन दिनों सुन्हेरा मेन रोड पर करीब 10 फुट गहरा गड्ढ़ा खोद रखा है जिससे कभी भी कोई गंभीर हादसा हो सकता है। पैदल चलता कोई भी राहगीर इस गड्डे में गिर सकता है। संकरे खुदे गड्डे में नीचे पानी भी भरा हुआ है। खासतौर से अंधेरे में गिरने की अधिक आशंका है क्योंकि यहां न तो कोई चेतावनी का बोर्ड लगवाया गया है और न ही रोशनी का कोई प्रबंध है। अगर नगर पालिका की ओर से परमिशन देकर किसी फोन कंपनी द्वारा खुदवाए गये इस गडढ़े में कोई गिरा तो इसमें उसकी जान को खतरा हो सकता है। जानकारी के भाजपा मण्डल अध्यक्ष अवदेश गोयल के घर से थोड़ा आगे फोन कंपनी को गड्डा खोदने की इजाजत नगर पालिका ने नहीं दी है। करीब 20 दिन से इस खुदे हुए गड्डे में न तो कोई तारें इत्यादि डाली जा रही हैं और न ही इसे बंद किया जा रहा है। कंपनी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है। विदित हो कि नगर पालिका से फोन कंपनियों द्वारा कोई परमिशन नही ली गई है लेकिन इसका संबंधित विभाग मौके का जाकर कभी जायजा भी नहीं लेता, जिसके चलते कंपनियां अपनी मनमानी करती हैं। बीते दिनों कई ऐसे हादसे पेश आए, जिसमें कंपनियों ने गड्डे खोद दिये और जहां हादसे भी हुए। 10 फुट गहरे गड्डे में अच्छा खासा पानी भी भरा हुआ है क्योंकि देखने पर ऐसा लग रहा है कि पानी इत्यादि की पाइप लाइन नीचे से गुजर रही है। खुदाई के दौरान कई जगह तो कंपनियों द्वारा पानी की पाइप लाइन तोड़ दी गई है, गनीमत यह रही कि अब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है। सुन्हेरा में सौरभ किराना स्टोर के पास भी खुदा गड्डा किसी हादसे का इंतजार कर रहा है। यहां बता दें कि इस गड्ड़े के ठीक सामने जहां से प्रतिदिन हजारों गाड़ी निकलती हैं और पैदल भी रोजाना घूमने व मंदिर जाने वाले लोग बड़ी तादाद में आते-जाते रहते हैं। यह गड्डा खोदने वाली कंपनी और नगर पालिका के अधिकारियों की लापरवाही को उजागर करता है।

### इनका कहना है..

■ मुझे इस बारे में कोई जानकारी नही है, आपने बताया है तो गड्ढों को दिखवा लेता हूं और कंपनी ने नगर पालिका से कोई परमिशन नहीं ली है। इसलिये मंगलवार को नोटिस निकालता हूँ।

–प्रीतम मांझी सीएमओ, नगर पालिका सबलगढ़

■ नगरपालिका को कई बार बताने के बाद भी इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कोई बड़ा हादसा होने का इंतजार कर रहे हैं। सुन्हेरा रोड पर टम–टम ओर पैदल सहित मोटरसाइकिल व अन्य वाहन निकलते है। इन गड्ढों में गिरने से बड़ी घटना हो सकती है।

–राकेश सिंह जादौन, पूर्व पार्षद

### टीएल बैठक आज

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में टीएल बैठक 15 अप्रैल, 2025 को दोपहर बाद 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित की गई है। बैठक में समस्त अधिकारी समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### जिला चिकित्सालय मुरैना में पित्त की थैली का दूरबीन से हुआ सफल आपरेशन

**मुरैना।** जिला चिकित्सालय मुरैना में अम्बाह निवासी 28 वर्षीय सपना पत्नी मनोज का सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप मिश्रा एवं टीम द्वारा दूरबीन से पहला पित्त की थैली का ऑपरेशन किया गया। जिसमें डॉ. बृजमोहन शर्मा एवं नर्सिंग ऑफिसर आरती, संगीता, मनोज कुमारी दोहरे आदि उपस्थित थे। जिला चिकित्सालय में आयोजित वृहद स्वास्थ्य शिविर में दूरबीन द्वारा पहली बार दूरबीन पद्वति द्वारा ऑपरेशन किये। अगर यह ऑपरेशन प्राइवेट हॉस्पीटल में होता तो हजारों रुपए तक का खर्चा होता। यह ऑपरेशन जिला चिकित्सालय मुरैना में निःशुल्क किया गया।

# बानमौर नगरीय निकाय ने शासन-प्रशासन को दिखाया ठेंगा

### 5 वर्ष में 600 मीटर सड़क नहीं, हुआ भुगतान

सत्ता सुधार ■ मुरैना



जिले की बानमौर नगरीय निकाय के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी की लापरवाही एवं मनमानी के कारण 600 मीटर की सड़क 5 वर्ष में भी निर्मित नहीं हो पाई है, जिससे मुक्तिधाम का रास्ता आम जनता के लिए परेशानी का शबब बना हुआ है। तमाम शिकायत एवं कलेक्टर के पत्र के बाद कई बैठके आयोजित होने के पश्चात भी मुख्य कार्यपालिका अधिकारी द्वारा ना तो टेंडर निरस्त किया गया है और ना ही नए टेंडर जारी किए गए हैं, उल्टा ठेकेदार को भुगतान भी कर दिया गया है। इस पूरे मामले की शिकायत रामऔतार द्वारा की गई थी तथा पार्षद द्वारा भी मामले को जनता के साथ कई बार उठाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार नगर परिषद बानमोर जिला मुरैना की पीआईसी के संकल्प क्र. 54, 28 सितंबर 2020 के क्रम में देव कांट्रेक्शन ग्वालियर को कार्यादेश श्रीराम स्टोन इन्टरप्राइजेज के पीछे से मुक्तिधाम तक 600 मीटर डब्ल्यूबीएम रोड का दिया गया, जिसके क्रम में मात्र गिट्टी विछाकर मोटा भुगतान प्राप्त कर ठेकेदार अधूरा कार्य छोड़कर भाग निकला है। ठेकेदार द्वारा सड़क का 150 मीटर लगभग भाग दूसरे की निजी भूमि में निर्माण किया था, जो एक सहभूमि स्वामी द्वारा तोड दिया गया। सीएमओ द्वारा दो बार राजस्व विभाग से शासकीय रास्ता सर्वे क्र. 329 का सीमांकन कराया गया, जिसके अनुसार दिये ले-आउट पर कार्य नहीं किया गया है।

क्षेत्र के जागरूक लोगों द्वारा कलेक्टर मुरैना को जनसुवाई में 5 सितंबर 2023, 13 फरवरी 2024 एवं अन्य आवेदन प्रधान मंत्री, मुख्यमंत्री तक भेजे, जिसके क्रम में सीएमओ द्वारा अपने पत्र क्र.1147, 09 अगस्त 2024 को सीएम हैल्पलाइन के क्रम में कलेक्टर को भेजे उक्त पत्र में आश्वत किया कि परिषद की बैठक में ठेका निरस्त कर नये टेण्डर द्वारा कार्य करा दिया जायेगा। स्थानीय निवासी शिकायतकर्ता रामऔतार ने सीएम हेल्पलाइन पर बताया कि पार्षद बीरेन्द्र सिंह यादव उर्फ भोलू द्वारा भी जनता के साथ कई बार माँग करने पर सीएमओ ने अपने पत्र के क्रम में परिषद की कई बैठकें होने के बाद भी ठेका निरस्त न कर नये टेण्डर न निकालकर सीएम, कलेक्टर के आदेश को भी ठेंगा दिखाया है। आगामी समय में मानसून आरंभ हो जाएगा, तब नगर की जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## नवनीत धार्मिक संस्कार शिविर के प्रभारी नियुक्त, मई जून में लगेंगे शिविर



**मुरैना।** ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिवरों के लिए जैन विद्वत नवनीत शास्त्री को प्रभारी नियुक्त किया गया है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर द्वारा देश पूरे भारत में ग्रीष्मकालीन धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर लगाए जाएंगे। जिसमें शिविर की रूपरेखा को लेकर जगतपूज्य मुनि सुधासागर महाराज के पास जबलपुर बहोरीबंद में सम्पूर्ण भारत के शिविर प्रभारियों को नियुक्त किया गया। गुरुदेव के मार्गदर्शन और आशीर्वाद लेने हेतु भारतवर्षीय शिविर प्रभारी उत्तम चंद पाटनी में अपने सम्पूर्ण टीम और शिविर प्रभारियों के साथ पहुंचे। पूज्य मुनि सुधासागर महाराज ने बताया कि बच्चों के अंदर संस्कारों का बीजारोपण करने के लिए अनिवार्य रूप से सभी जैन मंदिरों में अनिवार्य रूप से शिविर लगना चाहिए, मां जिनवाणी का प्रचार प्रसार होना चाहिए। यह शिविर जीवन के चहुंमुखी विकास के लिए धार्मिक संस्कारों पर आधारित होते हैं। सांगानेर संस्थान द्वारा संपूर्ण चम्बल संभाग का प्रभारी विद्वत नवनीत जैन शास्त्री को बनाया गया। शास्त्री नवनीत जैन चम्बल संभाग में अनेक वर्षों से वृहद स्तर पर शिविरों को लगाकर धर्म प्रभावना करते आ रहे हैं।

# आकाशवाणी के गुना केंद्र में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

सत्ता सुधार ■ गुना

भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के प्रबल पक्षधर और महान विचारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आज आकाशवाणी गुना केंद्र में अधिकारियों एवं उपस्थितजनों द्वारा डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर के विचारों पर आधारित वक्तव्य से हुई। वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और सामाजिक समरसता के लिए किए गए अभूतपूर्व कार्यों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर सहायक निदेशक सुनील जैन ने कहा, डॉ. अंबेडकर ने समानता, शिक्षा और अधिकारों की जो मशाल जलाई थी, वह आज भी हमारे मार्गदर्शन का स्रोत है। हमें उनके विचारों को अपने कार्य और व्यवहार में उतारने की जरूरत है। प्रसारण निष्पादक श्री राघवेन्द्र सिंह नेगी ने अपने वक्तव्य में डॉ. अंबेडकर के द्वारा भारत के संविधान में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला तथा उनके विचारों से भी उपस्थितजनों को अवगत कराया। इस अवसर पर अभियांत्रिकी सहायक के. पी.मीना, अर्चना रघुवंशी, राजकुमार प्रजापति, रोहित गोस्वामी, हरिशंकर शिवहरे, रामगोपाल चिढ़ार, अनिल कुशवाह उपस्थित रहे।



## ब्रीफ न्यूज

### नये कलेक्टर होंगे सिद्धार्थ जैन



**हरदा ।** नये कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि कार्यभार ग्रहण कर किसानों की समस्याओं का समाधान नहर से पानी और ब्लास्ट प्रभावितों को मदद देने के मुद्दों को प्राथमिकता देगें।

### जिला कलेक्टर श्री सिंह का कार्यकाल अविस्मरणी रहा



**हरदा ।** जिला कलेक्टर आदित्य सिंह का कार्यकाल अविस्मरणीय रहा 14 माह 4 दिन के कार्यकाल में नर्मदा के नाभिकुण्ह को तीर्थ स्थल के रूप में शामिल करने की पहल करने के साथ-साथ कुपोषण कम करने, ब्लास्ट प्रभावितों को मुआवजा देने, सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में जिले को नंबर वन लाने, रेवा शक्ति अभियान चलाकर लिंगानुपात को बराबर करने, कुपोषण कम करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास करके उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई है जो अनुकरणीय और उल्लेखनीय है।

### मोरगढी में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई



**हरदा/मोरगढ़ी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती भारत के लिए गौरव का दिन है। हर साल 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाती है। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के कारण 14 अप्रैल का दिन हर भारतीय के लिए गौरव का दिन बन गया है। 14 अप्रैल को पूरा भारत डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मना रहा है। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य हजारीलाल धुर्वे ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर को ठीक-ठीक जानना भी जरूरी है। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पूरे गर्व के साथ कहा जा सकता है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर एक महानतम नेता तथा सच्चे राष्ट्रभक्त थे।

**डॉ. अंबेडकर से जुड़े हुए हैं तीन बड़े प्रेरक प्रसंग :** भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पूरा विश्व उन्हें नमन कर रहा है। डा. अंबेडकर ने अपने जीवनकाल में न केवल दलित, बल्कि समाज के अन्य शोषित वर्गों के उत्थान के लिए भी कार्य किया है। यह है ही उन्हें महान बनाते हैं। यह आजादी के पहले की घटना है। वर्ष-1943 में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को वाइसराय काउंसिल में शामिल किया गया और उन्हें श्रम मंत्री बना दिया गया। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग भी उन्हीं के पास था। इस विभाग का बजट उस समय भी करोड़ों में था और ठेकेदारों में इसका ठेका लेने की होड़ लगी रहती थीं। इसी लालच में दिल्ली के एक बड़े ठेकेदार ने अपने पुत्र को बाबासाहेब के पुत्र यशवंत राव के पास भेजा और बाबासाहेब के माध्यम से ठेका दिलवाने पर अपना पार्टनर बनाने और 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक का कमीशन देने का प्रस्ताव दिया। यशवंत राव उसके झांसे में आ गए और अपने पिता को यह सन्देश देने पहुँच गए। जैसे ही बाबासाहेब ने ये बात सुनी वे आग-बबूला हो गए।

## बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में मनाई जयंती

# भीमराव आंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत

सत्ता सुधार ■ शहडोल

बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में अधिष्ठाता डॉ. जीबी रामटेके के मार्गदर्शन और अस्पताल अधीक्षक डॉ. नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। शहडोल जिले के बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में अधिष्ठाता डॉ. जीबी रामटेके के मार्गदर्शन और अस्पताल अधीक्षक डॉ. नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और स्टॉफ ने शामिल होकर बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई।

अतिथियों के स्वागत के बाद अधिष्ठाता डॉ. रामटेके ने उपस्थित छात्रों से अपील की कि वे बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलें। उन्होंने कहा, डॉ. आंबेडकर ने समाज में शिक्षा के महत्व को बहुत अच्छे से समझाया है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर एक ऐसा भारत बनाना है, जो रूढ़ीवादी परंपराओं से मुक्त हो। इस अवसर पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. नागेंद्र सिंह ने अपने व्याख्यान में डॉ. आंबेडकर के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा, बाबा साहब का योगदान केवल एक विशेष जाति या धर्म के लिए नहीं है। उनके द्वारा बनाए गए संविधान ने सभी धर्मों, जातियों और समाजों के लोगों को समानता, स्वतंत्रता और समरसता का अधिकार दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अस्पताल प्रबंधक डॉ. साबिर खान ने भी महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उन्होंने कहा, बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि तभी मिलेगी, जब हम अपने समाज से छुआछूत और आर्थिक असमानता को समाप्त करेंगे।



डॉ. राजेश टेंभुनिकर ने इस कार्यक्रम में डॉ. आंबेडकर की व्यक्तित्व और उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा, आज के समाज में बाबा साहब का दृष्टिकोण और मूल्य अधिक प्रासंगिक हैं। हमें उनकी शिक्षाओं को अपनाने की आवश्यकता है, ताकि हम एक समान और समृद्ध समाज का निर्माण कर सकें। छात्रों ने भी इस अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कई छात्रों ने कविता और भाषण के माध्यम से बाबा साहब की शिक्षाओं का उल्लेख किया और समाज में उनके सिद्धांतों को लागू करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर, मरीजों और उनके परिजनों को फल वितरण किया गया, जो ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस कार्यक्रम में डॉ. राजेश खरात, अस्पताल उप अधीक्षक डॉ. विक्रांत कबीरपंथी, डॉ. मनोज, डॉ. गजेंद्र, डॉ. ब्रजेश, डॉ. अखिलेश प्रताप सिंह, एमबीबीएस छात्र, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ और तकनीशियन आदि ने भाग लिया। इस प्रकार, बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम ने डॉ. अंबेडकर के विचारों को पुनर्जीवित करने और समाज में उनके योगदान को व्यापक जनसमुदाय के सामने लाने के लिए एक प्रेरणा का कार्य किया। यह स्पष्ट है कि बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात करना आज की आवश्यकता है, ताकि हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें।

# वेयरहाउस स्टाक में मिट्टी वाली नकली मूंग का भंडाफोड़







### स्टाक की जांच से खुलेगी नकली मूंग की पोल

सत्ता सुधार ■ हरदा

हरदा और नर्मदापुरम जिले में लाखों टन नकली मिट्टी वाली मूंग वेयरहाउस में होने का मामला प्रकाश में आया है। इसका भंडाफोड़ करते हुए डी.एस. चौहान ने कमिश्नर से उच्च स्तरीय जांच पड़ताल की कार्यवाही करने की मांग की है।



वेयरहाउस में रखी मूंग की बोरियों के सेंपल की जांच पड़ताल की जाये तो दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा। गुपचुप तरीके से उच्चाधिकारियों की आंख धूल झोंककर ऐसा गोलमाल किया गया है। जिससे शासन को करोड़ों की क्षति हुई है।

### स्टाक के सेम्पल से खुलेगी पोल

स्टॉक में रखे मूंग की बोरियों के सेंपल लिया जाये तो सब कुछ आईने की तरह स्पष्ट हो जायेगा। तहसीलदार ने एक बगैर दस्तावेज के मूंग का ट्रक पकड़ा तो वेयरहाउस की जांच शुरू कर दी। स्टॉक की जांच करवाई जाये तो खरीदी में जो नौटंकी हुई है। इसका भंडाफोड़ हो जायेगा और इसमें जो-जो शामिल है उनका नाम भी जग जाहिर हो जायेगा बहुत बड़े स्तर का भ्रष्टाचार सामने आयेगा जो सबको चौंका देगा।

### मिट्टी वाली नकली मूंग चर्चा में

पूर्व में सिवनी मालवा में मिट्टी वाली नकली मूंग चर्चा में थी। जिसको गंभीरता से लेकर जांच पड़ताल में कहीं ना कहीं कोताही बरती गई जिसके कारण वेयरहाउस में बड़े पैमाने पर मिट्टी वाली मूंग का स्टॉक है। जिसके खुलासे के बाद जांच पड़ताल में उदासीनता बरती जा रही है।

### राजनीतिक दलालों का हाथ

वेयरहाउस संचालकों ने राजनीतिक दलालों के साथ एम.पी.एग्रो कॉरपोरेशन की मिली भगत से लाखों क्विंटल मूंग की खरीदी हरदा और नर्मदापुरम जिले में की गई है। इसका खुलासा होने पर हरदा जिले की मूंग की बोरी को भी बदला जा रहा है ताकि सच्चाई सामने न आ सके।

### 2024 की मूंग का स्टाक

जिले के वेयरहाउस में 2024 की मूंग का स्टॉक वेयरहाउस में है। जो संबंधित अधिकारियों की देन है। समर्थन मूल्य पर खरीदी में घोर अनियमितता जग जाहिर है। तौल में गड़बड़ी के साथ-साथ खरीदी में तमाम अनियमितताएं की गई है। किसानों के साथ धोखाधड़ी की गई है। व्यापारियों को लाभ पहुंचाया गया है। व्यापारी किसान बनकर खरीदी में भाग लेकर समर्थन मूल्य का फायदा लेते हैं। इधर-उधर से खराब मूंग को अच्छे रेट पर बेचकर व्यापारी दिन दूना रात चौगुना प्रगति कर रहे हैं और किसान आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या करने को मजबूर है और समूचा प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। जानकारी के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

### राजस्व या फिर दूसरे विभाग से करवाई जाय जांच - खोरे



राष्ट्रीय किसान-मजदूर महासंघ के पूर्व जिलाध्यक्ष रामनिवास खोरे ने मांग की है कि वेयरहाउस स्टॉक में मिट्टी युक्त मूंग की जांच सहकारिता, एम.पी. एग्रो कॉरपोरेशन और कृषि विभाग के अधिकारियों से जांच न करवा कर दूसरे विभाग या फिर राजस्व विभाग के अधिकारियों से स्टॉक की जांच वीडियोग्राफी के माध्यम से करवाई जाय ताकि सब कुछ सामने आ सके।

## दोपहर में जिले की सड़कें हुई वीरान, शाम को बढ़ी चहल-पहल

### गर्मी से बचने हेतु गमछे और शीतलपेय की बढ़ी मांग



सत्ता सुधार ■ हरदा

शहर में इन दिनों मौसम में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। सुबह सामान्य मौसम रहने के बाद दोपहर को तेज धूप से चुभन महसूस होने लगी है। वहीं गर्मी बढ़ने की वजह से कूलर की मांग बढ़ गई है। लोग धूप से बचने हेतु स्कार्फ का सहारा लेकर चल रहे हैं। मार्च महीना बीत चुका है और अप्रैल माह की शुरूआत हो गई है। वहीं इस वर्ष फरवरी माह से ही जल स्तर गिरने के चलते गर्मी बढ़ती जा रही थी। जिसकी वजह से मार्च में ही धूप चुभने लगी है। तेज धूप की वजह से दोपहर के वक्त हरदा, टिमरनी, खिडकिया, सिराली सहीत जिले की सड़कें भी वीरान होनी शुरू हो गई है। लोग धूप से बचने देर शाम के बाद खरीददारी के लिए निकल रहे हैं।

**शीतल पेय का सहारा :** शहर में बढ़ती गर्मी के बीच जगह-जगह गन्ना रस, नींबू पानी और लस्सी की दुकानें भी लगना शुरू हो गई है। वहीं नागरिक धूप से बचने के लिए ठंडे पेय पदार्थों का सेवन भी कर रहे है। खासकर नीबू पानी और गन्ने रस की दुकानों पर भीड नजर आ रही है, जो इस गर्मी में लोगों को राहत दे रही है।

**खस की मांग बढ़ी :** जिले में बढ़ती गर्मी के बीच घरों में कूलर चलना शुरू हो गये है। वहीं जगह-जगह चौक-चौराहों पर कुलर के खस बदलाने भी लोग पहुंच रहे हैं। कूलर की ठंडकता बनाए रखने के लिए बाजार में भी अलग-अलग खस की डिमांड बढ़ती जा रही है। जिसमें प्राकृतिक घास का वूडूल, खस और हलिकॉम्बल कूलिंग पैड बाजार में उपलब्ध है।

**बाजार में स्कार्फ की मांग:** इन दिनों दोपहर की तेज धूप से बचने के लिए महिलाएं चेहरे को स्कार्फ से ढंककर निकल रहे हैं। वहीं बाजार में धूप से बचने के लिए गमछे और स्कार्फ की मांग भी बढ़ने लगी है। शहर के कई जगहों पर स्कार्फ, गमछे और धूप के चश्मों की दुकानें सजी हुई है।

**तरल पदार्थ के सेवन की सलाह :** गर्मी और लू से बचने के लिए विभिन्न चिकित्सकों द्वारा भी लोगों को अधिक से अधिक अपने शरीर को कपड़ों से ढंककर चलने, तरल पदार्थ का सेवन करने के साथ ही अधिक पानी पीने की सलाह दे रहे हैं।

## क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कांग्रेसजन आज कलेक्टर से मिलकर देंगे ज्ञापन

### नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य नेताओं पर हुई एफआईआर निरस्त करने की मांग रखेंगे

सत्ता सुधार ■ खंडवा

खण्डवा शहर की पेयजल की गंभीर समस्या हैं जिसमें बार बार नर्मदा की पाईप लाईन फुट जाती है या फोड दी जाती हैं जिसके कारण जनता परेशान हैं इसका स्थायी समाधान किया जावें। दिनाँक 13 अप्रैल को पीने के पानी की मांग कर रही महिलाओं, क्षेत्रवासियों से उचित व्यवहार नही किया गया एवं कांग्रेस नेता व निगम नेता प्रतिपक्ष दीपक उर्फ मुल्लु राठौर, अर्ष पाठक व अन्य पर दर्ज की गई एफआईआर को निरस्त किया जावे अन्यथा कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेंगा।

शहर में आवारा कुत्तो व पशुओं की समस्या है आये दिन कुत्तों के काटने की शिकायतें आती है एंव दुर्घटनाऐ भी होती रहती है। इसमें जिला प्रशासन एंव नगर निगम का समन्वय नही बन पा रहा हैं।खण्डवा शहर में फुटपाथ विक्रेता एंव ठेलो के अतिक्रमण की गंभीर समस्या हैं निवेदन हैं कि उन्हे उचित स्थान पर पुर्नवास उपलब्ध करवाया जावें जिससे की आमजन को को कोई समस्या नही हों।

प्रेमांशु जैन ने बताया कि उपरोक्त समस्त समस्याओं एवं अन्य कई समस्याओं के लिए आज दिनांक 15 अप्रैल मंगलवार को शाम 5.30 बजे गांधी भवन में सभी कांग्रेसजन एकत्रित होकर वहा से कलेक्ट्रेट पहुँचकर कलेक्टर को ज्ञापन देंगे।इस अवसर पर ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी सदस्य एवं पूर्व विधायक राजनारायण सिंह सहित अजय ओझा,डॉ मुनीश मिश्रा, अवधेश सिसोदिया,कुंदन मालवीय,श्याम यादव, ओंकार पटेल,कैलाश हरि पटेल, रामपाल सिंह केहलारी,नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लु राठौर,विकास व्यास, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रचना तिवारी,शहर अध्यक्ष हेमलता पालिवाल सहित समस्त कांग्रेस संगठन प्रकोष्ठों के सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल रहेंगे।

## थाना सोहागपुर पुलिस द्वारा किया गया 24 घण्टे के अंदर लूट का खुलासा, 1 लाख 50 हजार का मसरूका सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल ।** पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा जिले में लंबित चोरी के प्रकरणो के संबंध में लगातार समीक्षा कर चोरी लूट के बरामदगी के सार्थक प्रयास हेतु थाना प्रभारियो एवं राजपत्रित अधिकारियो को निर्देशित किया गया है। घटना के क्रम में फरियादी अभिषेक कुमार लखेरा निवासी पुरानी मार्केट मोरवा जिला सिंगरौली का दिनांक 10.04.2025 को रिपोर्ट लिखाई कि दिनांक 09.04.2025 के रात 09.30 बजे पाली रोड से रेल्वे स्टेशन जाने के लिए एक मौ.सा. वाले से लिफ्ट मांगी। जिस पर उन्होंने मौ.सा. में बैठाकर कच्ची सड़क से सूनसान रास्ते में ले गए और रात्रि करीबन 11.00 बजे मेरे 02 नग टच स्क्रीन मोबाइल व स्वाइप मशीन को लूट लिए और मुछे वही छोड़कर भाग गए जिसकी रिपोर्ट पर थाना सोहागपुर में तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध लूट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपियों की पता तलाश में संदेही गौरव केवट, रोहित ढीमर व सत्यम सिंह सेंगर तीनौ निवासी ब्यौहारी जिला शहडोल को दस्तयाब किया गया जो उक्त संदेहियों की पहचान फरियादी द्वारा आरोपियों के रूप में की गई आरोपियों से पूछताछ कर प्रकरण सदर में लूटा गया माल 02 नग टच स्क्रीन मोबाइल फोन व स्वाइप मशीन एवं घटना में प्रयुक्त मो.सा. कुल कीमती करीब 1,50,000 रूपये जप्त किया गया। आरोपियों को माननीय न्यायालय के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल शहडोल में निरुद्ध किया गया।



# शहडोल में पुलिस भी सुरक्षित नहीं, डीएसपी के घर हो गई चोरी

### साहब ने नौकर से दर्ज करवाई एफआईआर

सत्ता सुधार ■ शहडोल





शहडोल में डीएसपी योगेंद्र सिंह के सरकारी आवास में चोरी की वारदात हुई है। रीवा गए डीएसपी के घर से चोर लैपटॉप और घड़ी चुरा ले गए। लौटने पर टूटी खिड़की और सामान गायब मिला। नौकर की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शहडोल जिले में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। पुलिस अधिकारी के घर हुई चोरी ने कोतवाली पुलिस पर अब सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। उप पुलिस अधीक्षक योगेंद्र सिंह रीवा गए हुए थे, तभी उनके सरकारी आवास में चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया है। घटना की शिकायत उनके नौकर ने कोतवाली में दर्ज करवाई है। इसमें लैपटॉप और एक घड़ी अलमारी से चोरों ने पार कर दिया है। जब उप पुलिस अधीक्षक रीवा से अपने सरकारी आवास वापस लौटे तो देखा तो उनके घर चोरी की वारदात हो गई थी। कोतवाली पुलिस ने बताया कि योगेंद्र सिंह विशेष शाखा शहडोल में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ हैं। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार योगेंद्र सिंह रीवा गए हुए थे, जब वापस लौटे तो उनके घर में रखी अलमारी से लैपटॉप एवं एक घड़ी गायब थी। काफी तलाश करने के बाद भी लैपटॉप एवं घड़ी उन्हें नहीं मिली। सरकारी आवास की खिड़की टूटी हुई दिखाई दी, जिससे उन्हें इसका एहसास हो गया कि उनके घर में चोरी की वारदात को चोरों ने अंजाम दिया है। यह चोरी की घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के जेल बिल्डिंग के पीछे सरकारी आवास से हुई है। पुलिस अधिकारी के यहां काम करने वाले कन्हैया लाल सोंधिया ने कोतवाली थाने में चोरी की घटना पर शिकायत दर्ज करवाई है। जिस पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार खिड़की तोड़कर चोर अंदर घुसे होंगे और इस चोरी की वारदात को चोरों ने अंजाम दिया है, जब डीएसपी वापस लौटे और उन्हें लैपटॉप और घड़ी की आवश्यकता पड़ी तो वह गायब मिले, जिससे यह चोरी की बात सामने आई और इस मामले पर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।

**गरमाया मामला** महिलाओं और एसडीएम के बीच हुआ विवाद, 8 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज, नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता भी नामज़द

# महिलाएं मांग रही थीं जीवनदायिनी बूंदें, प्रशासन ने दर्ज कराई एफआईआर

सत्ता सुधार ■ खंडवा

भीषण गर्मी और जल संकट से जूझ रहे खंडवा शहर में पानी की मांग को लेकर उठी जनता की आवाज अब प्रशासनिक कार्रवाई की चपेट में आ गई है। रविवार को बाहेती कॉलोनी की महिलाओं और स्थानीय रहवासियों ने पीने के पानी की मांग करते हुए मुख्य सड़क पर चक्का जाम करने का प्रयास किया था। यह विरोध प्रदर्शन एक भावुक गुहार था - जीवनदायिनी पानी के लिए। लेकिन इस आंदोलन का जवाब एफआईआर के रूप में मिला।

प्रदर्शन की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे खंडवा एसडीएम बजरंग सिंह बहादुर ने पहले समझाइश देने की कोशिश की, लेकिन स्थिति तनावपूर्ण हो गई। स्थानीय महिलाओं के साथ एसडीएम की तीखी बहस हुई, जिसमें एफआईआर की धमकी दी गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसने लोगों में नाराज़गी और चिंता की लहर पैदा कर दी।





**नेता बोले - जनता की आवाज को दबाया जा रहा है :** नेता प्रतिपक्ष मल्लू राठौर ने प्रशासन की कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा, मैं और कांग्रेस कार्यकर्ता मौके पर सिर्फ इसलिए पहुंचे थे ताकि प्रशासन और जनता के बीच की दूरी मिटा सकें। अगर पानी मांगना अपराध है, तो फिर लोकतंत्र का क्या अर्थ रह गया?

**जल संकट की गंभीर स्थिति:** खंडवा शहर इन दिनों पानी के भीषण संकट से गुजर रहा है। विश्वा कंपनी द्वारा की जा रही पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। आए दिन पाइपलाइन फूटने की घटनाएं हो रही हैं, जिससे कई कॉलोनियों में कई दिनों तक पानी नहीं पहुंच पाता। बाहेती कॉलोनी समेत अन्य क्षेत्रों के लोग मजबूरन टैंकरों और हैंडपंपों पर निर्भर हैं, वह भी कई बार खाली हाथ लौटते हैं।

**जनता में आक्रोश और भय का माहौल:** FIR की खबर के बाद रहवासियों में आक्रोश और भय दोनों देखा गया। लोगों का कहना है कि जब सरकार बुनियादी सुविधाएं नहीं दे पा रही, तब जनता की आवाज को इस तरह दबाना लोकतंत्र के खिलाफ है।

**क्या पानी मांगना अपराध हैं? :** खंडवा की यह घटना केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि उस प्यासे शहर की गूंज है, जहाँ नागरिक पानी के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। अब सवाल यह है - क्या पीने के पानी की मांग करना लोकतंत्र में अपराध बन गया है?

### प्रशासन की सफाई और अगली सुबह की कार्रवाई

विवाद के बाद देर शाम एसडीएम ने सफाई देते हुए कहा कि उनका इरादा किसी पर मामला दर्ज करने का नहीं था, उन्होंने केवल स्थिति को नियंत्रित करने के लिए ऐसा कहा था। लेकिन सोमवार सुबह जो पुलिस रिपोर्ट सामने आई, उसने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया। सिविल लाइन निवासी निगम इंजीनियर की शिकायत पर दर्ज स्रद्धक्रमें बाहेती कॉलोनी की तीन महिलाओं समेत 8 नामजद लोगों और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 223 के तहत मामला दर्ज किया गया है। खास बात यह रही कि इस सूची में खंडवा नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष दीपक उर्फ मल्लू राठौर और कांग्रेस नेता अर्श पाठक का नाम भी शामिल है।

### बाबा साहेब के संविधान ने बढ़ाया भारत का मान

# भाजपा ने बूथ स्तर पर मनाई बाबा साहेब की जयंती

**खरगोन।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की महिमा निरंतर बढ़ती जा रही है। उनके बनाए संविधान पर आज देश सफलतापूर्वक चलकर विकास की ओर तेजी से अग्रसर है। यह बात कांग्रेस को हजम नहीं हो रही है। इसलिए वह भाजपा पर संविधान बदलने का मनगढ़ंत आरोप लगाती रहती है। हर बार कांग्रेस का दांव उल्टा पड़ जाता है क्योंकि संविधान की शपथ लेकर चलने वाले संविधान कैसे बदल सकते हैं। यह हमारे लिए रामायण, गीता से कम नहीं है। यह बात विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने संविधान निर्माता व भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में कही। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने बताया 14 अप्रैल को जिलेभर में बूथ स्तर पर बाबा साहेब की जयंती मनाई गई। प्रात~ नौ बजे खरगोन भाजपा पूर्वी व पश्चिम नगर मंडल के तत्वावधान में कार्यकर्ता व पदाधिकारियों द्वारा जिला कार्यालय से रहीमपुरा स्थित बाबा साहेब के प्रतिमा स्थल तक वाहन रैली निकालकर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात सब्जी मंडी पार्क पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा व चित्र पर माल्यार्पण किया गया। यहां हुए समारोह में जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे ने कहा बाबा साहेब ने शिक्षित बनने, संगठित रहने व मेहनत करने का संदेश दिया था। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज

### ड्राइविंग सीखने के दौरान प्रधान आरक्षक की कार गुमठी में घुसी

**बीना/सागर।** बीना में रविवार दोपहर एक प्रधान आरक्षक की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित चाय-पान की गुमठी में जा घुसी। घटना में गुमठी के अंदर बैठे पिता-पुत्र को गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया।वर्तमान में प्रधान आरक्षक खुरई थाने में पदस्थ है। वह कार चलाना सीख रहा था। घटना खिमलासा रोड पर अयोध्यापुरी कॉलोनी के सामने हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रधान आरक्षक अवनीश रविवार दोपहर को अपनी कार (यूपी 15 बीएफ 3366) चलाना सीख रहा था। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक गुमठी में जा घुसी। इस दौरान गुमठी के अंदर चार लोग बैठे थे। गुमठी मालिक गजराज (55) और उसके बेटे (30) को गंभीर चोट आई, जबकि दो अन्य लोगों बाल-बाल बच गए।घटना के वक्त प्रधान आरक्षक के साथ कार में राजेश तिवारी और एक अन्य व्यक्ति सवार थे। आरोप है कि कार सवार लोगों ने घायलों को धमकाना शुरू कर दिया। इससे आसपास के लोग नाराज होकर उन्हें पीटना शुरू कर दिए। घायलों को अस्पताल पहुंचाने से पहले ही कार सवार थाने पहुंच गए। उन्होंने घायलों पर ही मारपीट और छीना-छपटी का आरोप लगा दिया। जानकारी लगते ही अस्पताल से घायल भी कई लोगों के साथ थाने पहुंच गए। घायलों ने पुलिस पर भेदभाव करने और शिकायत न दर्ज करने का आरोप लगाया है।बीना थाना प्रभारी अनूप यादव ने घायलों को कार्रवाई का भरोसा दिया है। पुलिस अस्पताल में पहुंचकर घायलों से जानकारी ली है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।

### भाइयों पर हमला एक की मौत, दूसरे के पैर फ्रैक्चर

**बीना/सागर।** सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय के सामने जमकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों के खिलाफ शीघ्र कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने को लेकर जमकर हंगामा किया उनका कहना था कि दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई करें। उनका आरोप था यदि पुलिस समय पर पहुंच जाती तो हत्या जैसी वारदात नहीं होती यह बात पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर ने प्रदर्शन के दौरान कहीं। दरअसल उधारी के पैसे देने जा रहे दो भाइयों पर एक दर्जन लोगों ने हमला कर दिया। हमले में एक भाई की मौत हो गई। दूसरे के दोनों पैर तोड़ दिए गए। भानगढ़ थाना क्षेत्र के देवराजी निवासी ब्रजभान लोधी और उनके भाई रूपसिंह लोधी रविवार को लहरावदा गांव में 1.10 लाख रुपए देने जा रहे थे, रास्ते में चंद्रभान लोधी समेत 11 लोगों ने उन्हें रोका। आरोपियों ने पुराने मारपीट के विवाद में राजीनामा करने की बात कही। मना करने पर दोनों भाइयों पर हमला कर दिया।हरिसिंह के अनुसार आरोपियों ने रुपए भी छीन लिए। दोनों भाई जान बचाकर एक घर में छिप गए। आरोपियों ने उन्हें वहां से निकालकर बेरहमी से पीटा। ब्रजभान के दोनों पैरों में फ्रैक्चर हुआ।

---

संगठनात्मक जिले के सभी 1271 बूथों पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम, मिष्ठान वितरण

# संविधान चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं संविधान प्रस्तावना पाठ

सत्ता सुधार ■ सागर

भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जन्म जयंती भाजपा द्वारा सागर जिले में हर्षोल्लास के साथ जयंती मनाई गई कार्यक्रम की शुरुआत विधायक शैलेंद्र कुमार जैन,भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी,नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने सागर संविधान चौक पर साफ-सफाई, बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की कार्यक्रम में विधायक शैलेंद्र कुमार जैन,जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी के साथ उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने संविधान प्रस्तावना का पाठ कर बाबा साहेब के जयकारों का उद्घोष किया कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरित कर बाबा साहेब की जयंती की शुभकामनाएँ दी। 11 किलो की फूल माला से भगवानगंज स्थित बाबा साहेब



की प्रतिमा पर माल्यार्पण भगवानगंज चौराहा स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, प्रदेश मंत्री प्रभु दयाल पटेल,जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी,विधायक इंजी.प्रदीप लारिया,नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने 11 किलो की पुष्प माला से माल्यार्पण कर नमन किया एवं उपस्थित अनुयायियों को शुभकामनाएँ दी।

### सांसद डॉ लता वानखेड़े के साथ केक काटकर वरिष्ठों का सम्मान किया

आचार्य श्री विद्यासागर बस स्टैंड खुरई रोड स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर सांसद लता वानखेड़े,विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी,नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने पूर्व पार्षद चेतराम अहिरवार एवं वार्डवासियों के साथ मिलकर केक काटकर प्रतिमा पर माल्यार्पण माते-मुखिया,चौधरी एवं वरिष्ठ जनों का सम्मान किया।जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि संगठनात्मक सागर जिले में स्थापित लगभग 35 प्रतिमाओं पर भाजपा जनप्रतिनिधि,पदाधिकारी,कार्यकर्ताओं ने साफ सफाई कर माल्यार्पण एवं मिष्ठान वितरण किया साथ सभी संगठनात्मक 1271 बूथों पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए!

कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष निकेश गुप्ता जिला मंत्री देवेन्द्र फुसकेले, सुषमा यादव,जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन,आलोक केसरवानी,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष संध्या भार्गव पूर्व महापौर अनीता अहिरवार,पूर्व मण्डल अध्यक्ष मनीष चौबे मण्डल अंशुल परिहार,संजय चौबे, अध्यक्ष मेघा दुबे,नीलम अहिरवार,अमित बैसाखिया,नीरज यादव, सौरभ केशरवानी,पार्षद विशाल खटीक,धर्मेंद्र खटीक,रामू ठेकेदार,देवेन्द्र अहिरवार, रिंकू राज,पराग बजाज,सुमित यादव अभिमन्यु सोनी,नितिन सोनी,मीरा चौबे,निकिता केशरवानी,कन्हैया पटेल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

---

# गर्मी में पंक्षियों की फिक्रः मनवानी फिल्म्स पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए बांट रहे सकोरे

## इस अभियान में ग्रुप की सपना मनवानी, प्रियंका, बरखा मनवानी की अहम भूमिका रही

सत्ता सुधार ■ सागर

मनवानी फिल्म्स सिन्धु संस्कार समिति के पदाधिकारियों ने कहा की प्यासे पक्षियों के लिए सकोरे बांटने का मतलब है, पक्षियों को पीने के लिए पानी देने के लिए सकोरे रखना. गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी की कमी हो जाती है, इसलिए लोगों को अपने घरों के आस-पास सकोरे रखकर पक्षियों की मदद करनी चाहिए। मनवानी फिल्म्स के डायरेक्टर राजेश मनवानी ने कहा की हमारी समिति ने 2010 से इस अभियान की शुरुआत भगवान् झूलेलाल जयंती के मौके पर की थी यह 15 वां वर्ष है गर्मी में प्यासे कंठ को तर करने के लिए प्याऊ तो कई लोग लगाते हैं।लेकिन मूक पक्षियों की कोई सुध नहीं लेता।मनवानी फिल्म्स सिन्धु संस्कार समिति ने इस दिशा में पहल करते हुए घर-घर सकोरे बांटने का अभियान छेड़ा है। अब तक इस वर्ष झूलेलाल जयंती 30 मार्च से डेढ़ सौ सकोरे वितरित भी किए जा चुके हैं। फिलहाल 500 सकोरे बांटने का लक्ष्य है। जरूरत के अनुसार लक्ष्य को बढ़ाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष सुनील मनवानी, सचिव सुरेश मोहनानी ने कहा कि गर्मी के दौरान हर



साल हजारों पक्षी प्यास के कारण मर जाते हैं। इस स्थिति को देखते हुए सिन्धु संस्कार समिति के सदस्यों ने अपनी ओर से लोगों को सकोरे देने का निर्णय लिया। समिति के अनिल जसवानी, विशाल पंजवानी, अजय ने कहा की अभियान को मूर्त रूप देने के लिए खास तौर से सकोरे तैयार करवाए। प्रत्येक सकोरे में आधा लीटर पानी आ जाता है। समिति के अनिल गंगवानी, शंकर मोटवानी ने सभी सदस्यों के साथ ही अन्य लोगों को भी सकोरे वितरित किए गए। साथ ही लोगों से आह्वान किया कि वे अपने घर की छत या दीवार पर इन पात्रों में पानी भरकर जरूर रखें, ताकि गर्मी में पंछी अपनी प्यास बुझा सकें। इस अभियान में ग्रुप की सपना मनवानी, प्रियंका, बरखा मनवानी की अहम भूमिका रही है।

### छोटा सा प्रयास देगा सुकूनः पटेल

समिति के सहयोगी वीरेंद्र पटेल, डॉ.सुरेशचंद्र रावत, मनोज जैन, रिछारिया ग्रुप के गोलू रिछारिया कहते हैं कि पक्षी प्रकृति को जीवंतता देते हैं। ये चहचहाते हैं तो प्रकृति पेड़ पौधे खिलखिला उठती है। प्रकृति के हर बदलाव का ये जीव सही मायने में हमें जीवन को जीना सिखाते हैं। और इन पक्षियों की मधुर आवाज़ हमारे अंदर एक नयी ऊर्जा उत्पन्न करते है वर्तमान में प्रकृति के साथ ही हमारी ज्यादतियों की मार इन्हें झेलनी पड़ रही है। कई प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं और कई इसकी कगार पर हैं। समिति सहयोगी वीरेंद्र पटेल ने कहा की हमारा यह छोटा सा प्रयास हमीं लोगो को सकून देगा इन्हें बचाने के लिए कम से कम हम अपने घर में सकोरे तो लगा ही सकते हैं, ताकि भीषण गर्मी में प्यास से दम तोड़ते पक्षियों को बचाया जा सके।

---

# मप्र शिक्षक संघ जिला सागर कार्यकारणी एवं सदस्यों की बैठक सम्पन्न



सत्ता सुधार ■ सागर

नगर में पं मोतीलाल नेहरू (म्यूनिसिपल )हायर सेकेंडरी स्कूल में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला सागर की कार्यकारणी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें समस्त जिला स्तरीय कार्यकारणी सहित सम्पूर्ण जिले की,तहसील इकाई,विकासखंड इकाई एवं नगर इकाई के पदाधिकारी सहित सदस्य शामिल हुए।बैठक में प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता एवं संभागीय अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एवं बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह राजपूत ने की वहीं बैठक का संचालन सचिव मनोज कुमार जैन द्वारा किया गया एवं आभार संदीप नाहर कोषाध्यक्ष द्वारा व्यक्त किया गया।बैठक का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती जी का पूजन कर एवं सामूहिक सरस्वती वंदना के साथ हुआ।इसके बाद समस्त नवनिर्वाचित समस्त कार्यकारणी, पदाधिकारियों एवं सदस्यों का परिचय हुआ।मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की जबलपुर में सम्पन्न हुए प्रांतीय अधिवेशन का वृत्त सचिव मनोज कुमार जैन ने प्रस्तुत किया।।संभागीय अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राजपूत ने संघ की नीति व परम्परा से अवगत कराया एवं संघ के उद्देश्य में समाहित छात्र हित, राष्ट्र हित,शिक्षा हित एवं शिक्षक हित की विचारधारा से परिचित कराया।प्रांतीय महामंत्री राकेश कुमार गुप्ता द्वारा संघ के स्वरूप एवं विचारधारा ,विस्तार, दायित्वों एवं कर्तव्यों पर उद्बोधन दिया गया। प्रांतीय महामंत्री द्वारा प्रदेश स्तर पर किए जा संगठन के महत्पूर्ण कार्यो के बारे में जानकारी साझा की एवं संघ के महत्वों पर प्रकाश डाला।

---

# अंबेडकर जी आजीवन वंचितों के अधिकारों के लिए कटिबद्ध रहे :- निर्मला सप्रे

सत्ता सुधार ■ बीना/सागर

शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने वाले भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न, बाबासाहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर भाजपा सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित की अंबेडकर जी आजीवन वंचितों के अधिकारों के लिए कटिबद्ध रहे। करोड़ों देशवासियों के आत्म गौरव के प्रतीक बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर सदैव हमारे प्रेरणास्त्रोत रहेंगे यह बात विधायक निर्मला सप्रे ने कही।भारतीय संविधान के निर्माता %भारत रत्न% बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के सुअवसर पर नगर के आंबेडकर तिराहे पर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय , नपाअध्यक्ष लता सकवार , जनपद



अध्यक्ष ऊषा राय , शशि केथोरिया, जनभागीदारी अध्यक्ष सोनाली राय, पूर्व नपाध्यक्ष नीतू राय, नपा उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया,विजय लखेरा अरविंद बरया, मनोज शर्मा, सचिन समैया, राजेंद्र सिंह ठाकुर, अमर प्रताप सिंह जनपद उपाध्यक्ष, मंजू अहिरवार,नंदकिशोर चौधरी आलेख राय ,पार्षद भारती राय, सुनीता बलराम राय, योगेश दीक्षित, सुरेंद्र राय, रामराज ठाकुर, भूपेंद्र राय, प्रमोद सैनी, विनीत झां, आलेख राय, राजीव कटारिया,मंसाराम सुंदरानी, कमलेश अहिरवार,अशोक राय जी गोरी राय जी मुकेश जैन सैदपुर,संतोष कुशवाहा,पंचम विश्वकर्मा,नवीन सिंह चंदेल, आदित्य जैन,जितेंद्र राय, अजवीर ठाकुर,सहित भाजपा के समस्त वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# महान व्यक्तित्व डॉ.भीमराव अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि देना हम सब का कर्तव्यः लारिया

## सांसद डॉ.लता वानखे ड़े, भाजपा पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं नगरवासियों में किये श्रद्धा सुमन अर्पित

**सागर।** देशभर में आज डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस दिन देशभर के सरकारी दफ्तरों, स्कूलों से लेकर कॉलेजों तक बाबा साहब को श्रद्धांजलि देने और उनके द्वारा देश को दिए गए योगदान के लिए स्मरण किया जाता है।इसी अनुक्रम में नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने मकरोनिया स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर सागर सांसद डॉ.लता वानखेड़े एवं भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्यजनों के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुऐ विधायक लारिया ने कहा कि-जिसने हमें अधिकार दिए, सोचने की आजादी दी और समानता का रास्ता दिखाया-ऐसे महान व्यक्तित्व डॉ.भीमराव अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि देना हम सबका कर्तव्य है।। हर साल 14 अप्रैल को पूरा देश अंबेडकर जयंती मनाता है, जिसमें न सिर्फ बाबा साहब के जन्मदिन



बल्कि उनके विचारों और संघर्षों को भी याद किया जाता है। डॉ.अंबेडकर सिर्फ संविधान निर्माता ही नहीं थे, बल्कि वे एक समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और प्रेरणादायक व्यक्तित्व थे। जिन्होंने हमें सोचने का नया नजरिया दिया। उनका सपना था ÷ऐसा भारत जहां हर व्यक्ति को समान अधिकार मिले, चाहे वह किसी भी जाति धर्म या वर्ग का हो। अंबेडकर जयंती हमें याद दिलाती है कि हमें समाज में समानता और न्याय के लिए लगातार प्रयास करते रहना चाहिए। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष मिहीलाल, चैन सिंह ठाकुर, शारदा खटीक, शिव प्रसाद लारिया,डॉ.परशुराम,विवेक सक्सेना, राजा रिछारिया, निशांत आठिया, महेंद्र ठाकुर, कमलेश पटेल, मधुकर जाटव, बाबूलाल रोहित, भागीरथ अहिरवार, पुरुषोत्तम अहिरवार, गंगाराम ठेकेदार, जगराज जाटव, विक्की बाथरे, पप्पू बंसल सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नगरवासी मौजूद रहे।विधायक लारिया ने भगवानगंज चौराहा, सागर पहुंचकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

---

**आयोजन** कोरी समाज उत्थान संगठन के तीसरे स्थापना दिवस पर जिलेभर से एकजुट हुऐ सामाजिक बंधु

# वीरांगना झलकारी बाई के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज विकास के रास्ते पर अग्रसर रहेः लारिया

सत्ता सुधार ■ सागर

सोमवार को बाघराज मंदिर प्रांगण में कोरी समाज उत्थान संगठन, जिला सागर द्वारा आयोजित तृतीय स्थापना दिवस में नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया बतौर अतिथि शामिल हुऐ।कार्यक्रम में सागर विधायक शैलेंद्र जैन,पूर्व मंत्री नारायण कबीरपंथी,मोहनलाल कोरी, कुलगुरु क्रांति पूर्व टंट्या भील वि.वि.खरगोन एवं ठाकुर दास कोरी, अध्यक्ष,कोरी समाज की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

सर्वप्रथम अतिथियों ने भगवान बौद्ध ,सद्गुरु कबीर साहब, वीरांगना झलकारी बाई एवं भारत रत्न बाबा साहेब के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर विधायक लारिया ने कहा कि कोरी समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। आज आवश्यकता है कि वीरांगना झलकारी बाई के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज विकास के मार्ग पर अग्रसर रहे।



यह संगठन निश्चित रूप से समाज में विकास की धारा प्रवाहित करने एवं समाज को एकता के अटूट बंधन में बांधने का काम करेगा। आज हम सभी संगठन के तीसरे वर्षगांठ एवं वार्षिक उत्सव में शामिल हुए हैं। इन तीन वर्षों में संगठन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कदम बढ़ाया है। संगठन द्वारा निन्शुल्क महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से सैकड़ों महिलाएं प्रशिक्षण पाकर आर्थिक रूप से सशक्त हुई है। संगठन द्वारा कम्प्यूटर - सीपीसीटी सेंटर निन्शुल्क संचालित कर युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है,जो अनुकरणीय पहल है।

उन्होंने उपस्थित युवाओं का आह्वान करते हुए शिक्षित बनो, संगठित रहो का सकारात्मक संदेश दिया। उन्होंने आगे कहा कि 3 वर्ष के कार्यकाल में इस संगठन ने इतना बड़ा रूप लिया।बहुत सामाजिक सदस्यों को इससे जोड़ा।उनकी एकजुटता ही इस संगठन की ताकत है। यह संगठन की विचारधारा, कार्य पद्धति और कार्य कुशलता का परिणाम है।इस अवसर पर परमानंद कोरी,भगवानदास कोरी, सी.एल. कोरी,एम.एल.कोरी, कोषाध्यक्ष कुंजीलाल सहित जिलेभर से कोरी समाज के स्वजातीय बंधु एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति कार्यक्रम में उपस्थिति रहीं।

---

# गांव चलो बस्ती चलो अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ

**बीना/सागर।** भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत आज ग्राम गुलऊ आ नौगांव मुश्याबदा रामपुर शक्ति केंद्र पर कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम में शक्ति केंद्र के प्रभारी देवेंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं को बूथ चलो अभियान की



समीक्षा की कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि संतोष ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रत्येक योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनमानस तक पहुंचना चाहिए। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राकेश सेन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सतत संपर्क से ही संबंध स्थापित करती है,जब हम प्रत्येक कार्यकर्ता से मिलेंगे तो हमें उनका भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति अब गत करने का मौका मिलेगा कार्यक्रम में पूर्व सरपंच रामकृष्ण यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश विकास भूमिका तय कर रही है।कार्यक्रम में गोलू चौहान सुभाष कुशवाहा तिलक सिंह ठाकुर प्रेम सिंह ठाकुर विश्वनाथ ठाकुर रामकुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे संचालन नवीन चंदेल ने किया।

## ब्रीफ न्यूज

### पीएसएल में विंस ने लगाया तीसरा सबसे तेज शतक, इनाम में मिला हेयर ड्रायर

**कराची।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में शतक लगाने पर एक खिलाड़ी को इनाम में हेयर ड्रायर मिला है जिससे देखकर सभी हैरान हो गये। कराची के नेशनल स्टेडियम में कराची किंग्स और मुल्तान सुल्तान्स के बीच मैच में अपनी शानदार पारी के लिए बल्लेबाज जेम्स विंस को हेयर ड्रायर मिला है। विंस को मैच के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी के तौर पर ये हेयर ड्रायर इनाम में मिला। इस इनाम को देखकर विंस भी हंसने लगे। विंस ने इस मैच में 43 गेंदों पर ही शतक लगा दिया। इस क्रिकेटर ने 14 चौके और चार छक्के लगाकर 101 रन बनाये। विंस की इस पारी के बल पर कराची किंग्स ने 236 रनों का लक्ष्य छह विकेट पर ही हासिल कर लिया। विंस ने 42 गेंदों पर ही शतक लगाया। ये पीएसएल इतिहास में तीसरा सबसे तेज शतक है। पीएसएल में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड उस्मान खान के नाम पर हैं, जिन्होंने 2023 के सत्र में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के खिलाफ 36 गेंदों पर ही शतक लगा दिया था।

### नई गेंद बनी दिल्ली की हार का कारण : सिद्धू

**नई दिल्ली।** आईपीएल में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबले में दिल्ली जीत के करीब पहुंचकर भी हार गयी। इस मैच में मुम्बई ने नई गेंद मंगवाई जिससे मुकाबला पलट गया। पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि मैच में मुम्बई के नई गेंद लेने से करुण आउट हुए जिससे मुम्बई की टीम मैच में वापसी में सफल रही। मैच के 14वें ओवर में गेंद बदली गयी। जिसके बाद करुण नायर 89 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। दिल्ली को जीत के लिए 56 गेंदों में 70 रन चाहिए थे पर करुण के बाद केएल राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स और कप्तान अक्षर पटेल रन नहीं बना पाये। सिद्धू के अलावा वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि गेंद का बदलना दिल्ली के लिए नुकसानदेह रहा। सहवाग वे कहा, ÷ गेंद का बदलना दिल्ली पर भारी पड़ गया। हर बार आपको आशुतोष शर्मा मैच नहीं जिता सकते। आज किसी और का दिन था। गेंद बदलने के बाद ही राहुल, स्टब्स ने अपने विकेट गंवा दिये। इस मैच में मुंबई इंडियंस के इंपैक्ट खिलाड़ी कर्ण शर्मा ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिये।

### करुण और बुमराह में हुआ विवाद

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच यहां हुए आईपीएल मैच में करुण नायर और जसप्रीत बुमराह के बीच विवाद हो गया। इस मैच में करुण ने 89 रन बनाये। बल्लेबाजी के दौरान करुण ने बूमराह की जमकर पिटाई की और उनके एक ही ओवर में 18 रन बना दिये। इसके बाद बुमराह, करुण पर भड़क गये। ये मामला तब का है जब करुण ने अपना अर्धशतक पूरा किया। उसी दौरान दोनों ही आपस में टकरा गए थे।बुमराह की अंतिम गेंद पर करुण ने दो रन लिए और अर्धशतक लगाया जब वह दूसरा रन लेने के लिए दौड़ रहे थे।



कतर में मोटो जीजी रेस में जीत के बाद डुकाटी लेनेवो के मार्क मार्कवीज ट्रॉफी के साथ पोडियम में जश्न मनाते हुए।

# एआईएफएफ ने एशियाई कप 2031 के लिए बोली लगायी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एएफसी एशियाई कप 2031 की मेजबानी के लिए बोली लगायी है। भारत सहित टूर्नामेंट के सात देशों ने इस टूर्नामेंट के लिए बोली लगायी है। इसमें एक संयुक्त बोली भी है। कुआलालंपुर में एएफसी कार्यकारी समिति की बैठक में एएफसी अध्यक्ष शेख सलमान बिन इब्राहिम ने कहा है कि 27 नवंबर 2024 को सदस्य संघों को भेजे गए निमंत्रण के बाद एक संयुक्त बोली सहित 7 बोलियां मिली हैं। इब्राहिम ने कहा है कि भारत के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात और




कीर्गिस्तान ने भी बोली पेश की है। वहीं ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने संयुक्त बोली लगायी है। सलमान ने कहा कि जिस प्रकार से टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए कई देशों के फुटबॉल संघ आगे आये हैं। उससे पता चलता है कि ये टूर्नामेंट आगे बढ़ रहा है। कतर में 2023 सत्र में मुकाबले देखने भारी तादाद में लोग पहुंचे थे। वहीं बोली लगाने वाले सभी संघों के साथ ही एएफसी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सलाह कर मेजबानी का फैसला करेगा। इस बातचीत के लिए अप्रैल माह के अंत में एक कार्यशाला भी रखी जाएगी।

# रोहित का लगातार रन नहीं बना पाना चिन्ताजनक : मांजरेकर

## मांजरेकर ने कहा, 'रोहित शर्मा एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जिससे साफ है कि वह पहले वाले रोहित नहीं रहे

**एजेंसी ■ अहमदाबाद**

पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा है कि आगामी भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा लगातार रन नहीं बना पाना चिन्ताजनक हैं। भारतीय टीम आईपीएल के बाद इंग्लैंड दौरे पर भी जाना है उसको देखते हुए रोहित का फार्म हासिल करना जरुरी है। मांजरेकर ने कहा कि टेस्ट ओर टी20 प्रारुप अलग होता है पर इसके बाद भी रन बनने से खिलाड़ी की लय बनी रहती है और उसका मनोबला बढ़ा हुआ रहता है। मांजरकेर ने कहा कि रोहित आईपीएल में भी अब तक रन नहीं बना पाये हैं। इससे साफ है कि अब हालात उनके नियंत्रण से बाहर होते जा रहे हैं। ऐसे में अब उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी ताकत लगाकर प्रयास करना होगा। हर सुबह अपना सब कुछ लगाना होगा तभी वह लय हासिल कर सकते हैं। वह आईपीएल के मैचों में सहज नहीं दिखे। मांजरेकर ने कहा, 'रोहित शर्मा एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जिससे साफ है कि वह पहले वाले रोहित नहीं रहे। अब वह अपने करियर के उस जगह पर हैं जहां उन्हें हर सुबह अपना सब कुछ लगाना होगा। कड़ी ट्रेनिंग करनी होगी और फिटनेस के सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंचना होगा तभी वह





कुछ कर पायें। वह अब भी अपनी नैसर्गिक प्रतिभा पर भरोसा कर रहे हैं जबकि अब वह नहीं रही। वहीं पिछले दो मैच में रोहित की टीम मुम्बई के प्रदर्शन का आंकलन करते हुए मांजरेकर ने कहा, ' इस टीम से खेल रहे दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी रेयान रिकेल्टन को भारतीय पिचों पर ढलने में समय लगेगा। साथ ही कहा कि एबी डिविलियर्स और हेनरिक क्लासेन को छोड़कर बहुत कम दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने भारतीय पिचों पर सफलता हासिल की है इसलिए हमें उन्हें समय देना होगा। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव, रोबिन मिंज और कुछ अन्य खिलाड़ियों के साथ मिलकर बल्लेबाजी क्रम बनाते हैं। हालांकि मुझे लगता है कि यह अब भी पूरी तरह से विश्वसनीय नहीं है और उनमें से बहुत से खिलाड़ी ऐसी पिचों पर निर्भर करते हैं जहां गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है। ऐसे में इन खिलाड़ियों को परेशानी आ सकती है।

### विश्व तीरंदाजी : भारत के धीरज को मिला कांस्य

**ऑबर्नडेल।** भारत के धीरज बोम्मदेवरा ने यहां हुई विश्वकप तीरंदाजी के चरण एक के व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में कांस्य पदक जीता है। वहीं इस टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम को भी रजत पदक मिला है। इसके अलावा मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक मिला था। इस प्रकार भारत को इस टूर्नामेंट में कुल मिलाकर चार पदक मिले हैं।

धीरज ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मैच में 2-4 से पीछे होने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्पेन के एंड्रेस टेमिनो मेडिएल को पांच सेट के मुकाबले में 6-4 से हराया। धीरज को हालांकि सेमीफाइनल में विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी जर्मनी के फ्लोरियन उनरुह से 1-7 से हार का सामना करना पड़ा। धीरज , तरूणदीप राय और अतनु दास के साथ टीम स्पर्धा के फाइनल में चीन से 1-5 से हारे थे जिससे भारत को रजत पदक ही मिल पाया था। वहीं इससे पहले भारत को मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्ध में कांस्य पदक मिला था।

# गेंद बदलने के नियम का लाभ मुम्बई को मिला



**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

आईपीएल के इस सत्र में गेंद बदलने के नये नियम का लाभ मुम्बई इंडियंस को मिला है। नये नियम के तहत अब शाम के मैच में जो टीम दूसरी पारी में गेंदबाजी कर रही होती है, वह 11वें ओवर के बाद कभी भी गीली गेंद बदल सकती है जिससे ओस के कारण होने वाले गीलेपन से बचा जा सके। इस नियम से गेंदबाजों को लाभ हो रहा है। विशेष रुप से उस टीम को जो स्कोर का बचाव करती है। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में इस नियम का प्रभाव भी दिखा है। इस मैच में जैसे ही जसप्रीत बुमराह ने अक्षर पटेल का विकेट लिया। टीम ने गेंद बदलने का फैसला किया। गेंद बदलने के बाद स्पिनर कर्ण शर्मा और मिशेल सैंटनर की गेंदों को पिच से उछाल और टर्न मिलने लगा। इससे बल्लेबाज़ों के लिए बड़े शॉट खेलना कठिन हो गया। कर्ण ने पहले स्टब्स को और फिर केएल राहुल को अपना शिकार बनाया इन विकेटों के बाद दिल्ली कैपिटल्स की परेशनली बढ़ गयी और उसके बल्लेबाज के के बाद एक पेवेलियन लौटने लगे। मुम्बई ने सैंटनर को 18वां ओवर दिया। शुरुआत में दिल्ली के विपराज निगम ने दो चौके लगाये पर इसके बाद अगल गेंद सैंटनर ने धीमी फेंकी जिसपर निगम स्टंप हो गए। इसके बाद, बुमराह पर दो चौके जरूर लगे पर इसके बाद बल्लेबाजों के रन आउट होने से मामला बदला गया। प्लेयर ऑफ द मैच करन शर्मा ने कहा, गेंद बदलना मैच का सबसे अहम मोड़ रहा।

# आक्रामक पारी के बाद भी टीम को जीत नहीं दिला पाने से निराश हैं करुण



**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

बल्लेबाज करुण नायर की आक्रामक पारी के बाद भी दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। इस सत्र में ये दिल्ली की पहली हार है। इससे निराश करुण ने कहा कि अगर रन बनाने के बाद भी टीम नहीं जीतती है तो अच्छी पारी खेलने का भी कोई मतलब नहीं है। करुण ने इस मैच में 12 चौके और 5 छक्के की मदद से 40 गेंद में 89 रनों की पारी खेलकर शानदार वापसी की है। इससे पहले के मैचों में वह कुछ खास नहीं कर पाये थे। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने के बाद करुण को आईपीएल में अवसर मिला था। इस बल्लेबाज ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल इतिहास की सबसे अच्छी पारियों में से एक खेली। 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वह इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे थे। इस दौरान करुण ने जसप्रीत बुमराह तक की गेंदों पर भी जमकर स्ट्रोक खेले। करुण साल 2022 वह पहली बार आईपीएल में खेल रहे थे। करुण ने कहा, ÷हम मैच जीतने के लिए खेलते हैं, इसलिए मैं निराशा है क्योंकि हम चाहे कितना भी स्कोर करें अगर टीम नहीं जीतती है तो उसका कोई अर्थ नहीं है।



मैनचेस्टर में महिला एफए कप के सेमीफानल में खेलती हुई मैनचेस्टर सिट और मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीमें।

**योगदान** सराहनीय योगदान के लिए देश के सबसे बड़े सम्मान नाइटहुड से सम्मानित किया गया

# नाइटहुड से सम्मानित होने वाले 13 वें क्रिकेटर हैं एंडरसन

**एजेंसी ■ लंदन**

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जेम्स एंडरसन को खेल के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए देश के सबसे बड़े सम्मान नाइटहुड से सम्मानित किया गया है। एंडरसन इंग्लैंड की ओर से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। एंडरसन ने अपने करियर में कुल 188 टेस्ट मैच खेले हैं। ये किसी तेज गेंदबाज द्वारा खेले गए टेस्ट मैचों की सबसे ज्यादा संख्या है। एंडरसन 13वें क्रिकेटर हैं जो खेल में योगदान देने के लिए नाइटहुड उपाधि से सम्मानित हुए हैं। अब तक ये सम्मान सर विली हेमिंग्स (1954), सर डिक हार्टले÷ (1958), सर एडगर फ्राय (1959), सर वॉरेन बर्ड (1961), सर क्लाइव लॉयड (1983), सर इयान बॉथम (2007), सर ज्योफ बॉब÷ (1999),सर जॉन रिकेट्स (2007),सर ग्रांट लॉब (2012), सर जॉन टोर्रे (2015), सर ब्रायन लारा (2019), सर माइकल क्लार्क (2020)। एंडरसन



साल 2000 से यह सम्मान पाने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं। उनसे पहले इयान बॉथम (2007), बॉयकाट (2019), कुक (2019) और स्ट्रॉस (2019) को यह सम्मान मिला था। जेम्स एंडरसन ने अपना अंतिम टेस्ट मैच जुलाई 2024 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में खेला था। मई 2003 में यहीं पर एंडरसन ने जिम्बॉब्वे के खिलाफ डेब्यू किया था। एंडरसन ने साल 2015 से ही सीमित ओवरों में नहीं खेला है। इसके बाद भी वह एकदिवसीय में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने टी20 में भी 18 विकेट लिए हैं और उनके नाम कुल 991 विकेट हैं। एंडरसन के अलावा पांच अन्य लोगों के लिए भी नाइटहुड सम्मान मिला है।

### कोहली डिहाइड्रेशन से परेशान हुए

**जयपुर।** आईपीएल में यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली तेज गरमी के कारण परेशान दिखे। इस कारण बीच में मैच भी रोकना पड़ा। मैच में अचानक ही विराट ने राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन से धड़कन देखने को कहा। सैमसन इसके बाद विराट के पास पहुंचे। इसी बीच मेडिकल टीम भी मैदान पर आ गयी। ये टीम विराट के पास पहुंची और उनकी जांच की। इसमें पाया गया कि वह पानी की कमी से बेचैन हुए हैं। वहीं कमेंटेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि दोपहर की तपती गर्मी के कारण कोहली डिहाइड्रेशन का शिकार हो गए थे। उन्हें जल्दी हाइड्रेट किया गया, जिसके बाद वह फिर से खेलने लगे। उन्होंने खेल फिर से शुरू किया। विराट ने इस मैच में अर्धशतक लगाते ही एक अहम उपलब्धि हासिल कर ली। वह टी20 में 100 अर्धशतक लगाने वाले पहले एशियाई बल्लेबाज बन गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर टी20 क्रिकेट में 100 अर्धशतक लगाने वाले पहले क्रिकेटर हैं।

### धोनी अब संन्यास लेकर कमेंट्री करें : हेडन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में रहे मैथ्यू हेडन ने कहा है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी को अब संन्यास लेकर कमेंट्री करनी चाहिये। हेडन ने कहा कि धोनी अब अपने करियर के अंतिम चरण में हैं। इसलिए उन्हें वास्तविकता को स्वीकार करना चाहिये। आईपीएल के इस सत्र में धोनी का प्रदर्शन अब तक उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है और वह एक भी मैच में बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। धोनी बल्लेबाज के लिए निचले क्रम पर भी उतरते हैं। इसके पीछे का कारण कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने ये बताया है कि धोनी का शरीर अब पहले जैसा नहीं है।

दैनिक सत्ता सुधार

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075



सत्ता सुधार

गोरखपुर। रेलवे प्रशासन ने गर्मियों में यात्रियों की सहूलियत के लिए न्यू जलपाईगुड़ी-अयोध्या कैंट-न्यू जलपाईगुड़ी और गुवाहाटी-श्री गंगानगर-गुवाहाटी समर स्पेशल ट्रेनों को वाया गोरखपुर चलाने का निर्णय लिया है। अयोध्या कैंट से 19 मई से 30 जून तक प्रत्येक सोमवार को सात फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा।



### मोहन भागवत ने प्रदेश के पहले संघ भवन का किया उद्घाटन

# बोले- भारत हिंदू समाज का घर है और संघ जीवन

**सत्ता सुधार ■ कानपुर**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन मधुकर भागवत ने सोमवार को कारवालोनगर में नवनिर्मित प्रदेश के पहले संघ भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में संघ कार्यकर्ता मौजूद रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए समाज को कार्य करना होगा। भारत हिंदू समाज का घर है। संघ जीवन है। संघ का कार्य सबके जीवन में




सुचिता और करुणा लाना है। भागवत ने बाबा साहब को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हिंदू समाज को विषमता से बाहर लाने का काम किया। भागवत पांच दिन शहर में ही प्रवास करेंगे। अपनी इस यात्रा के दौरान वह क्षेत्र और कानपुर प्रांत से जुड़े प्रचारकों के साथ बैठक कर अक्टूबर में होने वाले संघ के शताब्दी वर्ष की कार्ययोजना तैयार करेंगे। इसे पूरे देश में अभियान के तौर पर लागू किया जाएगा।

#### प्रचारकों के साथ करेंगे बैठक

शाम को वह क्षेत्र, प्रांत, विभाग, जिला प्रचारकों के साथ बैठक कर सेवा, समरसता, पर्यावरण के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों पर भी चर्चा करेंगे। इसमें घर-घर तुलसी वितरण, प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाली हानियों पर भी बातचीत की जाएगी। वह 15 तथा 16 अप्रैल को संघ के छह आयाम में से एक सेवा विभाग के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद 15 को ही कोयला नगर और 16 को निराला नगर की शाखा में शामिल होने जाएंगे। 17 को संघ की प्रांत कार्यकारिणी के साथ संघ शताब्दी वर्ष में संघ पंच परिवर्तन को लेकर चर्चा की जाएगी।

#### राजस्थानी लाल पत्थरों से बना है संघ भवन

नवनिर्मित चार मंजिल संघ भवन में राजस्थान से लाए गए लाल पत्थरों का प्रयोग किया गया है। भवन की पेंटिंग गोबर मिश्रित विशेष पेंट से कराई गई है। भवन का मुख्य द्वार और चारदीवारी भी लाल पत्थर से बनाई गई है। भवन के बेसमेंट में पार्किंग के अलावा एक बड़ी लाइब्रेरी की स्थापना भी की गई है। यहां पर सभी हिंदू धर्मों, इतिहास को बताने वाले साहित्य और ज्ञानवर्धक पुस्तकें रखी गई हैं। भागवत ऐसे पहले सर संघ चालक हैं, जो उत्तर प्रदेश के किसी संघ भवन में पहली बार प्रवास कर रहे हैं। अभी तक जब भी उनका कानपुर या प्रदेश के किसी भी जिले में आना हुआ है, उनका प्रवास संघ कार्यालयों की जगह किसी अन्य स्थान पर ही रहा है। अभी तक प्रदेश में संघ की अपनी कोई ऐसी जगह नहीं थी।

## मुख्यमंत्री योगी ने कैबिनेट के साथ डॉ. आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

### माल्यार्पण कर उनके योगदान को किया याद

**सत्ता सुधार ■ कानपुर**

आंबेडकर जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की हजरतगंज स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया। आंबेडकर जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के हजरतगंज स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके योगदान को याद किया।

इस मौके पर उनके साथ उनकी कैबिनेट के सहयोगी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी ने डॉ. आंबेडकर के योगदान को याद करते हुए एक्स पर कहा कि सर्वसमावेशी, सर्वहितग्राही, उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से दीप्त, एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को समृद्ध करते भारतीय संविधान के शिल्पकार, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन! वे सच्चे अर्थों में भारत रत्न एवं लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला थे।



#### बुजुर्गों का सहारा बनेगा... 'डे केयर सेंटर', सीएम योगी करें लोकार्पण

**गोरखपुर।** सिविल लाइंस में नगर निगम की तरफ से ढाई करोड़ की लागत से डे केयर सेंटर का निर्माण कराया गया है। इस भवन में बुजर्गों के मनोरंजन के लिए किताबें, पेंटिंग के सामान, योग, ध्यान और काउंसिलिंग के अलावा चिकित्सकीय सुविधाएं भी मौजूद रहेंगी। नगर निगम की तरफ से सिविल लाइंस में बनवाए गए 'डे केयर सेंटर' का 19 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी लोकार्पण कर सकते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

#### हाइवा की चपेट में आकर दो युवकों की मौत

**सोनभद्र।** सोनभद्र के सिदहवां गांव में हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। आसपास के लोगों ने मृतकों की पहचान की। बताया जा रहा है कि युवक के घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोनभद्र में वाराणसी-शक्तिनगर हाइवे पर सिदहवां में सोमवार को हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार किशोर समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में दोनों के सिर में गंभीर चोट आई थीं। दोनों आपस में रिश्तेदार थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार, मकरा ग्राम पंचायत निवासी अंजनी भारती का पुत्र अंशू (14) सोमवार को मप्र के सिंगरौली जिले के शिवपहरी निवासी नीरज (18) के साथ बाइक से अनपरा की ओर आ रहा था। वह बैरपान के सिदहवा मोर्चानाला स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा ही था तभी तेल भराकर निकल रहे हाइवा ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

#### देवर ने की भाभी हत्या, शव बोरे में भरकर फेंका

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ के सरधना में गांव कालंदी के रजबहे में महिला का शव बोरे में बंद मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने महिला के देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुजफ्फरनगर जनपद के सिखेड़ा के गांव दौलतपुर की रहने वाली वृद्धा महिला की परिवार के देवर ने ही हत्या कर दी। हत्या करने के बाद हत्यारोपी देवर ने शव को बोरे में भरकर बाइक पर लादा और गांव बहादुरपुर के रजबहे में फेंक दिया। सोमवार की सुबह शव बोरे में बंद बहता हुआ जनपद मेरठ के थाना सरधना क्षेत्र के गांव कालंदी गांव के रजबाहे में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर मंसूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने देवर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सिखेड़ा क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी अविनाश पुत्र यशपाल ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसकी मां सरोज(65) 11 अप्रैल से लापता हो गई थी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका है। पुत्र की तहरीर पर थाने में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई थी।

### 16 अन्य मंदिरों पर भी होगी स्थापना

# राम मंदिर के गर्भगृह के मुख्य शिखर पर पूजन कर स्थापित किया कलश

### 18 महीने में तैयार होगी राम मंदिर की चार किलोमीटर लंबी सुरक्षा दीवार

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

अयोध्या के राम मंदिर के गर्भगृह के मुख्य शिखर पर कलश की स्थापना कर दी गई है। इसी तरह परिसर में बन रहे अन्य मंदिरों पर भी कलश रखा जाएगा। राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश स्थापना का काम शुरू कर दिया गया है। सतुआ संक्रांति के शुभ मुहूर्त पर राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह के मुख्य शिखर पर कलश पूजन विधि शुरू करके कलश स्थापित किया गया। तीन वैदिक आचार्यों ने कलश पूजन कराया।

राम मंदिर समेत जन्मभूमि परिसर में बन रहे अन्य 16 मंदिरों के शिखर पर भी अब कलश स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जैसे-जैसे मंदिर के शिखर तैयार होते जाएंगे, उन पर कलश भी स्थापित होता जाएगा। राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने सोमवार को बताया कि राम मंदिर के संपूर्ण परिसर में भवन निर्माण



समिति की ओर से किए जा रहे काम छह महीने में समापन की तरफ बढ़ रहे हैं। तीन आवश्यक कार्य ऐसे हैं, जिनको शुरू किया जाना अति आवश्यक है। इसके अलावा किसी भी तरीके के नए निर्माण का काम नहीं किया जाएगा। प्रमुख रूप से तत्काल सुरक्षा की दृष्टि से दीवार का निर्माण होना है, जो लगभग चार किलोमीटर लंबी है और इसे 18 महीने में तैयार किया जाएगा। इसका निर्माण इंजीनियर इंडिया लिमिटेड की ओर से किया जाएगा। राम मंदिर की सुरक्षा दीवार के लिए ऊंचाई और उसके स्वरूप को लेकर अंतिम निर्णय ले लिया गया है। मिट्टी के सॉइल टेस्ट के साथ ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष ने बताया कि राम मंदिर में यात्री सुविधा केंद्र की क्षमता बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। इसको लेकर राम मंदिर परिसर में 10 एकड़ भूमि पर शू रैक और 62 काउंटर बनाए जा रहे हैं। इसमें यात्री अपनी सुविधा से सामान रख सकेंगे। राम मंदिर परिसर में 10 एकड़ पर साधना स्थल या यूं कहा जाए कि एक पार्क बनाया जा रहा है। इसका धार्मिक गतिविधि में इस्तेमाल किया जाएगा। इस पार्क में रामभक्त अपने आराध्य का पूजन अर्चन राम जन्मभूमि परिसर में कर सकेंगे।

#### मिट्टी वितरित किए जाने को लेकर दिया बयान

राम मंदिर परिसर में रामभक्तों को मिट्टी वितरित किए जाने को लेकर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष ने खंडन करते हुए बताया कि 10 एकड़ भूमि जहां पर साधना स्थल या पार्क बनाया जाएगा, उस स्थल पर पटाई की आवश्यकता और वहीं पर मिट्टी का प्रयोग किया जाता है। जन्मभूमि की मिट्टी पूजनीय है और हम नहीं चाहते कि हमारी और राम भक्तों की आस्था को किसी तरीके की ठेस पहुंचे। इसलिए हम रामजन्म भूमि परिसर में ही इस मिट्टी का उपयोग करेंगे।

इसके साथ ही इस पार्क को कुबेर टीला स्थित पार्क से मिलाया जाएगा ताकि दोनों स्थलों पर हरियाली बनी रहे।

## ग्वालियर में मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए छात्रों की पहली पसंद वरदानी क्लासेस

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

ग्वालियर के शैक्षणिक परिदृश्य में वर्धानी क्लासेस एक भरोसेमंद और लोकप्रिय नाम बन चुका है। संस्थापक एवं सीईओ डॉ. करण वर्धानी के मार्गदर्शन में यह संस्थान NEET और IIT-JEE जैसी कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रभावशाली तैयारी करवाता है।संस्थान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां सिर्फ पढ़ाई नहीं, बल्कि छात्रों की सोच, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को भी मज़बूत किया जाता है। 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए यह संस्थान फाउंडेशन कोर्स के साथ-साथ बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक समग्र तैयारी कराता है।



डॉ. करण वर्धानी
निर्देशक, वर्धानी बायोलॉजी क्लासेज




# संभल में रामभद्राचार्य बोले- हम किसी से उलझेंगे नहीं..कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे नहीं

- जहां मंदिर उसे अब लेकर रहेंगे
- संभल में कथा सुनाते जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज

**सत्ता सुधार ■ संभल**

संभल में श्रीरामकथा के दौरान रामभद्राचार्य जी ने चौपाइयों और भजनों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म की रक्षा के लिए सब कुछ समर्पित होना चाहिए। अब मंदिरों को लेकर कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा - हम किसी को नहीं छेड़ेंगे, लेकिन अगर कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे नहीं, अब हिंदू जाग चुका है। संभल जिले के बहजोई में आयोजित श्रीरामकथा में जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य जी महाराज ने चौपाइयां सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने हिंदुत्व पर अपनी बात रखते हुए श्रोताओं में जोश भर दिया। उन्होंने कहा कि हम हिंदू हैं, तो हिंदू धर्म की रक्षा के लिए पूरी तरह से प्राण समर्पित होने चाहिए। वह बोले, जहां-जहां मंदिर हैं, वह तो हम ले ही लेंगे। इसमें कोई समझौता नहीं होगा। भगवान श्रीराम की कृपा हुई और वक्फ बोर्ड का मामला पास हुआ। जगद्गुरु ने भजन के माध्यम से कहा कि भूलकर भी किसी को न छेड़ेंगे हम, और छेड़ने पर किसी को न छोड़ेंगे हम। अब हिंदू नहीं, सोचेगा। संभल कल्कि भगवान की धरती है। यहां भगवान कल्कि का अवतार होना है।



#### हनुमान जी जैसा सेवक मिला

जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य जी महाराज ने कहा कि श्रीराम राष्ट्र नायक इसलिए बने कि उन्हें हनुमान जैसा पूरी तरह से समर्पित सेवक मिला। वीर हनुमान रामावतार में श्रीराम के दूत व पुत्र बने और कृष्णावतार में कृष्ण जी के मित्र। रविवार को हुए आयोजन में आयोजकों ने हीरादेवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज में पहुंचने पर रामभद्राचार्य जी महाराज के चरण छूकर व माला पहनाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद वेद मंत्र हुए। मंच पर विराजित जगद्गुरु के मुख से निकली मंगल भवन, अमंगल हारी व सीताराम हनुमान आदि चौपाइयां सुनकर श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए।

#### कन्हैया बने सारथी

जगद्गुरु वीर हनुमान के प्रसंग सुनाते हुए कहा कि वीर हनुमान भगवान राम के पुत्र व कन्हैया के मित्र हैं। कन्हैया जी ने महाभारत में हनुमान को अर्जुन के रथ पर लगे ध्वज पर बैठाया और स्वयं सारथी बनकर नीचे रथ पर बैठे। वह बोले, श्रीराम राष्ट्र नायक बने। वह इसलिए कि श्रीराम को हनुमान जैसा पूरी तरह से समर्पित सेवक मिला। वीर हनुमान रामावतार में श्रीराम के दूत व पुत्र बने और कृष्णावतार में कृष्ण जी के मित्र। इसी प्रकार जैसे कन्हैया ने दो माताएं बनाईं। देवकी व यशोदा।

#### संभल में कथा से पहले हवन

उसी प्रकार हनुमान ने भी दो माताएं बताईं। अंजना व सीता। वहीं, कन्हैया ने दो पिता बनाए। वासुदेव व नंदबाबा। उसी प्रकार हनुमान ने दो पिता बनाए। पवन व केसरी। इस बीच वीर हनुमान का प्रसंग सुनकर श्रोता दोनों हाथों से तालियां बजाकर जय-जयकार कर रहे थे। इसके बाद भगवान श्रीराम की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इससे पहले आयोजकों में सेवानिवृत डीआईजी शिवकुमार वार्ष्णेय, तीरथ वार्ष्णेय, गोविंद इलैक्ट्रॉनिक्स, सचिन कुमार नन्हा, टिंकू सेठ, नीटू कठैरिया व अनुज कुमार हिटलर रहे।

#### आंबेडकर जयंती पर अखिलेश बोले-देश संविधान से चलना चाहिए

**कानपुर।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके साथ उन्होंने संविधान पर हमले की बात दोहराई। आंबेडकर जयंती के मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर लगी बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान ही हमारा रक्षक है। समाज के निचले और कमजोर तबके की रक्षा संविधान ही करेगा।





### मिथिला नववर्ष व मिथिला वैभव गाथा पुस्तक विमोचन समारोह अनुज कुमार झा बोले-

# महाकवि विद्यापति ने तीन भाषाओं में किया साहित्य सृजन




**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

मिथिला मंच, लखनऊ के तत्वावधान में मिथिला नववर्ष तथा मिथिला वैभव गाथा पुस्तक विमोचन समारोह उद्यान निदेशालय के सभागार में मुख्य अतिथि अनुज कुमार झा सचिव नगर विकास तथा निदेशक सूडा एवं स्थानीय निकाय, लखनऊ, विशिष्ट अतिथि पी के ठाकुर ज्वाइंट डायरेक्टर वस्त्र विभाग ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में मिथिला गौरव सम्मान से केजीएमयू में चिकित्सा अध्ययन रत युवा को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार तथा संपादक सुरेन्द्र अग्निहोत्री द्वारा संपादित ÷मिथिला गौरव गाथा÷ पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि अनुज कुमार झा,पी के ठाकुर, सुरेन्द्र अग्निहोत्री, संचालन कर रहे वरिष्ठ कथाकार मुक्ति नाथ झा, मिथिला मंच के अध्यक्ष जितेंद्र झा, शिव शंकर द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनुज कुमार झा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें गौरव प्राप्त है कि हमारे पूर्वज महाकवि विद्यापति को बंगला भाषी, हिन्दी भाषी और मैथिली भाषी अपना आदि कवि मानते हैं। तीन -तीन भाषाओं में अद्वितीय साहित्य सृजन किया गया है।आज जब लोक भाषा विलुप्त हो रही है तब पूरे कार्यक्रम का संचालन मैथिली में करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। मेथिल समाज की समृद्ध संस्कृति और खानपान को प्रचारित करने की जरूरत है। मैथिली वैभव गाथा पुस्तक निश्चित ही महत्वपूर्ण रहेगी। मंच के अध्यक्ष जितेंद्र झा ने स्वागत भाषण में मंच की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।मेथिली संस्कृति की झलक के रूप में ज्योति झा, सलोनी झा, अयोध्या से आए लव कुश ने राम कथा का गायन किया। कवियों ने शानदार प्रदर्शन किया।अंत में निमेश ठाकुर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन मुक्ति नाथ झा ने किया।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव द्वारा करुणा प्रिन्टर्स महाडिक् साहब के बाड़े के पास, निम्बालकर की गोठ नं. 2 कम्पू लश्कर, ग्वालियर से मुद्रित एवं सिद्धेश्वर नगर आईटीआई कॉलेज के पास झांसी से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. यूपीएचआईएन/2007/22048 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट ।शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।